आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

अब ट्रेन पर पत्थर फेंकने वालों की खैर नहीं

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 02 दिसंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 51

www.janexpresslive.com/epaper

'पूजा स्थलों पर हमला सभ्यतागत विरासत... 12

## संभल एसपी ने न्यायिक आयोग को बताया हिंसा का सीन, कहा

# भीड़ सामने से पथराव कर रही थी गाड़ियां जलाईं, छतों से पत्थर फेंके

जन एक्सप्रेस। संभल

संभल हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग की टीम रविवार को जामा मस्जिद पहुंच गई है। 3 मेंबर्स की टीम में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस डीके अरोड़ा, यूपी के पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन और रिटायर्ड प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद हैं। अमित मोहन नहीं पहुंच पाए। टीम ने सबसे पहले हिंसा प्रभावित जामा मस्जिद के बाहर का निरीक्षण किया और फिर मस्जिद के अंदर गई। एसपी कृष्ण विश्नोई ने टीम को ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर के दिन किन घरों से पथराव हुआ और कहां से हिंसा की शुरुआत हुई। कमिश्नर, डीआईजी और डीएम भी साथ हैं। शनिवार को शाही जामा मस्जिद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने चंदौसी कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने कहा- यहां प्राचीन इमारत और पुरातत्व अवशेषों के संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन किया गया। मस्जिद के बाहर सीढ़ियों पर जो निर्माण करवाया गया है, उसके खिलाफ पहले से एफआईआर दर्ज है।



### दो माह चलेगी जांच.. तह तक पहुचेंगे: न्यायिक आयोग

आयोग की टीम सबसे पहले जामा मस्जिद इलाके में पहुंची। टीम ने मस्जिद के बाहर और अंदर की स्थिति का लगभग तीन मिनट तक जायजा लिया। एसपी कृष्ण विश्नोई ने टीम को बताया कि कोर्टगर्वी से शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे बवाल में बदल गया। मस्जिद के पास मौजूद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे हालात बेकाबू हो गए। एसपी ने बताया कि हिंसा के दौरान वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और पुलिस टीम पर हमला किया गया। टीम ने मस्जिद के अंदर जाकर स्थिति को बारीकी से देखा। निरीक्षण के दौरान टीम ने हिंसा के मुख्य स्थानों की पहचान की और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में आयोग ने स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से बातचीत की। दुकानदारों ने बताया कि पथराव के दौरान उन्होंने अपनी दुकानें बंद कर दी थीं और वहां से चले गए थे। टीम ने हिंसा के दिन की घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जामा मस्जिद के निरीक्षण के बाद आयोग की टीम नखासा चौराहा पहुंची। यहां हिंसा और पथराव की वारदात हुई थी।

### 'आयोग ने हमसे जो सवाल पूछे, उनके जवाब दिए'

मुरादाबाद कमिश्नर ऑन्जनेय सिंह ने कहा-जांच आयोग के अध्यक्ष और सदस्य ने हिंसा प्रभावित इलाके का दौरा किया। लोगों से बात की। उन्होंने हमसे जो भी सवाल पूछे, हमने उनका जवाब दिया। उस क्षेत्र का भी निरीक्षण किया जहां सबसे अधिक गड़बड़ी हुई थी। उन्होंने ढांचे का भी दौरा किया। नुकसान का मूल्यांकन किया गया है। इसकी समीक्षा चल रही है। मुरादाबाद मंडल आयुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा- आज न्यायिक जांच कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र अरोड़ा और एके जैन पहुंचे थे। टीम ने हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा किया। इस दौरान जो भी लोग दिखाई दिए उनसे बातचीत की। मृतक के परिजनों से अभी कोई बात नहीं की गई। जांच टीम सिर्फ घटनास्थल का विजिट करने आई थी। न्यायिक आयोग की टीम को संभल एसपी कृष्ण विश्नोई ने बताया- बाइक खड़ी थी। भीड़ सामने से पत्थर चला रही थी। हम लोग समझाने का प्रयास कर रहे थे, तब तक भीड़ ने बाइक में आग लगा दी। मेरी टीम यहां पर खड़ी थी तभी उन लोगों ने हमला कर दिया।

### आज कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जाएगा संभल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, संभल की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। आज हमारा प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा और वहां जाकर हम वातावरण को देखेंगे। सरकार ने जानबूझकर यह कराया है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा, उपचुनाव में करारी हार के बाद पूरी तरह से निराश और बौखलाए हैं। राजनीतिक आधार खोने के बाद अब सपा ने प्रदेश में अशांति फैलाने और अराजकता पैदा करने की साजिशें शुरू कर दी हैं। संभल में हुआ दंगा सपा की इसी साजिश का हिस्सा है। जिसके असली सूत्रधार और 'फर्जी पीडीए' के संचालक स्वयं अखिलेश यादव हैं। अपनी चुनावी विफलता छुपाने के लिए इस तरह के प्रयास कर प्रदेश की प्रगति को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन सपाई गुंडों और दंगाई तत्वों को यह समझ लेना चाहिए कि उनकी चालें अब सफल नहीं होंगी। अराजकता फैलाने वालों के लिए यहां कोई स्थान नहीं है।

### संभल बवाल के तीन नए वीडियो सामने आए

संभल बवाल के तीन नए वीडियो सामने आए हैं। इनमें कुछ लोग भीड़ को भड़काते दिख रहे तो कुछ लोग पथराव करते। पुलिस की साइबर सेल ने तीनों वीडियो की जांच शुरू कर दी है। इस वीडियो के जरिए भीड़ को उकसाने वालों के चेहरे बेनकाब होने की उम्मीद है। इसके अलावा कुछ और पत्थबाजों के पोस्टर भी जारी किए जाएंगे। 24 नवंबर को संभल जामा मस्जिद का सर्वे के दौरान उग्र भीड़ ने पथराव कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया गया था। इस दौरान पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसमें से चार लोगों के शवों का ही पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें गोली लगने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद से पुलिस उपद्रवियों की तलाश में जुटी है। महिला महिला समेत 30 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। जिन लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। उनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। शनिवार को बवाल से संबंधित तीन नए वीडियो सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों का दावा है कि इन वीडियो में कुछ लोग पुलिस को भड़काते हुए दिख रहे हैं जबकि कुछ लोग पथराव कर रहे हैं। पुलिस की साइबर सेल ने इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### वीडियो में दिख रहे हैं भीड़ को उकसाने वाले लोग: पुलिस

24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के शनिवार को पुलिस की ओर से जारी एक वीडियो में दावा किया गया है कि कुछ युवा पुलिस को ललकारने के साथ ही भीड़ को उकसा रहे हैं। वीडियो में कई वह चेहरे स्पष्ट दिख रहे हैं, जिन्होंने बवाल कराने का काम किया है। यह वीडियो जामा मस्जिद के नजदीक लगे एक सीसीटीवी कैमरे में रविवार की सुबह 8.55 बजे का है। वीडियो में कुछ युवा हैं जो भीड़ को पीछे से आगे बुला रहे हैं और धक्का देकर आगे भेज रहे हैं।

### बवाल के दौरान फूंके गए वाहनों का आकलन पूरा

बवाल के दौरान जो वाहन फूंके गए हैं उनका आकलन परिवहन विभाग द्वारा कर लिया गया है। चार कार और पांच बाइक को उपद्रवियों को जलाया गया और तोड़ा गया। परिवहन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 20 लाखा 21 हजार रुपये की क्षति की गई है। इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। उसके आधार पर वसूली की कार्रवाई शुरू होगी। वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग द्वारा अन्य नुकसान का आकलन नहीं किया गया है। एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आकलन रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट किया जाएगा कि कितना नुकसान हुआ है। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जल्द ही रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं।

### बिजली विभाग तार जलाने में दर्ज कराएगा रिपोर्ट

बिजली विभाग ने जामा मस्जिद के नजदीक तार जलने का आकलन कर लिया है। आगजनी से दो लाख रुपये कीमत का तार जला है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दे दी है। इस नुकसान की भरपाई भी प्रशासन उपद्रवियों से ही करेगा। एसडीओ शहर संतोष त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को उपद्रवियों ने वाहनों में आग लगाई थी। इससे तारों में आग लग गई थी। आकलन कराया गया तो करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

## गायों के हिस्से का चारा, चोकर, भूसा

# भ्रष्ट सरकारी तंत्र के पेट में जा रहा

*मामला मोहनलालगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुजौली का है, जहां के गो आश्रय केंद्र में पहुंचने वाले हरा चारा, चूनी, चोकर व भूसे की 80 हजार रुपये की कमीशनबाजी को लेकर प्रधान, सचिव व आपूर्तिकर्ता में फोन पर ही बहस हो गई*

- इसके बाद एक पक्ष ने पूरी बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया
- मोहनलालगंज के बीडीओ आशुतोष के अनुसार वायरल ऑडियो सुनने के बाद सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया गया है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गायों के हिस्से का चारा, चोकर, भूसा भ्रष्ट सरकारी तंत्र के पेट में जा रहा है। मामले का खुलासा प्रधान, सचिव व आपूर्तिकर्ता की बहस के एक वायरल ऑडियो के जरिए हुआ है। जन एक्सप्रेस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। लेकिन अगर तथ्य सही हैं तो मामला बहुत गंभीर है। इस संबंध में मोहनलालगंज के बीडीओ आशुतोष के अनुसार वायरल ऑडियो सुनने के बाद सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। मामले में सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मामला मोहनलालगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुजौली का है, जहां के गो आश्रय केंद्र में पहुंचने वाले हरा चारा, चूनी, चोकर व भूसे की 80 हजार रुपये की कमीशनबाजी को लेकर प्रधान, सचिव व आपूर्तिकर्ता में फोन पर ही बहस हो गई। इसके बाद एक पक्ष ने पूरी बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

### एक गाड़ी चारा 30 हजार का होता है, लेकिन 40 हजार देने की बात कही!

ऑडियो में कथित तौर पर सचिव चारा आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति को सजातीय होने का हवाला देते हुए चूनी, चोकर, हरे व सूखे चारे की आपूर्ति में बने 80 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। इसमें कहा, ठेका दिलाया लेकिन फिर भी कमीशन फंसा दिया। इसके बाद चारा आपूर्ति करने वाले व्यक्ति ने कथित प्रधान को फोन मिलाकर कमीशन फंसाने का आरोप लगाया। कथित ग्राम प्रधान ने कहा, एक गाड़ी चारा 30 हजार का होता है, लेकिन 40 हजार देने की बात कही।

### हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपये के फर्जी बिल लगाकर रकम का बंटवारा किया जा रहा

सूत्रों के अनुसार अगर जांच हो तो इलाके में बड़े चारा घोटाले का खुलासा हो सकता है। ग्राम पंचायत, ब्लॉक से लेकर जिले पर बैठे लोग बेनकाब हो सकते हैं। गो आश्रय केंद्रो तक चूनी चोकर पहुंचता ही नहीं। लेकिन हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपये के फर्जी बिल लगाकर रकम का बंटवारा किया जा रहा है।

### 'चारा आपूर्ति करने वाले इबरार से हमने कमीशन नहीं मांगा'

खुजौली के ग्राम पंचायत सचिव अकरम अंसारी के अनुसार चारा आपूर्ति करने वाले इबरार से कमीशन नहीं मांगा। पूर्व प्रधान ने इबरार को परेशान किया था। इसलिए अपने कार्यकाल में काम दिला दिया था।



### आज ईसी के फैसले पर सुनवाई करेगा कोर्ट, मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट आज एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करेगा, जिसमें चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दई गई है, जिसमें मतदान केंद्र पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने का फैसला लिया गया था। याचिका इंदू प्रकाश सिंह की ओर से दायर की गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच पीआईएल पर सुनवाई करेगी। इंदू प्रकाश ने अगस्त 2024 में चुनाव आयोग की ओर से जारी दो आदेशों को चुनौती दी है, जिनमें प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या को बढ़ाया गया है। याचिकाकर्ता का दावा है कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का फैसला मनमाना है और यह किसी आंकड़े पर आधारित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अक्तूबर को चुनाव आयोग को कोई नोटिस जारी करने से इनकार किया था। लेकिन याचिकाकर्ता को निर्देश दिया था कि वह चुनाव आयोग के वकील को यह याचिका की प्रति भेजे।

## पुल हादसा: मैप पर दिखाया 'मौत का रास्ता' बदायूं पुलिस ने गूगल को जारी किया नोटिस

जन एक्सप्रेस। बदायूं

बरेली जिले की सीमा से सटे बदायूं के दातागंज क्षेत्र में रामगंगा नदी पर बने अधूरे पुल के कारण हादसे के छह दिन बाद गूगल को नोटिस भेजा गया है। बदायूं पुलिस ने यह नोटिस भेजा है। इसमें गूगल के क्षेत्रीय अधिकारी का नाम पूछा गया है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि जब पुल अधूरा था तो गूगल मैप पर रास्ता सही क्यों दिखाया गया। पुलिस का कहना है कि नोटिस का जवाब मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### 24 नवंबर को हुई थी घटना

दातागंज से बरेली के फरीदपुर जाने वाले मार्ग पर मुड़ा गांव के पास में पुल बना हुआ है, जोकि अधूरा है। 24 नवंबर को कार सवार तीन लोग हादसे का शिकार हो गए थे। वह गूगल मैप के सहारे आगे चलते चले गए और पुल खत्म होते ही उनकी कार 20 फुट नीचे जा गिरी, जिससे तीनों लोगों की मौत हो गई थी।

### इनके खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

अधूरे पुल से कार गिरने के मामले में प्रशासन गूगल को भी दोषी माना है। इसके बाद अब गूगल मैप से इस रास्ते को हटा दिया गया है। इस मामले में दातागंज के नायब तहसीलदार छविराम ने सहायक अभियंता मोहम्मद आरिफ व अभिषेक कुमार, अवर अभियंता अजय गंगवार और महाराज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### गूगल के क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ भी शिकायत की गई

तहरीर में मैप पर गलत रास्ता दिखाने के लिए गूगल के क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ भी शिकायत की गई है। हालांकि, पुलिस ने मुकदमे में गूगल या उसके किसी अधिकारी को नामजद नहीं किया है। विवेचना में कुछ नाम बढ़ाए जा सकते हैं। हादसे के छह दिन बाद पुलिस ने गूगल को नोटिस जारी किया है। दातागंज कोतवाली के इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई ने बताया कि गूगल को नोटिस जारी किया गया है। पूछा गया है कि गूगल मैप के क्षेत्रीय अधिकारी का नाम बताए। जब रास्ता नहीं था तो मैप पर यह रास्ता क्यों दर्शाया गया था। नोटिस का जवाब मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सितंबर 2023 में बाढ़ आने पर फरीदपुर की ओर पुल का एप्रोच मार्ग बह गया था, तभी से इस पुल पर आवागमन बंद है। लोक निर्माण विभाग की ओर से वहां पर दीवार लगा दी गई थी। लेकिन, कुछ लोगों ने उस दीवार को तोड़ दिया था। गूगल मैप पर इस रास्ते को सही दिखाया जा रहा था। इसकी वजह से रविवार तड़के कार सवार तीन लोग हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद पुल पर आवागमन रोकने के लिए चार जगह बैरिकेडिंग कराई गई है।

## कंबोडिया से कौशाम्बी दर्शन करने आए बौद्ध धर्म के अनुयाइयों की बस दुर्घटनाग्रस्त, दर्जन भर घायल

जन एक्सप्रेस। कौशांबी



कोखराज में प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर ओवरटेक करने के चक्कर बौद्ध धर्म के अनुयाइयों की टूरिस्ट बस रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में दर्जन भर से अधिक बौद्ध पर्यटक घायल हो गए। हादसा दिन में करीब ढाई बजे हुआ। सभी घायल कंबोडिया के हैं और भारत भ्रमण के दौरान कौशाम्बी बौद्ध स्थल का दर्शन करने के लिए जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोखराज थाना क्षेत्र में दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण पर आए बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट गाड़ी नेशनल हाईवे पर चल रहे रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में दर्जन भर टूरिस्ट घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में इलाज कराया और अपनी गाड़ी से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। इस दौरान कोई भी श्रद्धालु गंभीर घायल नहीं हुआ। घटना कोखराज थाना के पास की नेशनल हाईवे की है, जहां दिल्ली से चलकर कौशाम्बी जिले के बौद्ध स्थलों के भ्रमण के लिए बौद्ध धर्म के श्रद्धालुओं का एक जत्था एक टूरिस्ट बस और एक टूरिस्ट गाड़ी से जा रहा था। जैसे ही वह कोखराज थाना के पास पहुंचे उनकी टूरिस्ट वैन एक रोड रोलर से टकरा गई। टक्कर से टूरिस्ट वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में अपने साधन से पहुंचाया। उनका इलाज कर उन्हें निजी साधन से कौशाम्बी बौद्ध स्थल के लिए रवाना कर दिया। घटना के संबंध में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि बौद्ध श्रद्धालुओं की एक टूरिस्ट वैन दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण के लिए आई थी। कोखराज थाना के पास वह रोड रोलर से टकरा गई।

# महाकुंभ की भव्यता देख दुनिया रह जाएगी दंग

## देश-विदेश में योगी सरकार करेगी प्रचार, महाकुंभ के महत्व को विदेशों तक पहुंचाना लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव का रिजल्ट आने के बाद अब बीजेपी का पूरा फोकस महाकुंभ को लेकर है। अगले साल होने जा रहे महाकुंभ की तैयारियों को लेकर योगी सरकार दमखम से जुट गई है। महाकुंभ की भव्यता को इस कदर नया रूप दिया जा रहा है कि यहां की संस्कृति, नृत्य कला और चित्रकला को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार देश के नामचीन शहरों के साथ-साथ विदेशों में भी महाकुंभ को लेकर प्रचार करेगी। रोड शो के जरिए जहां विदेशी सैलानियों को कुंभ के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी महाकुंभ के महाप्रचार की तैयारी है।



### 10 दिसंबर तक पूरा होगा अभियान

महाकुंभ के प्रचार के लिए योगी सरकार के मंत्री दिल्ली, मुंबई, जयपुर, गोवा, बेंगलुरु, कोलकाता, गुवाहाटी, देहरादून, भोपाल, इंदौर, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, पटना, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई और कई अन्य प्रमुख शहरों में रोड शो करके श्रद्धालुओं को महाकुंभ में आने का निमंत्रण देंगे वहीं विदेशी मेहमानों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने के लिए भी आमंत्रण दिया जाएगा। प्रचार-प्रसार का यह काम 10 दिसंबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

### अब वोट नहीं महाकुंभ की भव्यता के लिए रैली

योगी के मंत्री देश में जगह-जगह रोड शो करके जनता से वोट नही बल्कि अपनी सरकार के कार्यकाल में महाकुंभ के विस्तार के बारे में बखान करते नजर अएंगे। महाकुंभ की वर्ल्ड क्लार्स सुविधाओं के बारे में लोगों से बातचीत करेंगे। इसके साथ ही धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी प्रमोट किया जाएगा। रोड शो में शहरी क्षेत्रों के लोगों को विशेष रूप से लक्षित किया जाएगा, ताकि वे महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज आ सकें। यह अभियान न केवल भारत के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महाकुंभ के लिए प्रचारित होगा। यह अभियान महाकुंभ की प्रचार योजना का हिस्सा है, जिसमें योगी सरकार न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी महाकुंभ के महत्व को फैलाने का प्रयास करेगी।

### माननीयों को भी महाकुंभ का न्योता

योगी सरकार महाकुंभ की भव्यता से माननीयों को भी अवगत कराना चाहती है। इसके लिए महाकुंभ 2025 में देशभर के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया है। महाकुंभ को ऐतिहासिक आयोजन बनाने की मंशा को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है।

### सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार

योगी सरकार महाकुंभ के प्रचार के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का भी उपयोग करेगी। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, और यूट्यूब के माध्यम से लोगों तक महाकुंभ के बारे में जानकारी पहुंचाई जाएगी।

### हर बार हाईटैक हो रहा महाकुंभ

12 वर्ष में एक बार लगने वाला कुंभ मेला हर बार हाई टैक होता जा रहा है। इस मेले में लाखों की तादाद में श्रद्धालु डुबकी लगाने आते हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने से लेकर खाने-पीने, इलाज तक का बेहतरीन इंतजाम किया जाता है। पिछले कुंभ मेले की व्यवस्थाओं की चर्चा देश-दुनिया में हर जगह हुई थी। इस बार और भी खास इंतजाम किए गए हैं। ड्रोन, सीसीटीवी से लेकर अन्य तरह की हाईटेक व्यवस्थाएं सुरक्षा के लिहाज से की गई हैं।

### देश-दुनिया में यूपी की छवि सुधारने के लिए कवायद

महाकुंभ के जरिए योगी सरकार देश-दुनिया में प्रदेश की अलग पहचान स्थापित करने की तैयारी कर रही है। महाकुंभ में प्रमुख स्नान पर सबसे अधिक श्रद्धालुओं के स्नान, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, मेले की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग सहित अन्य नवाचार को अपनाकर रिकार्ड भी दर्ज कराना चाहती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लोडर ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर, मां बेटा सहित तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने भवुआ मजार के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार मां बेटा सहित लोडर चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मडोरा निवासी गुड्डी देवी अपने लड़के शिवम के साथ आटा क्षेत्र के पिपराया मायके आई हुई थी। रविवार की सुबह वह पुत्र के साथ बाइक से वापस आने गाँव जा रही थी। जैसे ही वह नेशनल हाइवे स्थित भभुआ मजार के पास पहुची। तभी पीछे से आ रही लोडर के चालक ने लापरवाही के चलते बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों वाहन हाईवे किनारे खंदक में चले गए, जबकि बाइक सवार माँ बेटा सड़क पर गिरकर खून से लथपथ हो गए। गनीमत यह रही कि शिवम हेलमेट लगाए हुए था। इससे उसकी जान बच गई, जबकि लोडर चालक को गम्भीर चोट आई। हादसे से मौके पर हड़कंप मचा गया और सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उठाकर एम्बुलेंस से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

### हाईवे पर नीलगाय से टकराई बाइक, मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक ग्राम कुकरगांव के पास नीलगाय से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोदहपुरा निवासी कृष्ण कुमार 42 वर्ष जालौन से ड्यूटी करके मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहे थे। तभी उनकी बाइक कुकरगांव के पास नीलगाय से टकरा गई। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनो ने मौजूद लोगों की मदद से उसे गम्भीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और मामले की खबर पुलिस को दी। खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक के पिता स्वर्गीय राम बिहारी लेखपाल पद पर तैनात थे। उनकी मृत्यु के बाद कृष्ण कुमार को नौकरी मिली थी और इस समय वह तहसील जालौन में तैनात था। बताया कि मृतक के चार बच्चे हैं और घटना के बाद से पत्नी सहित बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में आयोजित हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्या मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 69 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई। रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेले में शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया आदि की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ-शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। एक ही स्थान पर मिलने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। मेले के दौरान 69 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में अवधेश राजपूत, एलटी ज्ञानेंद्र, धनपत, हरीनारायण आदि ने सहयोग किया।

### सवारियां बैठाने को लेकर ऑटो चालकों में मारपीट

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर दो ऑटो चालकों के बीच मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी बिलाल व शहजादपुरा निवासी उत्तम सिंह ऑटो चलाने का काम करते हैं। रविवार की दोपहर देवनगर चौराहे पर ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों के बीच, गाली, गलौज व मारपीट शुरू हो गई। किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# एसओजी और कृषि विभाग की टीम ने नकली खाद फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

- भारी मात्रा में नकली खाद बरामद कर, 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**





जिले में एसओजी व कृषि विभाग टीम ने नकली खाद बनाने बाली फैक्ट्री पर की छापेमारी। जहां से टीम ने भारी मात्रा में नकली खाद बरामदकर 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिला कृषि अधिकारी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को जिले में नकली खाद बिचने की सूचना दी थी। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में नकली खाद बेचने व मिलावट कर खाद की बोरियां बनाने वालों को पकड़ने के लिए एसओजी की टीम को लगाया था। सर्विलांस की टीम भी इसमें काम कर रही थी। शनिवार को पूरे मामले का राजफाश हो सका। जिसमें नदीगांव में हरिमोहन अग्रवाल के निखिल खाद भंडार के नाम से प्राइवेट दुकान पर एसडीएम ज्योति सिंह, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, अपर जिला कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित ने एसओजी टीम ने छापेमारी की थी। उसके गोदाम से डीएपी की 104 बोरियां, डीएपी की 8000 खाली बोरियां बरामद की थीं। इसके अलावा टीम ने शहर के कोंच रोड स्थित सेक्रेट हार्ट सेंटनरी विद्यालय के सामने बने गोदाम से 224 बोरी डीएपी, वहीं खड़े ट्रक से 616 बोरी, दो पिकअप से 57 बोरी खाद बरामद की थी। इसके साथ ही नदीगांव में गोदाम को भी सील कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि नकली खाद बेचने, मिलावट करके बोरी बनाने और कमीशन पर मध्यस्थता करके किसानों को खाद बेचने में 10 लोगों को पकड़ा गया है।

जिनमें आदित्य राठौर निवासी मुहल्ला कटरा नदीगांव, गोविंद तिवारी पटेल नगर कोंच, धर्मेंद्र कुशवाहा मंडी गेट कोंच, अनुराग याज्ञिक पाठकपुरा उरई, विकास चतुर्वेदी पटेल नगर कोंच, रवींद्र कुमार इंदिरा नगर उरई, आकाश राजपूत निवासी बंधौली, जुल्फिकार बेहड़ी थाना चरथावल मुजफ्फरनगर, शिवम अग्रवाल मेन बाजार नदीगांव व मनीष खटीक मुहल्ला कटरा नदीगांव को आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। विशाल राजपूत गांधी नगर उरई व निखिल अग्रवाल निवासी नई बस्ती कोंच फरार हैं जिनको जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

छापेमारी के दौरान टीम को कुल एक हजार बोरी मिलावटी नकली खाद, नकली डीएपी बनाने वाली खाली रसायन की बोरियां, एक पैकिंग मशीन धागे सहित, 10 किग्रा के 20 बैग, दयाल रामबाण का जाईम 55 डिब्बा, मैट्रिक्स का माइक्रो न्यूट्रेंस पांच किग्रा बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम को डीएम राजेश कुमार पांडेय और उनकी ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जबकि एसपी ने अपनी ओर से एसओजी टीम को 15,000 का नगद पुरस्कार दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि यह कारोबार अभी नया-नया चल रहा थ। मुखबिर की सूचना पर इसके अभियुक्त को गिरफ्तार करके कारोबार बंदकर दिया गया।

## यातायात माह में 7,757 वाहनों का हुआ चालान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

यातायात माह नवम्बर में पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में 7,757 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 45 वाहनों को सीज करते हुए सात वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जब्त किए गए। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं जनपदीय नागरिक पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ 506 दो पहिया वाहनों का तीन सवारी बैठाकर यात्रा करने पर, 5016 वाहनों का बिना हेल्मिट यात्रा करने पर, 46 वाहनों का यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर, 480 चार पहिया वाहनों का सीटबेल्ट नहीं लगाने पर, 198 वाहनों का नाबालिक द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर, 127 वाहनों का पंजीकरण न होने पर, 403 वाहनों का दोषपूर्ण नंबर प्लेट होने पर, 505 वाहनों का परमिट व बीमा न होने पर, 12 वाहनों का ओवर स्पीड में, 35 वाहनों का गलत दिशा में वाहन चलाने पर, 81 वाहनों का ड्रिंक एण्ड ड्राइव में एवं 66 वाहनों का क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर एमवी एक्ट की धाराओं के तहत कुल 7757 वाहनों से 1,59,88,800 रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा 45 वाहन सीज कर सात वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किए गए। साथ ही प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे जनपद मे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। पिछले वर्ष 2023 में माह नवंबर में 5030 वाहनों से अधिरोपित जुर्माना 84,06,900 एवं जब्त किए गए 25 वाहन सीज के सापेक्ष यातायात माह नवंबर 2024 में किए गए कुल चालान 7,757 एवं अधिरोपित जुर्माना 1,59,88,800 रुपए तथा 45 वाहन सीज करते हुए एवं सात वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जब्त किए गए।

## मंडल अध्यक्ष के चुनाव 2 से 15 दिसंबर तक

**जन एक्सप्रेस । उरई**




भारतीय जनता पार्टी ने संगठन की सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव कार्यशाल लल्ला धाम गेस्ट हाउस अजनारी रोड पर सम्पन्न की। जिसके मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी विधायक पयागपुर रहे। जिन्होंने रविवार को जिला चुनाव अधिकारी के रूप मे आगामी मंडल अध्यक्षों के चुनाव हेतु निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंडल अध्यक्ष के चुनाव 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चुनाव संपन्न कराकर नए मंडल अध्यक्ष बनाए जाने है। जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी मंडल में जाकर मंडल अध्यक्ष के चुनाव संपन्न कराने जाएंगे। मंडल अध्यक्ष का पैनल बनाकर जिला स्तर पर पर जमा करेंगे। वह पैनल क्षेत्रीय कार्यकाल पर जाएगा। जिसके बाद प्रदेश स्तर से मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो बार का सक्रीय सदस्य होना अनिवार्य है एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र न हो जो मंडल अध्यक्ष दो बार के मंडल अध्यक्ष है वह तीसरी बार आवेदन नहीं करेंगे। क्योंकि तीसरी बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। जिस मंडल में 75 प्रतिशत बूथ अध्यक्ष बन चुके है, उन्हीं मंडलों में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, घनश्याम अनुरागी, संजीव उपाध्याय, जगदीश तिवारी, विवेक कुशवाहा, नीरज दुबे, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, रामजी राजावत, दिलीप दुबे, अग्निवेश चतुर्वेदी, रविंद्र प्रताप, मनोज यादव, वीर प्रताप सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण का जेई संगठन ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने ऊर्जा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजीकरण का विरोध किया है। संगठन के जनपद सचिव उमाशंकर ने बताया कि ऊर्जा प्रबंधन को निजीकरण के बजाय कार्पोरेशन में सुधार के कार्यक्रम लागू करने चाहिए। संगठन ने पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से जूनियर इंजीनियर सहित सभी विद्युतकर्मियों के सेवा शर्तों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कहा कि विद्युत विभाग के अंदर सुधार कार्यक्रमों के द्वारा स्थितियां बदली जा सकती है। कार्पोरेशन में केस्को का प्रदर्शन इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां ऊर्जा प्रबंधन एवं विद्युतकर्मियों के संयुक्त प्रयास से विद्युत वितरण व्यवस्था वित्तीय रूप से एवं बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने में सक्षम बनी।

## छेरिहा ग्राम पंचायत: नियमों को ताक पर रखकर कराया इंटरलॉकिंग कार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मानिकपुर विकास खण्ड की अधिकांश ग्राम पंचायतो में विकास कार्यों के नाम खुली लूट की जा रही है। प्रधान,सचिव की सांठगांठ से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। विकास कार्यों में हद दर्जे की लापरवाही की जा रही है।

विकासखंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत छेरिहा खुर्द ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग कार्य में मानक को दरकिनार कर निर्माण किया जा रहा है। प्रधान , सचिव मिलकर शासकीय धनराशि को हड़प रहे हैं। न उन्हें शासन का डर है नहीं प्रशासन का, हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी धन को निर्भय होकर लूट रहे हैं। लेकिन इस ओर देखने सुनने वाला कोई नहीं है।

उल्लेखनीय है कि छेरिहा खुर्द ग्राम पंचायत में बड़े स्तर पर धांधली की जा रही है। सड़क पर ईंट बिछी ही नहीं कि साइड की दीवार उखड़ने लगी है। ईंट की बजाय लोकल पत्थर के ढोका में क्रेसर डस्ट साथ नाममात्र सीमेंट मिश्रण से साइडवॉल तैयार किया जा रहा है,जो अल्प समय में ही ध्वस्त हो जाएगा। बेस बनाने में भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं। बोल्डर गिट्टी में सूखी क्रेसर मिलाकर बेस तैयार किया जा रहा है। बोल्डर के ऊपर डस्ट डालकर ईंट बिछाए जा रहे हैं। ग्रामीण शंकर, रेणुका,मोहन, कमलेश आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत की है।

## छात्रों को दी प्रतिभा के अनुसार कैरियर चुनने की सलाह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



माध्यमिक शिक्षा परिषद की गाइडलाइन के अनुसार राजकीय हाईस्कूल नोनार में रविवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार बेहतरीन कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रामजी ने समस्त छात्र एवं छात्राओं को अनुशासन में रहकर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का मंत्र भी बताया। पहाड़ी थाने के अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने महिला सशक्तिकरण एवं पुलिस करियर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

प्रधानाध्यापिका गुंजन ने फैशन डिजाइनिंग, पॉलिटेक्निक, आर्मी, अध्यापक आदि कैरियर के बारे में जानकारी दी। अभाविप के जिला संयोजक तेज प्रकाश, पहाड़ी नगर मंत्री शिवम चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान प्रेमती वर्मा ने भी कैरियर सम्बन्धी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई पंख डायरी में कक्षा नौ की छात्रा महिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा। साथ ही शिवानी, उर्मिला, रोशनी द्वारा शिक्षक पर लघु नाटक का उत्तम रूप देखने को मिला। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सहायक अध्यापक शिवप्रकाश, सुरभि, मीना, इंद्रेश, अर्चना, भरोसे लाल, रिंकू चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में हुआ स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



नगर पंचायत राजापुर में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत बनाई गई वाल पेंटिंग का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं ब्रांड एंबेसडर सुरेश जायसवाल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने लोगों को स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में वार्ड स्तरीय मूल्यांकन के लिए निर्धारित मापदंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चेयरमैन संजीव मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अंतर्गत समस्त वार्डों की सफाई निरंतर होती रहती है। अब नगर के 15 वार्डों में ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 1,100 अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। पांच दिसम्बर तक मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन वार्ड को जन जागृति दिवस के अवसर पर छह दिसम्बर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ शौचालय अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए 'स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी' थीम के अन्तर्गत नगर के सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों पर स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों द्वारा बनायी गयी सांकेतिक वॉल पेंटिंग का जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया। इस मौके पर सभासद जितेंद्र कुमार सोनकर, उर्मिला देवी, नथुनिया देवी, मोनू सोनकर, गजराज, ऊदल, राममिलन, रामनारायण, सीता देवी, ज्ञानमती, तरणी कुमार शुक्ला, रमन कुमार, राजेश कुमार, संजय देवी, शंकर दयाल जायसवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न हो संगठन पर्व: कौशलेन्द्र पटेल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के मण्डल अध्यक्ष चुनाव की जिला कार्यशाला का आयोजन रविवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र पटेल ने संगठन पर्व को पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इसमें योग्य कार्यकर्ताओं को पदों पर स्थापित कर सम्मान दिया जाएगा। साथ ही संगठन के गठन में लैंगिग समानता को भी सुनिश्चित किया जाए। इसमें सामाजिक समीकरण के आधार पर समायोजन भी किया जाए। कहा कि गुटबाजी संगठन हित में ठीक नही होती है। भाजपा लोकतान्त्रिक मूल्यों की संरक्षक पार्टी है। हम सांगठनिक शक्ति के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं। जिला सदस्यता सत्यापन प्रभारी ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी जाति वर्ग का समायोजन किया जाए। सभी कार्यकर्ता उत्साह से संगठन पर्व में सक्रिय सहभाग करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओ को मण्डल के प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, हरिओम करवरिया, आनन्द पटेल, अश्विनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अंजू वर्मा, अश्विनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, हीरो मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, ब्रजेश पाण्डेय, देव त्रिपाठी, प्रेमलाल, मनोज तिवारी, श्रवण पटेल, हेमन्त सिंह, सच्चिदानंद गर्ग, राजेश्वरी, दिव्या, अर्पित जायसवाल, संजय पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, जानकी तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, राकेश कोल, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे।

## तीन चोरियों का खुलासा करते हुए दो चोरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



सुरसेन गांव में चोरी करने वाले कौशाम्बी जिले के वैशकाटी गांव के दो चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से चोरी किए गए जेवर भी बरामद हुए है। सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीती पांच अगस्त को सुरसेन निवासी मोहम्मद शरीफ ने सरधुवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोरों ने उसके घर में सेंध लगाकर लोहे की अलमारी में रखे जेवर चुरा लिए थे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी और राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह के पर्यवेक्षण में सरधुवा थाने की पुलिस को चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद रविवार को थाने के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी शक्ति सिंह व आरक्षी चालक राहुल पुरी ने कौशाम्बी जिले के करारी थाने के वैशकाटी निवासी मुकेश उर्फ बकोली व संता उर्फ बंटोली को पयस्वनी नदी के पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। पूंछतांछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि सुरसेन गांव के अलावा उन्होंने रैपुरा थाने के करौंदी कलां एवं सीतापुर चैकी के रानीपुर भट्ट में भी चोरी की थी और चोरी का माल जमीन के नीचे खोदकर दबा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जेवर बरामद कर लिए।

## इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का एमपी सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आगामी पांच दिसम्बर को खजुराहो में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस बार जिले में बनी तीन फिल्में सपना देखा है हमने, कालीघाट और बुनियाद प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा बुंदेलखंड की कई प्रतिभाएं यहां अपने हुनर का जलवा दिखाएंगी। फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को समर्पित फेस्टिवल का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे।

फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पांच से 11 दिसंबर तक आयोजित खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में मुंबई की फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। यहां बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को विशेष रूप से मंच प्रदान करने का लक्ष्य रहता है। यहां होने वाले कार्यक्रमों में बुंदेलखंड का जलवा बरकरार रहता है। साथ ही साथ मुंबई के कार्यक्रम दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्मी हस्तियों के अलावा मंच पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मंत्री और केंद्र सरकार के नेताओं की मौजूदगी रहेगी। बताया कि इस बाद जिले के पाठा क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय बंभिया के बच्चों द्वारा स्वच्छता को लेकर बनाई गई फिल्म सपना देखा है हमने फेस्टिवल में प्रदर्शित की जायेगी। इसके अलावा शार्ट फिल्म बुनियाद और कालीघाट भी दिखाई जायेगी। साथ ही इन फिल्मों से जुड़े कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताया कि खजुराहो परिक्षेत्र में पांच टपरा टॉकीज का निर्माण किया गया है। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर होंगे। इन्हीं टाकीजों में नवोदित कलाकारों द्वारा बनाई गई सैकड़ों फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही रंगमंच तकनीकी कार्यशाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा। जिसमें देश एवं विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, भारतेन्दु नाट्य अकादमीलखनऊ, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। इस बार सिनेमा गांव-गांव टूरिंग टाकीज की शुरुआत कर रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मों को दिखाने का काम करेगी।

### जिले में फेस्टिवल कराने का रखा जाएगा प्रस्ताव

चित्रकूट- फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तर्ज पर जिले में भी फिल्म फेस्टिवल कराने के लिए इस बार प्रस्ताव संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा। बताया कि जिले में एयर कनेक्टिविटी न होने के चलते फिल्म फेस्टिवल का आयोजन मुश्किल था, लेकिन अब चित्रकूट में भी एयरपोर्ट सुविधा है, ऐसे में अब फिल्म फेस्टिवल जिले में आयोजित कराने का प्रस्ताव खजुराहो में संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा।




### फेस्टिवल में यह कलाकार होंगे सम्मिलित

फिल्म फेस्टिवल में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया, सुनील शेट्टी, ट्विंकल खन्ना, रघुवीर यादव, अनंत महादेवन, महेश मांजरेकर, पंकज त्रिपाठी, बोमन ईरानी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी सहित कई विदेशी कलाकार भी इस फिल्म फेस्टिवल में सम्मिलित होंगे। वहीं खजुराहो फिल्म महोत्सव के गवर्निंग काउंसिल के मनमोहन शेट्टी, रजत बेदी, रमेश सिप्पी, प्रकाश झा एवं चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष तौर पर इस फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।



**जब तक कुछ हाथों में ही पैसा रहेगा...**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत की जीडीपी विकास दर के दो साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंचने पर चिंता जताई और कहा कि जब तक कुछ अरबपति ही इसका लाभ उठाते रहेंगे, तब तक देश की अर्थव्यवस्था की तरक्की नहीं हो सकती। राहुल गांधी ने कहा... पढ़ें पेज 12 पर...

## यूपी बिजली निजीकरण विवाद: मुख्य सचिव होंगे नई बिजली कंपनियों के अध्यक्ष

# बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को विघटित कर बनने वाली पांच नई कंपनियों के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। कंपनियां डिस्कॉम की प्रापर्टी का किसी तरह का उपभोग नहीं कर पाएंगी। नई कंपनियों को लेकर शनिवार को पावर कॉर्पोरेशन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मुख्य सचिव के अध्यक्ष होने से अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रहेगा। रिफॉर्म में शामिल होने वाली निजी कंपनियों के लिए बिडिंग पूरी तरह खुली और पारदर्शी होगी। इस प्रक्रिया में कंपनियों को जमीन का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा। जमीन का स्वामित्व पावर कॉर्पोरेशन एवं राज्य सरकार का ही रहेगा। कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 की धारा-133 में स्पष्ट है कि किसी भी कार्मिक की छंटनी नहीं होगी।

### बिजली के निजीकरण मामले में पीएमओ को भेजा पत्र, सीबीआई जांच की मांग

पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल बिजली निगम को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल में चलाने की तैयारी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंच गया है। उपभोक्ता परिषद ने पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने दोनों निगमों में केंद्र सरकार से रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में करीब 20415 करोड़ रुपया खर्च कर दिए। अब इन दोनों निगमों को निजी हाथों में देने की तैयारी है। ऐसे में पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि गलत तरीके से रणनीति बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। वहीं, उपभोक्ता परिषद सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल करेगी।परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में पावर कॉर्पोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है।

### निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

बिजली के निजीकरण के फैसले के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 6 दिसंबर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली के हितधारकों (कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं) के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध की अनदेखी करके जल्दबाजी में निजीकरण के फैसले को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो जिस दिन निजी कंपनी टेकओवर करेगी उसी दिन कर्मचारी और इंजीनियर कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी यूपी सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन की होगी।



# अब ट्रेन पर पत्थर फेंकने वालों की खैर नहीं

- रेलवे ने ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए हाईटेक व्हीकल सर्विलांस कैमरे लगाने की योजना बनाई
- कैमरे रेल इंजनों पर लगाए जाएंगे, जो न केवल पथराव करने वालों की तस्वीरें खींचेंगे, बल्कि उनकी भाव भंगिमा भी कैद करेंगे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

रेलवे ने ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए हाईटेक व्हीकल सर्विलांस कैमरे लगाने की योजना बनाई है। ये कैमरे रेल इंजनों पर लगाए जाएंगे, जो न केवल पथराव करने वालों की तस्वीरें खींचेंगे, बल्कि उनकी भाव भंगिमा भी कैद करेंगे। एक कैमरा ट्रैक पर नजर रखने के लिए और अन्य दो इंजन के साइड पर होगें। ये कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित होंगे और हाईस्पीड ट्रेनों के ट्रैक पर भी काम करेंगे। जल्द ही इन्हें रेलवे इंजनों पर इंस्टॉल करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### रिमोट ऑपरेटेड डिवाइस को ट्रैक के किनारे लगाया जाएगा

सिग्नलिंग की गड़बड़ी का पता लगाने के लिए भी व्यवस्था की गई है। एक रिमोट ऑपरेटेड डिवाइस को ट्रैक के किनारे लगाया जाएगा, जो 20 किमी तक की दूरी कवर कर सकती है। यह रियल टाइम डाटा स्टेशन पर भेजेगी और गड़बड़ी की सूचना तुरंत मिलेगी, जिससे समस्याओं को तेजी से सुलझाया जा सकेगा।

### लोको पायलट की सुस्ती या झपकी पर नजर रखने के लिए रिवर्स ड्राइवर एनालिसिस सिस्टम विकसित किया गया

लोको पायलट की सुस्ती या झपकी पर नजर रखने के लिए रिवर्स ड्राइवर एनालिसिस सिस्टम विकसित किया गया है। यह डैशबोर्ड पर लगाया जाएगा और लोको पायलट के झपकी लेने पर तुरंत अधिकारियों को अलर्ट भेजेगा। इससे ट्रेन हादसों पर अंकुश लगेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### यूपी के गौरव का सम्मान करेगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। योगी सरकार की तरफ से विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को लोकभवन सभागार में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। विशेष आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करना है। इसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी रहेंगे। समारोह में 19 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, स्वैच्छिक संगठनों और दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वाराणसी जिले को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिला चुना गया है। इसके लिए वहां के जिलाधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद सुमित यादव को बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गैर व्यावसायिक श्रेणी में डॉ. कौशिकी सिंह लखनऊ और व्यावसायिक श्रेणी में राम किशन गुप्ता कानपुर नगर को दिव्यांगजन के हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।


### भाजपा के नफरत की राजनीति ने युवाओं को बर्बाद कर दिया: वंशराज दुबे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। आम आदमी पार्टी की छात्र विंग सीवाईएसएस उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और यूपी सीवाईएसएस प्रभारी वंशराज दुबे ने संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, भाजपा देश और प्रदेश में नफरत फैलाने के लिए सोशल मीडिया को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। वे जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाकर समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं, लेकिन हम प्रदेश के छात्रों और युवाओं के मुद्दों को न केवल जमीन पर, बल्कि सोशल मीडिया पर भी उठाकर भाजपा को एक्सपोज करेंगे।वंशराज दुबे ने पदाधिकारियों से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हर संभव प्रयास करें और युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने का काम करें।

# किले और हवेलियां उपयोगी बनाने के लिए राजा-महाराजाओं के साथ होगा विचार मंथन

- देश के 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर रियल एस्टेट व्यवसायी, कंसल्टेंट लेंगे हिस्सा
- पर्यटन विभाग सात दिसंबर को कर रहा हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन-जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



अपने समृद्ध अतीत की कहानी बयां कर रहे ह्यपि के किले, कोठी और पैलेस विकास की नई गाथा लिखेंगे। पर्यटन विभाग इसकी नींव रखने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सात दिसंबर को लखनऊ स्थित होटल ताज में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसमें 60 से अधिक राजा-महाराजा के साथ संवाद के लिए देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल स्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट आएंगे। सहमति बनी तो उत्तर प्रदेश विरासत पर्यटन में भी देश-दुनिया को आकर्षित करने वाला प्रमुख गंतव्य स्थल बनेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाल के वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा है। 2023 में 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थल सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या में किले, पैलेस और कोठिया हैं, जिन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। विरासत पर्यटन में अग्रिम पंक्ति में खड़े राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों की तर्ज पर पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में भी तैयारी कर रहा है। प्रदेश स्थित किले, पैलेस और कोठियों को उनके वास्तविक स्वरूप, वास्तुकला और जो उनकी अन्य विशेषताएं हैं, उन्हें बरकरार रखते हुए यहां हेरिटेज होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, वेलनेस सेंटर, रिजार्ट, कल्चरल सेंटर आदि बनाने की योजना है। पर्यटन विभाग ने अपनी छह प्रापर्टी चुनार का किला मीरजापुर, बरुआसागर का किला झांसी, छतर मंजिल लखनऊ, बरसाना महल मथुरा, शुक्ल तालाब कानपुर देहात और रोशन-उद-दौला लखनऊ को हाल ही में पीपीपी पर दिया है। कॉन्क्लेव में एमओयू होगा। विभाग की ऐसी अन्य प्रापर्टी को पीपीपी पर विकसित करने की तैयारी है। राज्य में अनेक संपत्तियां जो राजा-महाराजा के पास है, इनका विकास कर उपयोगी बनाने की मंशा है। विभाग द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में 60 से अधिक राजा-महाराजा और देश के 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल एस्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट आमंत्रित हैं। इनके बीच सीधा संवाद होने से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। हेरिटेज कॉन्क्लेव प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। गंतव्य स्थलों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में आगंतुक आएंगे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं


जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सबकी समस्या सुनकर सीएम ने कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा, सबको न्याय मिलेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी की समस्या का शीघ्रता से निस्तारण किया जाय।जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जमीनी विवाद की शिकायतों पर सीएम योगी ने कहा कि यदि विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों के बीच वार्ता कराई जाए और बात न बनने पर विधिक कार्यवाही की जाए।

# मिल्कीपुर: उपचुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर, समाजवादी किला ढहाने की तैयारी

- पांच मंत्रियों को सौंपी कमान,दो बूथ संभालेगा एक संगठन का पदाधिकारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



कुंदरकी व कटेहरी सीट पर उपचुनाव की जीत से उत्साहित भाजपा का अगला टारगेट मिल्कीपुर है। मिल्कीपुर में चार मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गयी थी, अब पांच मंत्रियों को मिल्कीपुर में कमल खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मंडल है। प्रत्येक मंडल की कमान एक मंत्री के हाथ में होगी। कुंदरकी व कटेहरी सपा के गढ़ रहे है और उपचुनाव में दोनों क्षेत्रों में भगवा परचम लहराकर भाजपा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मिल्कीपुर भी सपा का गढ़ माना जाता है। भाजपा कुंदरकी व कटेहरी की तरह मिल्कीपुर का लक्ष्य भेदने की रणनीति बना रही है। चार मंत्रियों कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को मिल्कीपुर सीट का जिम्मा दिया गया। अब सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राठौर संगठन में लंबा अनुभव के साथ ही वह कुंदरकी उपचुनाव में भाजपा की जीत में अहम रोल निभा चुके हैं। दो विधानपरिषद सदस्य अवनीश पटेल व डा.धर्मेंद्र सिंह को भी लगाया गया है। अवनीश पटेल जातीय समीकरण साधेंगे, धर्मेंद्र सिंह सांगठनिक कार्यों को गति देंगे। एमएलसी व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह की कटेहरी उपचुनाव में मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उपचुनाव में भाजपा के 35 वर्तमान व पूर्व विधायक को भी टास्क दिया जाएगा। बाहरी जिलों के पदाधिकारी व प्रदेश के पदाधिकारियों को भी लगाया जाएगा। एक पदाधिकारी को दो बूथ की मानीटरिंग की जिम्मेदारी मिलेगी। मिल्कीपुर से सपा के विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव होना है। संपन्न उपचुनावों में यहां पर भी चुनाव होना था लेकिन उच्च न्यायालय में याचिका लंबित होने से उपचुनाव नहीं हो सका। अब याचिका वापस लेने के बाद यहां उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है और मिल्कीपुर में राजनीतिक हलचल तेज हो चुकी है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों को भाजपा ने चार श्रेणी में विभाजित किया है। ए श्रेणी के बूथ जो भाजपा हर बार जीतती है और बी श्रेणी में वह बूथ चिंहित किए जाएंगे, जहां वह बराबर पर रहती है। सी श्रेणी के बूथ जहां पार्टी कमजोर है और डी श्रेणी के वह बूथ होंगे जहां पर भाजपा को बहुत कम मत मिलते हैं। भाजपा संगठन की दृष्टि से 61 शक्ति केंद्र है। एक शक्ति केंद्र में पांच से सात बूथ समाहित किए गये हैं। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक संयोजक, एक प्रभारी व एक प्रवासी को जिम्मेदारी दी गयी है।

### नववर्ष पर में यूपी को मिलेगा बड़ा तोहफा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ और पूर्वी यूपी के जिलों के बीच यात्रा अब आसान हो जाएगी क्योंकि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस में नए साल पर वाहनों का आगमन के लिए खोल दिया जाएगा। नवीनतम प्रगति रिपोर्ट का विवरण साझा करते उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि परियोजना पर 98 फीसदी काम हो चुका है ।91 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे गोरखपुर के बीच आजमगढ़ अंबेडकर नगर और संत कबीरनगर के माध्यम से आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए एक लिंक मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। 110 मीटर के अधिकार के साथ चार लेन वाले एक्सप्रेसवे से लखनऊ और गोरखपुर के बीच यात्रा का समय मौजूद 6 घंटे से कम होकर तीन-चार घंटे से भी कम होने की उम्मीद है।

# बिना मानक व मूलभूत सुविधाओं के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पांचवी कक्षा तक स्कूल को दे दी मान्यता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- दो कमरों के भवन में कक्षा पांच की मान्यता पर चल रहा इंटर तक की कक्षाओं तक का स्कूल

काकोरी ब्लाक के फतेहगंज गांव में दो कमरों के भवन में बिना मनको व मूलभूत सुविधाओं के बिना कक्षा पांच की मान्यता पर इंटर तक चला रहें राम उजागर लाल नवरती देवी स्कूल। जिसे लेकर ग्राम निवासी महेश कुमार ने स्कूल की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी महेश कुमार ने बताया कि उनके गांव में राम उजागर लाल नवरती देवी स्कूल कक्षा पांच की मान्यता पर फर्जी तरह से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को गुमराह कर मान्यता लेकर स्कूल चला रहे हैं, साथ ही स्कूल का भवन दो कमरों का है और यह भवन उनका अपना भवन नहीं है। जबकि कक्षा पांच तक की मान्यता के लिए सात कमरों वाला भवन होने चाहिए। बच्चों के लिए खेल मैदान भी होना चाहिए जो कि नहीं है, यहां तक की बच्चों के पीने के लिए साफ पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है, स्कूल में पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षक भी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि इस स्कूल में हाई स्कूल व इंटर के बच्चों को पास करने के लिए ठेका भी लिया जाता है और दूसरे स्कूल से फॉर्म भरा कर मोटी रकम उसूल की जाती है। महेश कुमार ने स्कूल की शिकायत दो बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है और काकोरी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बिना स्कूल की जांच किये गलत रिपोर्ट लगाकर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, महेश कुमार के अनुसार उनके ही भवन में किराएदारी नामा पर स्कूल की मान्यता ली गई है जबकि महेश कुमार स्कूल की मान्यता और बच्चों की सुविधाओं को लेकर शिकायत करते हैं और उच्च अधिकारी मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत पर स्कूल की मान्यता की जानकारी देते हैं, पर काकोरी खंड शिक्षा अधिकारी स्कूल के मानकों और सुविधाओं की कोई जानकारी नहीं देते हैं और शिकायतकर्ता को गुमराह कर स्कूल पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं यदि कोई बड़ी घटना हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा गलत जानकारी देने वाले अधिकारी या फिर स्कूल प्रबंधन पर।

> मैंने इसका निरीक्षण किया दो बार नोटिस देकर बुलाया गया, इनकी तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया, इसलिए इस स्कूल की मान्यता रद्द करने की रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है।
> -खंड शिक्षा अधिकारी, काकोरी

## अम्बुज पटेल बने प्रोफेशनल मंच के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ नेता अम्बुज पटेल को प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेंदारी सौंपी है। इनके मनोयन से पार्टी संगठन मजबूती होगी। अम्बुज पटेल के मनोनयन पर प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, आमिर साबिरी, प्रदेश महासचिव् रमावती तिवारी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, सदस्य कार्यकारिणी सुमित सिंह, युवा रालोद के प्रदेश महासचिव विपिन द्विवेदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### 2027 में फिर बनेगी एनडीए की सरकार: रामाशीष

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास एवं किसानों के उत्पादन की एमएसपी की बढोत्तरी पर धन्यवाद दिया है। उत्तर प्रदेश में बने और बन रहे हाईवे एवं स्टेट हाईवे से उत्तर प्रदेश की तस्वीर एवं तकदीर बदल रही है, राष्ट्रीय लोकदल एवं एनडीए के लिए यह गर्व की बात है। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी के कौशल विकास की जिम्मेदारी देकर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय लोकदल एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों तथा सपनो को मूर्त रूप देने का अवसर मिला है।

## प्राधिकरण अधिकारी की नजर में हो रहा अवैध निर्माण

- तिरपाल डाल किया जा रहा अवैध निर्माण
- जोन-3 के सम्बंधित अधिकारी नहीं उठाते फोन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन-3 के संबंधित अधिकारी के संरक्षण में बन रहा अवैध निर्माण। प्राधिकरण जोन-3 क्षेत्र के पारा अंतर्गत भरोसा पुलिया अमौसी रोड़ से कुछ दूरी पर बिना प्राधिकरण से मानक पास कराएं तिरपाल डाल कर धड़ल्ले से बनाया जा रहा है अवैध निर्माण। सूत्रों ने बताया कि आस-पास सील की कार्यवाही कर अन्य निर्माणकर्ताओं को पहुंचा रहे फायदा। जब इस सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारी से जानकारी के लिए फोन किया गया तो फोन नहीं उठा।

# खबर का असर: अधिकारियों ने जन एक्सप्रेस अखबार में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान, शुरू कराया मरम्मत कार्य

- 8 नवंबर को मौंदा मेला मैदान से डिघिया गांव होते हुए भरोसा पुलिया जाने वाले जर्जर मार्ग पर की खबर हुई थी प्रकाशित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मौंदा मेला मैदान से डिघिया गांव होते हुए भरोसा पुलिया जाने वाले मार्ग की नहीं हुई मरम्मत

जर्जर रास्ते को बनवाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में दिया गया प्रार्थना-पत्र



सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के मौंदा मेला मैदान से डिघिया गांव होते हुए नगर निगम जोन 6 के भरोसा पुलिया तक जर्जर मार्ग की खबर जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से 8 नवंबर को प्रकाशित किया था। वही इस खबर को सम्बंधित अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर आखिरकार जर्जर डामर मुख्य मार्ग पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया ताकि जल्द ही यह मुख्य मार्ग सही हो जाएं। समाजसेवी अभिमन्यु कुमार रावत ने बताया कि इस जर्जर मुख्य मार्ग को सही कराने के लिए कई सालों सम्बंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत की थी और साथ ही जन? एक्सप्रेस अखबार ने भी इस समस्या को अपने अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया था और डिघिया गांव व नगर निगम जोन 6 के भरोसा गांव की पुलिया तक की कुछ दूरी तक सीसी रोड़ बनाकर खानापूर्ति की और इम मुख्य मार्ग पर डामर डालने का कार्य नहीं किया गया। आखिरकार सम्बंधित अधिकारियों ने इस जर्जर मुख्य मार्ग पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया।

# कार्यकारी निदेशक ने कौशल विकास संस्थान रायबरेली का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




भारत सरकार के तेल एवं गैस कंपनियों के निगमित सामाजिक दायित्व निधि से एवं भारत सरकार की महारत्न कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के नेतृत्व में संचालित कौशल विकास संस्थान रायबरेली का औचक निरीक्षण गेल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक संजय अग्रवाल द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण आज के युग की आवश्यकता है यदि आप कोई एक कौशल विकसित कर लेते हैं तो इंडस्ट्री में आपकी उपयोगिता बनी रहेगी और उसे कौशल के माध्यम से आप अपनी आजीविका कमाने के साथ-साथ देश के विकास में योगदान दे सकते हैं आप जैसे ही कुशल युवाओं की बदौलत आने वाले समय में अपना भारत एक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता हैइस अवसर पर कौशल विकास संस्थान रायबरेली के मुख्य प्रशिक्षण प्रबंधक संजय वर्मा जी ने यहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को संस्थान की विगत 7 वर्षों की विकास यात्रा से अवगत कराया।

संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजेश मणि त्रिपाठी ने गेल और उसके पदाधिकारीयों द्वारा मिल रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की और आशा व्यक्त की, कि भविष्य में भी संस्थान को यह सहयोग और मार्गदर्शन यूं ही प्राप्त होता रहेगा जिससे हमारे रायबरेली क्षेत्र के युवा अपने कौशल को निखार कर देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। संस्थान के प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। संजय अग्रवाल कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया और और उनको ड्रेस वितरित करने के साथ-साथ पठन सामग्री भी वितरित की निरीक्षण के दौरान संजय अग्रवाल जी ने संस्थान में संचालित हो रहे पांचो संकायों के प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया और शिक्षकों से तकनीकी गतिविधियों की जानकारी ली निरीक्षण और प्रयोगशाला भ्रमण के पश्चात संस्थान के प्रांगण में मुख्य कार्यकारी निदेशक द्वारा पौधारोपण भी किया गया

इस औचक निरीक्षण के दौरान संस्थान के सभी प्रशिक्षक और अन्य कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि कौशल विकास संस्थान रायबरेली पांच तरह की तकनीकी संकायों में बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत है।

# तालाब से बरामद हुआ लापता 8 वर्षीया बच्ची प्रतीक्षा का शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जायस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधराना में शुक्रवार को लापता हुई आठ वर्षीय बच्ची प्रतीक्षा का शव शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे तालाब में से बरामद हुआ। एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के शव को तालाब से बाहर निकाला। बच्ची की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल्ला चौधराना निवासी राम मिलन उर्फ सोनकर शुक्रवार को खेतों में काम करने गए हुए थे।घर में उनकी आठ वर्षीय बेटी प्रतीक्षा अकेली थी। दोपहर में प्रतीक्षा शौच के लिए घर के पास स्थित तालाब की ओर गई। और वहीं से लापता हो गई।काफी देर तक प्रतीक्षा के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की और लगातार परिजन खोजबीन करते रहे। फिर जायस पुलिस को इसकी सूचना दी। परिजन खोजते खोजते तालाब की और गए। जहां तालाब के किनारे प्रतीक्षा की चप्पल दिखी। जिससे परिजनों ने तालाब में बच्ची के डूबने की आशंका जताई कि वह तालाब में गिर गई होगी! स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में तलाश शुरू की गई। लेकिन देर रात तक बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। फिर शनिवार सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तालाब में तलाशी का अभियान शुरू किया। करीब तीन चार घंटे बाद दोपहर तीन बजे प्रतीक्षा का शव तालाब से बरामद किया गया। बच्ची का शव मिलने के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हो गया। मासूम बच्ची की मौत ने सबको झकझोर दिया। फ़िलहाल स्थानीय पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच कर रही है। बच्ची की मौत कैसे हुई? यह तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया 6वाँ स्थापना दिवस समारोह



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) का छठवां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक सिंह परिहार ने वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के निर्देश पर पार्टी को मजबूत और विस्तार करने पर जोर दिया जा रहा है। जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर केक काटकर और मिठाइयाँ बांटकर खुशियाँ मनाईं। साथ ही यह संकल्प लिया कि वे अपने नेता विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के आदर्शों और सिद्धांतों पर पूरी निष्ठा से समर्पित रहेंगे राजा भैया ने कहा कि जुडोगे तभी बचोगे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पिन्टू सिंह ने दी है वर्षगांठ समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजा भैया जिंदाबाद, गोपाल भैया जिंदाबाद और जय जनसत्ता दल के नारों से माहौल को उत्साहित कर गुंजायमान कर दिया।

# प्रभारी निरीक्षक द्वारा ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार द्वारा ग्राम बहुतई में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं, बुजुर्ग, नौ, स्कूल के बच्चों को शासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर जैसे 112, 181, 1076, 1090, 1098 व साइबर अपराध से संबंधित 1930 नंबर से अवगत कराया गया तथा महिला आरक्षी गनिता चौहान के द्वारा भी महिलाओं बच्चों को टोल फ्री नंबर के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही थाना क्षेत्र में लगे पिंक लेटर बॉक्स के बारे में भी बताया गया और यह भी बताया गया कि ठंड अब ज्यादा बढ़ रही है गांव की सुरक्षा हेतु ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य बना लिए जाएं और गांव में इन सदस्यों के द्वारा रात में गश्त की जाए। उनके हाथ में सीटी व टॉर्च होनी चाहिये। रात के समय में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई देने पर पुलिस को सूचित किया जाए। किसी के साथ मारपीट न की जाए और समस्या मुझे सीधे बताएं उनके साथ त्वरित न्याय किया जाएगा।

# फूड कंपटीशन में महिलाओं ने बनाई खीर, जीता पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



घरेलू गैस कंपनियों ने फूड कंपटीशन का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं शामिल हुईं। सभी को खीर बनाने का टास्क दिया गया। महिलाओं ने खीर बनाकर कंपटीशन में भाग लिया। इसके साथ ही सुरक्षित तरीके से घरेलू गैस पर खाना पकाने के लिए महिलाओं को जागरुक किया गया। जागरूक करने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता में महिलाओं को घर से बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। शहर के देवकाली स्थित एक घरेलू गैस कंपनी के परिसर में आयोजित खीर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने के लिए सभी महिलाओं ने अपने-अपने तरीके से बेहतरीन खीर बनाया। सबसे स्वादिष्ट खीर बनाने वाली महिलाएं पुरस्कृत की गईं। महिलाओं ने कहा कि इस तरह के कंपटीशन से घर से बाहर निकल कर व्यंजन बनाने का मौका मिल रहा है। इसके साथ ही घरेलू गैस पर किस तरह से सुरक्षा के तहत खाना बनाया जाए इसके लिए उनको जागरूक भी किया गया।

## राम विवाहोत्सव की धूम: जानकी महल में पांच किलो सोने के आभूषण धारण करेंगे सीताराम

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में श्रीराम विवाहोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए खास तैयारियां की गई हैं। इस बार जानकी महल का उत्सव और भी खास होने जा रहा है। रामनगरी अयोध्या में श्रीराम विवाहोत्सव का रंग चटख हो गया है। रामनगरी के मंदिरों में राम विवाहोत्सव की परंपरा पूरे भव्यता के साथ निभाई जाती है। माता जानकी का मायका कहे जाने वाले जानकी महल की तैयारियां उत्सव की भव्यता दर्शा रही हैं। जानकी महल में राम विवाह पर विराजमान भगवान श्रीसीताराम के विग्रह को पांच किलो सोने से निर्मित आभूषण धारण कराए जाएंगे। साथ ही बरात में लखनऊ की शहनाई गूजेंगी, राजस्थान का डांस ग्रुप व भगवान के स्वरूप आकर्षण का केंद्र होंगे। रामजन्म भूमि में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार श्रीराम विवाह का उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी है। राम नगरी के अलग-अलग मंदिरों से छह दिसंबर को राम बरात निकाली जाएगी। श्रीसीता-राम विवाहोत्सव का मुख्य उत्सव छह दिसंबर को है। रामनगरी के चुनिंदा मंदिरों में राम विवाहोत्सव पूरे भाव-चाव से मनाया जाता है। रामनगरी के श्री जानकी महल ट्रस्ट में मिथिला पद्धति से विवाहोत्सव मनाया जाता है। यहां पर भगवान राम को दुल्हा सरकार और किशोरी जी को बेटी माना जाता है। इस बार जानकी महल में उत्सव और भी खास होने जा रहा है। जानकी महल के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया बताते हैं कि दिल्ली की मशहूर रामलीला जो प्राण प्रतिष्ठा के समय रामलला के सम्मुख लीला कर चुकी है। उसी लीला मंडली के 40 कलाकार चार दिनों तक रामलीला का मंचन करेंगे। दूल्हा सरकार व किशोरी जी के लिए पांच किलो सोने से निर्मित आभूषण जैसे मुकुट, हार, कर्धन आदि बनवाए गए हैं, जो उन्हें धारण कराए जाएंगे।

# पन्द्रह दिसम्बर तक चुने जायेंगे मण्डल अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय रहे।जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि अवधेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का चुनाव सभी मंडल चुनाव अधिकारी पंद्रह दिसंबर तक कर लेंगे। मंडल अध्यक्ष के चुनाव में जो समर्पित पूर्व में पदाधिकारी दो बार से सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी रहा हो वही मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकता है।मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए सभी वर्गों का समावेश एवं सभी वर्गों से अच्छे कार्यकर्ता चुनकर आएं, चुनाव अधिकारी इसका भी ध्यान रखेंगे।जो लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। वह तीसरी बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनेगा। सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ताओं की आम सहमति एवं सर्वसम्मत से चुना जाएगा।मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सभी कार्यकर्ता सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का समावेश होना आवश्यक है।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।कार्यशाला में प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी, उमाशंकर पांडेय,भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, भागीरथी मौर्य, आशा बाजपेई, अरुण मिश्रा, सूर्य नारायण तिवारी, महेश प्रताप सोनकर, विकास मौर्य, नीलम भारती सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दंगा नियंत्रित करने एवं आपात परिस्थितियों से निपटने को लेकर कराया गया बलवा ड्रिल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने तथा शान्ति, सुरक्षा एवं समाज में भय मुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में दंगा, विधि विरुद्ध भीड़ नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। बलबा ड्रिल का उद्देश्य कानून व्यवस्था के उल्लंघन एवं विधि विरुद्ध भीड़ के जमाव की स्थिति में पुलिस बल को तेजी से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाना है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्रा व मौजूद अन्य पुलिसकर्मी द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, स्मोक गन, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए दंगा विरुद्ध भीड़ नियंत्रण का आभ्यास किया गया।तथा पुलिस कर्मियों को दंगाइयों पर एंटी राइट गन,टीयर गैस गन,हैंड ग्रेनेड,टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में एवं वज्र वाहन को इस्तेमाल करने की जानकारी दी गयी। इस दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों को दस विभिन्न पार्टियों एलआईयू पार्टी, सिविल पुलिस, फायर सर्विस घुडसवार पुलिस, टियर गैस गन, एण्टी राइट गन पार्टी, लाठी पार्टी, फायरिंग पार्टी, रिजर्व पार्टी, फस्ट एड पार्टी व वीडियो ग्राफी पार्टी में बांटकर पार्टियों द्वारा किये जाने वाले सभी कार्यवाही को कराते हुए पूर्वाभ्यास कराया गया।

## तीन दिसंबर से सभी मंदिरों में शुरू हो जाएंगे विवाह के लोकाचार

# राम विवाह के उल्लास में डूबी अयोध्या



श्रीराम कथा के साथ हुआ शुभारंभ।

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या राम विवाहोत्सव के उल्लास में डूब गई है। कुछ मठ-मंदिरों में मंगल गीत गूंजने लगे हैं, तो कुछ में तैयारियों का उत्साह झलक रहा है। इसी क्रम में दशरथ महल में श्रीराम विवाहोत्सव का श्रीगणेश रविवार को श्रीराम कथा के साथ हुआ। रामनगरी के सभी मंदिरों में तीन दिसंबर से राम विवाह के मंगल गीत गूंजने लगेंगे, विवाह के लोकाचार शुरू हो जाएंगे। दशरथ महल में श्रीराम कथा का उद्घाटन बिंदुगाद्याचार्य महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य व उनके शिष्य महंत रामभूषण दास कृपालु ने व्यास पीठ की आरती उतार कर की। श्रीराम कथा की गंगा प्रवाहित करते हुए जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि रामकथा हर समस्या के समाधान की कथा है। राम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है। राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है।

## दिसंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक संपर्क

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज विद्युत वादों के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु रामनेत, विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट की अध्यक्षता में विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट के द्वारा विद्युत अधिकारियों से वार्ता कर उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये बैठक में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव के द्वारा विद्युत अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत मेंअधिक वादों को चिन्हित कर उनको निस्तारण हेतु तैयार किये जाने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।

# दिसम्बर माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह दिसम्बर 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकास खंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगानिर्धारित रोस्टर के अनुसार 06 दिसम्बर 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0 अभि0 विकासखंड अमावां में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सतांव में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड ऊंचाहार में एवं विकासखंड रोहनियां में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 13 दिसम्बर को परियोजना निदेशक जि0ग्रा0वि0अभि0 छतोह में जिला विकास अधिकारी लालगंज में उपायुक्तश्रम रोजगार सलोन में एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार खीरों में। 20 दिसम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0 वि0अभि0 हरचंदपुर में जिला विकास अधिकारी डलमऊ में उपायुक्त श्रम रोजगार दीनशाहगौरा में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सरेनी में।

# बीती रात हुए गोलीकांड की निष्पक्ष जांच हेतु एसपी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बीती रात भदोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए एक गोलीकाण्ड की घटना जहां कानून व्यवस्था की पोल खोल दी वहीं दूसरी ओर इस मामले में नया मोड़ तब आ गया जब इस घटना में घायल व्यक्ति दी गई तहरीर के विरोध में घटना के आरोपियों के परिजनों द्वारा उक्त आरोपों को निराधार बताते हुए घटना को एक षड्यंत्र बताया गया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजीतपुर लोनारी निवासी सुषमा पत्नी रमेश ने अपने गांव के रहने वाले दिनेश कुमार पुत्र स्व0 रामलखन पर षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए बताया कि कल रात लगभग 3 बजे दिनेश कुमार ने एक षड्यंत्र के अंतर्गत अपने ही ऊपर अपने ही आदमियों से अवैध असलहे से गोली काण्ड कराकर फर्जी तरीके से मेरे पति रमेश कुमार पुत्र स्व0 राम औतार देवर शत्रोहन पुत्र राम औतार तथा गांव के ही रोहित पाल पुत्र शिवहर्ष भारत लाल पुत्र राम सनेही कुलदीप पुत्र रामबिहारी को थाना भदोखर की पुलिस द्वारा गिरफ्तार करा दिया है जबकि मेरे पति रमेश कुमार जगतपुर में सफाई कर्मी हैं और देवर शत्रोहनलाल इण्टर कालेज मे प्रवक्ता है जो पूर्व में ग्राम पंचायत रोजगार सेवक के पद पर ग्रामसभा साडबरा रंजीतपुर लोनारी व भनवे का कार्य देखते थे। रोहित की माता देशपति ग्राम पंचायत सदस्य, भारतलाल ग्राम पंचायत सदस्य तथा कुलदीप के पिता रामबिहारी ग्राम पंचायत सदस्य है। विपक्षियों ने ग्रामसभा में भूमि कृषि/आवास आंवटन के नाम पर रामसुनेर पासी, शंकर लोध, गुरुप्रसाद लोध रूपरानी पासी आदि पचास लोगों सेअवैध धन की वसूली की है जिसमें रामसुमेर ने विपक्षी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट के लिए थाना भदोखर मे शिकायत की थी तथा इसके पूर्व विपक्षी ने अपनी ही भाभी ललिता पत्नी जितेन्द्र कुमार से शत्रोहन, महेश, बाबूलाल के विरूद्ध सामूहिक बलात्कार का प्रार्थनापत्र विगत 11 फरवरी 2023 कोदिलवाकर फर्जी तरीके से उपरोक्त लोगों को फंसाने प्रयास किया था जिसमें असत्य घटना होने के कारण ग्रामवासियों द्वारा थाने पर विरोध किया गया था जिस पर थाना पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की थी। उक्त शिकायत की छायाप्रति मेरे पास है सुषमा ने बताया कि विपक्षी द्वारा आवंटन के नाम पर वसूली किये गये धन को ग्रामवासियों द्वारा वापसी की मांग की गयी और ग्रामसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा ग्रामसभा की बैठक में आने से इंकार कर दिया तो प्रतिपक्षी ने अपनी ग्रामसभा के सदस्यों को धमकाया।



**राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने ब्रह्मचारी घाट..**

गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज रविवार को आयुर्वेदिक कॉलेज रोड पर ब्रह्मचारी घाट द्वारा की आधारशिला रखी......

▸ खबर पेज 10 पर...

# विदेशी नागरिकों को अपने ठगी का शिकार बनाने वाली महाठग नेहा गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पिछले काफी समय से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस को चकमा दे रही महाठग नेहा तिवारी को रविवार के दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नेहा तिवारी की ठगी की वारदात को देखने के बाद समझ में आता है कि नेहा कितनी शातिर ठग है। जिन्होंने विदेश में रहने वाली 92 साल की डॉक्टर से डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिए, इतना ही नहीं अपने पति को भी ठगी के मामले में नहीं छोड़ा। अपने पति से लाखों रुपए ठगने के बाद पति पर दहेज का मुकदमा तक दर्ज करवा दिया। पति को जब नेहा की हरकतों के बारे में पता चला तो पति ने उसे घर से निकाल दिया। पति द्वारा घर से निकल जाने के बाद नेहा ने पति पर तलाक लेने का मुकदमा दायर कर दिया। नेहा के एक साथी राहुल कटियार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नेहा राहुल कटिहार का भी फाइनेंस मैनेज किया करती थी। इन दोनों के साथ एक बैंक कर्मचारी रजत भी इन सब मामलों में शामिल था। मामला ग्वालटोली थाने के अंतर्गत का बताया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक आभा गुप्ता एलन गंज खलासी लाइन ग्वालटोली की रहने वाली है। वर्तमान समय में वह अमेरिका में रह रही है। उनके द्वारा की गई शिकायत और पुलिस कमिश्नर के आदेश पर ग्वालटोली थाने में बीती 4 अक्टूबर 2024 को एफआईआर दर्ज की गई थी। अवनी शिकायत की थी कि नौबस्ता में रहने वाले राहुल कटियार पनकी रतनपुर में रहने वाली नेहा तिवारी और बैंक कर्मचारी रजत सिंह ने फर्जी वाला कर उनसे डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिए। तीनों ने विदेश में रहने वाली आभा गुप्ता की बहन डॉक्टर प्रतिभा के नाम पर डेढ़ करोड़ का लोन लेकर हड़प लिया। मामले में डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि नेहा तिवारी और राहुल कटिहार फाइनेंस सेक्टर में काम करते हैं। दोनों डॉक्टर प्रतिभा का भी अकाउंट देखते थे। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने विदेश में रहने वाली डॉक्टर प्रतिभा के दस्तावेजों के सहारे डेढ़ करोड़ रुपए का लोन कर लिया था। आभा गुप्ता ने बताया कि ग्वालटोली में रहने वाली मेरी 92 साल की बड़ी बहन प्रतिभा रस्तोगी आभा नर्सिंग होम चलती है। 4 साल से वह अल्जाइमर से पीड़ित है। इसके चलते उन्होंने पावर ऑफ अटॉर्नी मेरे नाम करती थी। इसके बाद सेवा कैलिफोर्निया में शिफ्ट हो गई। बहन के ग्वालटोली वाले घर में देखभाल के लिए कुछ कर्मचारी रहते हैं। मेरी बहन प्रतिभा के एक कंपनी में शेयर फंसे थे। वर्ष 2021 में इस सिलसिले में राहुल कटिहार और नेहा तिवारी उससे मिलने आए थे। धीरे-धीरे वह दोनों बहन डॉक्टर का फाइनेंस का काम देखने लगे। इन दोनों ने कर्मचारियों की मदद से बहन प्रतिभा के नाम पर किदवई नगर स्थित एचडीएफसी बैंक में फर्जी दस्तावेजों से खाता खुलवा लिया। इसमें बैंक की कर्मचारी रजत सिंह ने भी उनके साथ दिया था। फिर दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित ब्रांच में ऑनलाइन खाता खुलवाया गया। वहां की ब्रांच से डेढ़ करोड़ का लोन ले लिया। फिर लोन की रकम किदवई नगर वाले खाते में ट्रांसफर करा ली। इसके बाद जब लोन की किस नहीं भरी गई तो बैंक ने नोटिस भेज दिया। इसके बाद मुझे पूरी बात का पता चला।

मैं अमेरिका में थी। मैं अमेरिका से ही कानपुर के पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी कर्नलगंज से गोपनीय जांच कराई।

इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। काफी दिनों से पुलिस शातिरों की तलाश में थी।

### नेहा ने पति के खिलाफ भी की धोखाधड़ी और लिखवाया मुकदमा

ठगी की मास्टरमाइंड नेहा तिवारी ने अपने पति को भी ठगी का शिकार बनाया। उसने अपने पति के साथ धोखाधड़ी करके लाखों रुपए हड़प लिए। किदवई नगर के रहने वाले विशाल पांडे ने 5 मार्च 2018 को नेहा से हिंदू रीति रिवाज से शादी की थी। विशाल पांडे ने बताया की शादी के बाद से ही नेहा की गतिविधियां संदिग्ध नजर आ रही थी। उसका अलग-अलग लोगों के साथ मिलना जुलना था। पार्टी करना और देर रात घर आना उसका आए दिन का शौक था। उसने धोखाधड़ी करके मुझे भी लाखों रुपए हड़प लिए। इसके बाद हमारे बीच झगड़ा होने लगा। तब नेहा तिवारी ने फरवरी 2021 में मेरे खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखवा दिया। इसके बाद वह मुझसे अलग रहने लगी।

### ठगी की रकम से हाईवे पर जमीन खरीदी

मामले की छानबीन के दौरान डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने पता लगाया कि महाठग वह उनके साथियों ने ठगी की रकम से हाईवे पर दो बीघा जमीन खरीदी और उसे पर बड़ा ढाबा खोला है। इसमें ठगी में शामिल राहुल भी पार्टनर है। नेहा ने ठगी की रकम से अपने भाई के नाम पर जमीन खरीदी है। रविवार को पुलिस ने महाठग नेहा तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

# अलग-अलग तीन सड़क हादसों में तीन की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। क्षेत्रीय पुलिस में शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेन पश्चिम पारा मैं रहने वाले मृतक के परिजनों ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। हादसे के दौरान बाइक चला रहे युवक हेलमेट लगाए हुए था। लेकिन झटके से हेलमेट गिरने से सिर पर गंभीर चोटें आई और मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे सड़क हादसे में सचेंडी में दो बाइक स्वरों को ट्रक ने अलग-अलग जगह कुचल दिया हादसे में दोनों की मौत हो गई। सचेंडी पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के सागरपुरी के रहने वाले गौरव वर्मा उम्र 20 वर्ष प्राइवेट नौकरी करता था। गौरव अपने दोस्त अंकित के साथ रायबरेली एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से गया था। शनिवार देर रात लौटते समय सेन पश्चिम पारा के पास तेज रफ्तार बाइक अंधेरे के चलते हाईवे के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। गौरव वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अंकित को मामूली चोटे आई थी। सड़क पर गिरने के दौरान हेलमेट भी टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हैलेट अस्पताल उपचार के लिए ले गए जहां पर गौरव ने इलाज के दौरान अपनी अंतिम सांस ली। परिवार के लोगों ने हादसे की जांच करने की मांग की है। सेन पश्चिम पारा के थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में तो हादसे में मौत लग रही है। लेकिन परिजनों की मांग पर मामले की जांच कराई जाएगी। वहीं दूसरे हाथ से में कानपुर देहात के कुड़वा गजनेर निवासी बृजेश सिंह उम्र 48 वर्ष प्राइवेट नौकरी करता था। छोटे भाई हरिओम ने बताया कि वह बाइक से बर्रा निवासी एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने दोनों भाई बाइक से गए हुए थे। शनिवार दिन रात घर लौटते समय बहुत ही चकरपुर मंडी के सामने हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मारने के बाद बृजेश को कुचल दिया। ट्रक के नीचे आने से बृजेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भाई हरिओम बाल बाल बच गया। सचेंडी थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया। वहीं तीसरे सड़क हादसे में शिवराज साहू और लव कुश एक ही कंपनी में नौकरी करते थे दोनों भाई शनिवार शाम को ड्यूटी से घर लौट रहे थे कि तभी सीढ़ी उदयपुर के बीच तेज रफ्तार तक में टक्कर मार दी घटना में शिवराज साहू का मौत हो गई वहीं लव कुश को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत विकास भवन में आयोजित की गई कार्यशाला



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निदेशक यूपीनेडा लखनऊ के निर्देशों के परिपालन में बीते दिन रविवार को विकास भवन सभागार में केस्को के 300 मीटर रीडर्स एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम कानपुर नगर के 142 मीटर रीडर्स को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दो सत्र में किया गया। जिसमें मीटर रीडर्स को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुये नेट मीटर / स्मार्ट मीटर से विलिंग की विस्तुत जानकारी दी गयी। फर्म मेसर्स ग्लोबल इन्र्जी एवं एपीएन ग्रीन के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी प्रेजेन्टेशन के साथ प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, डीवीवीएनएल अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कानपुर नगर तथा केस्को के अधिकारी एवं अभियन्ता गण के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# बेकाबू बोलेरो कार अनियंत्रित होकर खाई में पलटी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चौबेपुर। चौबेपुर बिठूर रोड नोन नदी पुल के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में बोलेरो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भिजवा।

सूत्रों के मुताबिक चौबेपुर थाना क्षेत्र के भट्ठा कोठी गांव निवासी उमेश अग्निहोत्री रविवार को अपनी पत्नी मनोरमा अग्निहोत्री बेटा आयुष अग्निहोत्री और बेटी अंजलि अग्निहोत्री के साथ एक गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थाना क्षेत्र शिवपुरी गांव निवासी संगम गुप्ता के साथ बोलेरो द्वारा बिठूर जा रहे थे। तभी रास्ते में नोन नदी के पास उनकी तेज रफ्तार बोलेरो सामने से आ रहे हैं बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अचानक नियंत्रित होकर थाई में पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देख राहगीरों ने मामले की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को गाड़ी से निकलवा कर उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने सभी घरेलू के प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल उमेश अग्निहोत्री और उनकी पत्नी मनोरमा अग्निहोत्री को हैलेट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है घटा स्थल के सामने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में घटना से संबंधित पुलिस ने वीडियो इकट्ठा किए हैं।

# इंटक के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न, लिए गए अहम फैसले

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रविवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कटहरी बाग कैंट स्थित आईएनडीडब्ल्यूएफ की कार्यालय में संपन्न हुई। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के दौरान मांग उठाई गई कि केंद्र सरकार की यूपीएस स्कीम की जगह ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की आवश्यकता है। पिछली कार्रवाई की पुष्टि पर विचार किया गया। जिसमें बोलते हुए अशोक सिंह ने प्रमुख मुद्दों का जिक्र करते हुए केंद्र और राज्य की श्रम और मजदूर विरोधी नीति पर हमला बोल दिया। उन्होंने देश के हर गरीब किसान, मजदूर, कामगार, नौजवानों, बेरोजगारों, का मुद्दा उठाते हुए कहां की समाज के इन सभी वर्गों को सामाजिक सुरक्षा बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा रोजगार से लेकर सभी को रहने के लिए छत की व्यवस्था करवाना केंद्र और राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। दोनों ही सरकारी अपने इस दायित्व का निर्वाहन नहीं कर रही है।

अशोक सिंह ने प्रस्ताव के तहत वर्तमान महंगाई को देखते हुए मनरेगा वर्कर्स की मजदूरी बढ़ाई जाने चीनी उद्योग के कामगारों की वेतन पुनरीक्षण, उत्तर प्रदेश विद्युत, टेक्सटाइल, आउटसोर्सिंग, आंगनवाड़ी, रोडवेज, कांच चूड़ी, आशा वर्कर, सीमेंट उद्योग, आदि के कामगारों के उत्पीड़न का विरोध किया। साथी सभी को एक समान वेतन देने की मांग की है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंटक नगर अध्यक्ष सिद्धनाथ तिवारी, किला मजदूर यूनियन, एमईएस राष्ट्रीय कर्मचारी यूनियन, इंटक प्रदेश महामंत्री एच एन तिवारी, उपाध्यक्ष पीएस बाजपेई, महामंत्री समीर बाजपेई, जेसीएम चतुर्थ नीरज सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, नरेश तिवारी, संयुक्त मंत्री संजय गुप्ता, प्रचार मंत्री विजय पाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शास्त्री नगर स्थित छोटा सेंट्रल पार्क में शाखा का वार्षिक उत्सव मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रविवार के दिन शास्त्री नगर स्थित स्वर्गीय राम मूर्ति मिश्रा स्मारक पार्क में लगने वाली दैनिक शाखा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन, खेल, समता, दंड के कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता कानपुर विभाग के कार्यवाहक सब लाल ने अपने उद्बोधन में संघ नीतियों को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोग गलत समझते हैं कि संघ की नीतियां कट्टर है। जबकि सॉन्ग समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्षों में प्रवेश कर रहा है। जिसमें पांच परिवर्तन, परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, और नागरिक कर्तव्य का संदेश दे रहा है। इतना ही नहीं समाज को प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर फैला लेकर जाने की आदत अपने आप में विकसित करनी चाहिए। अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संघ चालक बीएस चंदेल, नगर कार्यवाहक प्रेम नारायण, शाखा कार्यवाहक मनोज, मुख्य शिक्षक विशाल और समेत सैकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# असफलता से सीख लेंगे तो होंगे कामयाब: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



आप बच्चों को संकल्प लेना होगा। उनमें ज्ञान की जिज्ञासा, माता पिता के प्रति सम्मान, शिक्षकों के प्रति आदर होना चाहिए। यह छात्र जीवन कभी वापस नहीं आएगा। आप लोग जिज्ञासा रखें। आपके मन में करियर के लिए जो भी हो उस ओर कार्य करें। अगर आप खेल में जाना चाहते हैं तो जाएं। आपका मन जिस ओर है उस तरफ कार्य करें। समाज में जो विकार हैं उसको हटाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। हर व्यक्ति को इसलिए शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कभी तनाव न लें, गलतियां सभी से होती हैं। असफलता से न घबराएं। अगर आपने असफलता से सीख ले ली है तो आप जरूर कामयाब होंगे। मैं उद्यमियों से अपील करता हूं कि आप रिसर्च एंड डेवलेपमेंट पर खर्चा करें। यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। वह रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारे मन में सदा रहना चाहिए कि भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है। आप बहुत ही भाग्यशाली हैं। भारत किसी का मोहताज नहीं है। आज देश की जीडीपी ग्रोथ आठ प्रतिशत हो गई है। मुझे बढ़ा अच्छा लग रहा है कि आज जयपुरिया परिवार के सभी लोग उपस्थित हैं। मुख्य अतिथि ने स्कूल परिसर में पौधारोपण से शुरुआत की। स्कूल के हेडबॉय, हेडगर्ल और विभिन्न हाउस के हेड बॉय व गर्ल के साथ फोटो खिंचाई। राष्ट्रगान के साथ दीप प्रज्वलन हुआ। उप राष्ट्रपति ने नए भारत के निर्माण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने देश के युवाओं की क्षमता, ज्ञान और कौशल के माध्यम से इस क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता के बारे में बात की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्र निर्माण के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए जयपुरिया स्कूल की प्रशंसा की। उप राष्ट्रपति ने औद्योगिक घरानों को रिसर्च एंड डेवलेपमेंट में निवेश करने की अपील की। कहा कि वह अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल करें, जिससे ईडब्ल्यूएस छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विधान सभा के अध्यक्ष सतीमा महाना और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया, सलाहकार विनोद मल्होत्रा, निदेशक स्कूल और आईटी हरीश संदूजा, स्कूल प्रिंसिपल शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी मौजूद रहे।

### सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता: आनंदीबेन

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस पर सभी का स्वागत है। मुझे यहां आकर आपार हर्ष हो रहा है। शिक्षा न सिर्फ मनुष्य का अधिकार है, बल्कि मैं एक शिक्षिका रही हूं जब भी मौका मिलता है मैं छात्रों से मिलती हूं। छात्र जीवन में लक्ष्य का महत्व है। इसका कोई शॉर्टकट नहीं होता। अगर आप बार-बार गिरते हैं तो डरना नहीं चाहिए। यह आपको मजबूत बनाते हैं और आप सफल होते हैं। आप मेहनत को जारी रखें। लक्ष्य के मुताबिक अपनी जीवनचर्या बनाएं। आज स्कूल के 50 वर्ष हो चुके हैं। यह स्वर्णिम अवसर है। छात्रों के साथ ही शिक्षक भी बधाई के पात्र हैं।

# मंदिर में ले जाकर मासूम संग की अश्लील हरकतें



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मंदिर परिसर में खेल रही मासूम को पुजारी अंदर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मासूम के रोने की आवाज सुन दौड़े लोगों ने पुजारी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कालपी निवासी 75 वर्षीय साधु महेंद्र दास रामजानकी मंदिर में कई वर्षो से रहकर पूजा अर्चना करता था। रविवार सुबह गांव की ही एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची मंदिर परिसर में खेल रही थी। तभी पुजारी उसे पकड़कर अंदर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इससे बच्ची जोर-जोर से रोने लगी। उसकी आवाज सुन आसपास बैठे लोग दौड़े और अंदर जाकर देखा कि साधु मासूम के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। इस पर लोगों ने उसे पकड़कर उसके साथ मारपीट की। सूचना पर सीओ एके सिंह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ एके सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

## पति-बच्चों को छोड़ प्रेमी संग चली गई महिला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

इंटरनेट मीडिया पर युवक की रील देख महिला को उससे प्यार हो गया। दोनों मिलने के लिए घर से चले गए। महिला की बहन ने जीआरपी सेंट्रल पर शिकायत की, जिसके बाद दोनों बदायूं के पास मिले। शनिवार को दोनों को स्टेशन लाया गया, जहां पर महिला पति व बच्चों की जगह प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी रही। युवक उससे करीब छह साल छोटा है। फेसबुक पर उसकी रील देखकर पसंद करने लगी और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इंस्पेक्टर ने दोनों को उनके परिजनों के हवाले किया।

बदायूं का रहने वाला 24 वर्षीय युवक रील बनाता है। कभी गाने तो कभी एक्टिंग की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करता है। जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने बताया कि युवक की वीडियो जौनपुर की महिला ने देखा और उस पर कमेंट किया। दोनों के बीच चैटिंग और बातचीत शुरू हो गई।

कुछ दिन पहले महिला अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर युवक के साथ चली गई।

### स्क्रैप कारोबारियों से करोड़ों की खरीद-बिक्री केवल कागजों पर मिली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** देश की दिग्गज इस्पात और स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी रिमझिम इस्पात समूह के प्रतिष्ठानों पर चल रही आयकर की जांच शनिवार को भी जारी रही। कानपुर के अलावा अलग-अलग शहरों के स्क्रैप कारोबारियों से करोड़ों की खरीद-बिक्री की जानकारी अफसरों को मिल है, जो केवल कच्चे पर्चों पर ही सीमित थी।

वहीं, कंपनी से जुड़े बड़े डीलर भूमिगत हो गए हैं। इनके जरिये 100 से 150 करोड़ का कारोबार हर महीने होता था। ओड़िशा में किए गए निवेश और कंपनी खरीद की प्रक्रिया को भी टीमें देख रही हैं। शुरूआती जांच में जो दस्तावेज टीमों के हाथ लगे हैं वो बड़ी कर चोरी की ओर इशारा कर रहे हैं। आयकर विभाग के 250 से ज्यादा अफसरों की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को कंपनी के मालिक योगेश अग्रवाल के कानपुर स्थित आवास, कॉरपोरेट कार्यालय उन्नाव, हमीरपुर की फैक्टरियों पर कार्रवाई की गई थी।

# मॉर्निंग वॉक कर लौट रहे मां-बेटे को पिकअप ने रौंदा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर देहात के झिंझक कस्बा में रविवार सुबह मॉर्निंग वॉक कर लौटे मां- बेटे को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। पिकअप के साथ करीब 30 मीटर तक घिसटने से बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मां की रसूलाबाद सीएचसी से हैलट ले जाने के दौरान मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने रसूलाबाद झींझक मार्ग पर पेड़ की टहनियां डालकर जाम लगा दिया। पुलिस अधिकारी परिजनों को शांत करवाने में जुटे हैं। झींझक निवासी नीलम (45) रविवार सुबह पांच बजे के करीब बेटे हेमंत उर्फ लालू (18) व बेटी नैंसी (21) के साथ मॉर्निंग वॉक पर गईं थीं। 5:40 बजे के करीब वह घर लौट आए। नैंसी घर का ताला खोल रही थी। जबकि मां- बेटे सड़क किनारे खड़े होकर दरवाजा खुलने का इंतजार कर रहे थे। तभी रसूलाबाद की ओर से आई तेज रफ्तार पिकअप ने मां- बेटे को रौंद दिया। बेटा पिकअप में फंसकर करीब 30 मीटर तक घिसटता चला गया।

इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा करने के बाद चालक पिकअप लेकर भाग गया। परिजन महिला को सीएचसी रसूलाबाद लेकर गए। वहां से हैलट ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला ने भी दम तोड़ दिया। हादसे से नाराज परिजनों ने बेटे का शव रखकर व घटना स्थल के पास पेड़ की टहनियां डालकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ देवेंद्र सिंह, थाना प्रभारी संजय गुप्ता परिजन को शांत करवाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं।

# मेट्रो ने तोड़ी मुख्य पाइपलाइन, दक्षिणी क्षेत्र में पानी की किल्लत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

यूपीएमआरसी कॉरीडोर-2 के तहत सीएसए से विजयनगर होते हुए बर्रा-8 तक मेट्रो ट्रैक बिछवा रहा है। शनिवार रात फजलगंज फायर स्टेशन के पास एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक के लिए खोदाई के दौरान वहां बिछी जलापूर्ति की मुख्य पाइपलाइन टूट गई। इससे रविवार की सुबह एक करोड़ लीटर से ज्यादा पानी सड़क पर बहने के साथ ही फायर स्टेशन में भर गया।

सुबह 7:00 बजे जल निगम ने गंगा बैराज जल शोधन संयंत्र से जैसे ही पानी की आपूर्ति शुरू की, तभी फजलगंज फायर स्टेशन से दादानगर की तरफ सड़क के बीच तोड़े गए डिवाइडर और फायर स्टेशन के पास चैंबर से तेज रफ्तार से पानी बहने लगा। इससे बैंक आफ बड़ौदा रोड नहर जैसी नजर आने लगी। यातायात भी प्रभावित हो गया। होमगार्ड कृष्ण चंद्र और विजय कुमार ने मेट्रो कर्मियों को सूचना दी। करीब 11 बजे जल निगम ने पानी की आपूर्ति बंद की, फिर भी दोपहर 1:30 बजे तक पानी बहता रहा।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस

### सम्पादकीय

## जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कब तक भटकेगी कांग्रेस?

**अतीत पर नजर डालें तो एक जमाना था जब गांव-गांव में कांग्रेस के मजबूत शुभचिंतक थे, लेकिन पार्टी की अव्यवहारिक रीति-नीति के चलते वह इससे दूर होते चले गए। दो टूक कहें तो भाजपा में या क्षेत्रीय दलों में शिफ्ट हो गए। ऐसे में आज कांग्रेस के पास सिर्फ उन धनपशुओं की टोली बची है, जिनको दूसरी राजनीतिक पार्टियां कभी तवज्जो नहीं देतीं। इनका काम कांग्रेस की सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं के शाही खर्चों का इंतजाम करना भर है और इसलिए इनके समर्थक ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय संगठनों पर हावी हैं।**

*कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका देशव्यापी जनाधार है। लेकिन वह जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है? आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे उसकी जीत कितना मुकम्मल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है। ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं। ठीक उसी तरह से आज कांग्रेस के रसूखदार और धन्नासेठ नेता पार्टी संगठन में पद और चुनावी टिकट देने के वास्ते वोट और पैसा दोनों लेते/लिवाते हैं, यह जानते हुए भी कि सामने वाला न तो उनका जनाधार बढ़ा पाएगा और न ही चुनाव जीत/जीतवा पाएगा। ऐसा वो सिर्फ इसलिए करते हैं कि सामने वाला अमीर है, वफादार है, पिछलग्गू भर है या फिर निहित समीकरण वश किसी ने उसकी सिफारिश की है। बेशक कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, लेकिन वही जिनके नेहरू-गांधी परिवार से ठीकठाक सम्बन्ध हैं। अब बात पते की करते हैं। जैसे एक शातिर बंटाईदार अपने भूस्वामी की भूमि पर भी कब्जा कर लेता है और इसमें जब वह असफल होता है तो जमीन मालिक से कम कीमत में उसकी रजिस्ट्री करवाना चाहता है। अनुभवहीन भूस्वामियों को ऐसा करते हुए भी देखा सुना है। ठीक इसी प्रकार लालू प्रसाद और स्व. मुलायम सिंह यादव जैसे नवसियासी बटाईदारों ने कांग्रेस के साथ किया और आज क्षेत्रीय सियासी जमींदार बन बैठे हैं। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि निहित स्वार्थवश पीवी नरसिम्हाराव यही चाहते थे! उनके तिकड़म को सोनिया गांधी नहीं समझ सकीं! वहीं, आज जब राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ। कांग्रेस माने या न माने, लेकिन समाजवादी, वामपंथी और राष्ट्रवादी सियासी जमींदारों ने उसकी राजनीतिक जमींदारी को क्षत-विक्षत करने में अहम भूमिका निभाई है और हैरत की बात यह है कि वह समझ नहीं पाई और नादान बनी रही। जबकि इसके खिलाफ ठोस और जमीनी रणनीति बनानी चाहिए। जैसे कि उसके बाद जन्मी भाजपा ने किया है। माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है। आज वह सत्ता में नहीं है, फिर भी उन्हीं लोगों से सहारा ढूंढ रही है, जो उसकी सियासी पतन के लिए कसूरवार हैं। चूंकि मैंने एआईसीसी/बीजेपी/तीसरे मोर्चे को कवर किया है, इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि कांग्रेस के अंग्रेजी भाषी दलाल नेताओं ने उसके जमीनी नेताओं को भाजपा या क्षेत्रीय दलों में जाने के लिए अभिशप्त कर दिया। चूंकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए वो अपने व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई।*

### एक्सप्रेस आलेख

**ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी।**

## भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल



डॉ सत्यवान सौरभ

**सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5, 000 करोड़ रुपये की क़ीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है।**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसे और विश्वसनीयता बनाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक





**हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिज़ाइन की गई**

और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिज़ाइन की गई, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करके मोबाइल ग्राउंड प्लेटफ़ॉर्म और जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है, यह एक सिस्टम है जिसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा पेटेंट किया गया है और यह पहले से ही 30 भारतीय नौसेना के जहाजों पर चालू है। यह मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर ज़ोर देता है। 1, 000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी। मिसाइल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 20 अतिरिक्त परीक्षण उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वदेशी रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर के माध्यम से टर्मिनल होमिंग भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5, 000 करोड़ रुपये की क़ीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है, जिसके सेवा में प्रवेश के लिए एक निर्धारित समय-सीमा है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा 12:41 तक |
| नक्षत्र: | ज्येष्ठा 15:35 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | धृति, 15:54 |
| सूर्योदय: | 07:00 |
| सूर्यास्त: | 17:19 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 08:18-09:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:49-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### है हमने ये ठाना !

*हर बात पर राजनीति ।*
*होकर रहने वाली ।।*
*चलता तेज़ दिमाग है ।*
*नहीं है रखना खाली ।।*
*काम पड़ा है ज्यादा ।*
*ना करना आराम ।*
*घटनाएं कुछ हो रहीं ।*
*ज्यादा अब तमाम ।।*
*हर पल अब कुछ नया ।*
*लेकर के ही आना ।।*
*पेश है करना वह कुछ ।*
*चाहे जो ज़माना ।।*
*होंगे कामयाब हम ।*
*है हमने ये ठाना ।।*
*लेकिन होगा बंद ना ।*
*रहेगा बजता गाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*दिल में हर दर्द छुपा लिया करो,*
*यादों को दिल में बसा लिया करो।*
*इश्क छुपाना इतना होता नहीं आसां,*
*मेरा नाम सरेआम बता दिया करो।*
*हर दर्द की दास्तां है जुदा जुदा,*
*न कानाफूसी में झुठला दिया करो।*
*मिलने की खुशियां चंद लम्हों की,*
*जुदाई के दर्द को दबा लिया करो।*
*सन्नाटे का शोर क्यों है इतना रातों में,*
*शोर को खामोशी में छुपा लिया करो।*
*इश्क में तुम्हारी दुनिया लुट गई मेरी,*
*लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।*
*पहली नजर में ही मर मिटे संजीव*
*लंबी उम्र की ना दुआ किया करो ।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**तेज बोलने से कोई किसी को नहीं सुनता उसके विचार कैसे हैं उस आधार पर व्यक्ति को सुना जाता है।**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## बच्चों में खांसी और जुकाम के दौरान 6 लक्षणों को न करें नजरअंदाज, खराब सेहत का हो सकते हैं संकेत



**मौसम** में बदलाव के साथ बच्चों में सर्दी-जुकाम की समस्या होना बहुत आम है। दरअसल, बच्चों की इम्यूनिटी काफी कमजोर होती है, जिस कारण उन्हें बार-बार सर्दी-जुकाम हो सकता है। वैसे तो यह समस्या आमतौर पर कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन बच्चों को ज्यादा समस्या होने पर माता-पिता घरेलू नुस्खे या डॉक्टर के द्वारा बताई गई दवाइयां देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है, सर्दी-जुकाम के साथ अगर बच्चों के शरीर में कुछ अन्य लक्षण नजर आए तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं।

**गड़गड़ाहट:** बच्चों में खांसी और जुकाम होने पर अगर सांस छोड़ते समय उनके गले से एक धीमी, कराहने जैसी गड़गड़ाहट वाली आवाज आए तो इसे नजर अंदाज न करें। यह समस्या सांस लेने में बच्चे को होने वाली समस्या का संकेत देता है, जो अक्सर निमोनिया या गंभीर सांस से जुड़ी समस्या के कारण हो सकता है।

**नाक का फड़कना:** सांस लेते समय नाक के छिद्रों का चौड़ा होना बच्चे को सांस लेने में समस्या होने का संकेत होता है, जो आमतौर पर सांस से जुड़े इंफेक्शन या अस्थमा का लक्षण हो सकता है।

**सिर हिलाना:** सर्दी-जुकाम होने पर सांस लेते समय अगर बच्चा अपने सिर को आगे-पीछे करते हैं। सांस लेते समय बच्चे की ऐसी हरकते उनके सांस लेने के दौरान होने वाली गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है।

**स्ट्रिडोर:** सांस लेते समय बच्चे में तेज घरघराहट की आवाज बच्चों के वायुमार्ग में रुकावट का संकेत हो सकता है, जो एपिग्लोटाइटिस जैसे गंभीर इंफेक्शन के कारण हो सकता है।

**पसलियों का दिखाई देना:** सांस लेते समय बच्चों की पसलियां साफ नजर आना, सांस लेने में समस्या और शरीर में ऑक्सीजन की कमी का संकेत हो सकता है, जिसे नजरअंदाज करना स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो सकता है।

**घरघराहट:** सांस लेने के दौरान सीटी बजने या खड़खड़ाने जैसी आवाज, खासकर सांस छोड़ते समय, आमतौर पर अस्थमा, ब्रोंकियोलाइटिस या एलर्जी से जुड़ा होता है, लेकिन संक्रमण के कारण सांस लेने के रास्ते के सिकुड़ने का भी संकेत हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां



प्रियंका सौरभ

**बुनियादी ढांचे में सुधार और आसियान देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने पर भारत का ध्यान चीनी परियोजनाओं पर उनकी निर्भरता को कम करता है। भारत को क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान तंत्र को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए।**

**एमजीसी जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है। भारत को क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए रक्षा ख़र्च और सैन्य गतिविधियों में पारदर्शिता के महत्व पर जोर देना चाहिए। भारत का खुला रक्षा बजट और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी क्षेत्रीय विश्वास में योगदान करती है।**

**एशिया** में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियां क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहां जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है। श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर ज़ोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों पर असर पड़ा। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मजबूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मजबूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्त्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मजबूत किया है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए।

# माँ अन्नपूर्णा रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर दानदाताओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी**



नगर में जरुरतमंदों की सेवा के लिए संचालित माँ अन्नपूर्णा रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर समारोह पूर्वक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माँ अन्नपूर्णा रसोई सेवा समिति के महामंत्री समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल ने कहा, रसोई का संचालन जरुरतमंद लोगों के लिए चलाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस पुनीत कार्य को करने का अवसर दिया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता ने प्रतिदिन रसोई में दान देने वाले 230 दानदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने रसोई का संचालन कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिससे श्रद्धालुओ, जरुरतमंदों गरीब एवं निराश्रितों के लिए 10 रुपये में भर पेट भोजन की व्यवस्था की।

कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी ने एक वर्ष का व्यौरा देते हुए कहा कि, कुल 19 लाख 05 हजार 894 रुपये दानदाताओं से प्राप्त हुए तथा 18 लाख 16 हजार 305 व्यय हुआ।समाजसेवी केशव अग्रवाल ने रसोई के लिए सोलर प्लांट देने की घोषणा की। माँ अन्नपूर्णा रसोई के संचालक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, छोटी काशी गोला भगवान शिव जी की नगरी है यहाँ वर्षभर श्रद्धालुओं का आना रहता है तथा अनेकानेक लोग जीविकोपार्जन के लिए यहाँ मजदूरी करने आते है उन सबके लिए 10 रुपये में भर पेट भोजन के लिए समाज के सहयोग से नर सेवा नारायण सेवा के भाव के साथ निरन्तर चलती रहेंगी।

इस अवसर पर बी एच एल के लीगल मनेजर अवनी कुमार पांडे समाजसेवी, केशव अग्रवाल, के.के.गुप्ता तहसीलदार सुखबीर सिंह, पंडित रामदेव शास्त्री, धर्मेंद्र सिंह, शिवकुमार बाजपेई पिंटू, मिथिलेश सिंह, शिव मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश मिश्रा, घनश्याम अग्रवाल सत्य प्रकाश अग्रवाल जी, आदर्श सोनी, रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी, सौरभ दीक्षित, विनोद स्वर्णकार, सुमित शाह, अरुण अवस्थी, जगमोहन वाल्मीकि, नाथूलाल अवस्थी, श्रवण माहेश्वरी, आशीष गुप्ता,अविनाश गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, धीरज बाजपेई, रविंद्र कटियार, पंकज बाजपेयी, रामेंद्र शुक्ला, अशोक सक्सेना, जमाल अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रामजी गुप्ता ने किया।

# सदर कोतवाली और क्राइम ब्रांच के सिपाहियों पर चेन छीनने का आरोप

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**



सदर कोतवाली के मोहल्ला कमलापुर निवासी जसकरन राज ने कोतवाली और क्राइम ब्रांच के सिपाहियों पर मारपीट और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने छह नामजद सिपाहियों और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित जसकरन ने बताया कि वह पेशे से वकील हैं। बड़े भाई रामऔतार राज को ब्रेन हेमरेज हुआ था। दूसरे भाई शिवरतन राज एडवोकेट से विवाद हो गया था। जिस पर शिवरतन राज ने डायल-112 पुलिस से मदद मांगी थी। घटना 21 जून की शाम छह बजे की है। डायल 112 पुलिस घर पर आई और दोनों पक्षों को थाने ले आई थी। जहां पर संजू यादव कोतवाली सदर, प्रदीप चौधरी कोतवाली सदर, सतेंद्र कुमार कोतवाली सदर, विकास सिपाही क्राइम ब्रांच, अमरजीत सिपाही क्राइम ब्रांच, बृजेश चौधरी सिपाही क्राइम ब्रांच व एक अज्ञात सिपाही ने मारापीटा।

घटना के दौरान संजू यादव व प्रदीप चौधरी ने गले में पहनी 27 हजार रुपये कीमत की चेन छीन ली। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों का 151 में चालान कर दिया था।

सिपाही सतेंद्र कुमार ने गालियां देते हुए पीटा।

दो हजार रुपये छीन लिए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## समरसता दिवस को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस | खमरिया खीरी।** भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि ( 6 दिसंबर 2024) को समरसता दिवस के रूप में मनाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा बसढ़िया चौराहा स्थित गुरुकुल एजुकेशनल एकेडमी विद्यालय स्थित एबीवीपी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अजय कुमार पांडे ने नगर इकाई खमरिया के कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हुए 6 दिसंबर को होने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। और बाबा साहब की पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की। इस मौके पर खमरिया इकाई से नगर अध्यक्ष योगेश अवस्थी, नगर उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, अनिल कुमार, नगर दुर्गेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबेडकर पार्क के नाम आरक्षित जमीन पर ग्राम प्रधान व उनके गुर्गो का अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

तहसील सदर लखीमपुर के विकासखंड फूल बेहड अंतर्गत ग्राम पंचायत नरहर में सरकारी जमीनों व अंबेडकर पार्क के लिए आरक्षित जमीन पर ग्राम प्रधान पति मुन्ना लाल व उनके कई गुर्गो द्वारा प्रधान पति मुन्ना लाल और लेखपाल से साठ गांठ करके अपने-अपने मकान बना रखे हैं इन अवैध कबजेदारों से भारी भरकम सुविधा शुल्क लेकर तत्कालीन लेखपालों व राजस्व निरीक्षक द्वारा उक्त अवैध कब्जे को नहीं हटवाया जा सका है और ना ही अंबेडकर पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध आज तक कोई मुकदमा ही पंजीकृत कराया जा सका मुख्यमंत्री पोर्टल व जिला अधिकारी खीरी सहित मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ के जनपद में लगे जनता दर्शन में दी गई शिकायतों सहित सैकड़ो उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों पर फर्जी मनमानी, झूठी, आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए अवैध कब्जा धारक मुन्नालाल को बचाया जा रहा है जिसके चलते मुख्यमंत्री के आदेशों को हवा में उड़ाया जा रहा है यहां पर सबसे अहम मामला तो यह है कि जितनी बार और जितने लेखपालों ने की नाप सभी नाप अलग-अलग आने से लेखपालों की कार्यप्रणाली पर भी संदेह पैदा होना लाजमी लगने लगा है अभीगत दो माह पूर्व आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के क्रम में तत्कालीन लेखपाल द्वारा की गई पैमाइश में ग्राम प्रधान पति समेत कई लोगों के मकान अंबेडकर पार्क के आरक्षित जमीन पर बने मिले और अवैध कब्जा करने की पुष्टि हुई थी तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर लगाई गई आख्या में स्पष्ट उल्लेख किया गया है के प्रधान पति मुन्नालाल सहित कई लोगों द्वारा अंबेडकर पार्क की आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाए गए हैं उक्त रिपोर्ट के बाद अपनी गर्दन फसते देख धनवल की दम पर और माननीय की सिफारिश से मनमाफिक लाये गए लेखपाल कमलेश द्वारा की गई माप में प्रधान पति मुन्ना लाल को अवैध कब्जा से अलग कर दिया गया जो इनकी मिली भगत होने की पुष्टि को काफी है सबसे मजेदार बात यह है कि इससे पूर्व पैमाइश करने वाले लेखपाल द्वारा क्या फर्जी पैमाइश की थी यदि नहीं तो कमलेश के द्वारा की जा रही पैमाइश में अवैध कब्जे से अलग कैसे हो गए प्रधान पति मुन्नालाल यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

ग्रामीणों ने वर्तमान लेखपाल कमलेश की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर पैमाइश कराई जाने तथा अवैध कब्जा धारक लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ-साथ अवैध कब्जा हटवाकर अंबेडकर पार्क को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# मैगलगंज वन रेंज में लकड़कट्टो का खौफ बरकरार

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

देश व प्रदेश की सरकारें वृक्षारोपण को लेकर नई-नई योजनाएं ला रही है। लेकिन वन विभाग वृक्षों पर आने वाली योजनाओं को पूरी तरह से सभालने में नाकाम साबित हो रही है औरंगाबाद कस्बे के दस किलोमीटर आस पास जितने भी सड़क की दोनों पटरियों पर पेड़ लगे हैं। उनको जमकर काटा जा रहा है । इन पेड़ों को जड़ से एक दम नही काटा जा रहा है बल्कि धीरे धीरे लकडकट्टे काट रहे हैं।सैकड़ों पेड़ों को राहस्य मय तरीके से काट कर लकड़ी माफिया गायब कर चुके है।?लेकिन बन विभाग खाली तमासबीन बना बैठा है।

आखिर इन पेड़ों को कौन कैसे काट रहा है इस पर वन?विभाग का ध्यान क्यों नहीं गया। क्या कभी किसी पेड़ काटने वाले पर कार्रवाई हुई अहम् सबाल बना हुआ है।

# 136 न्याय पंचायतों के 976 ग्राम पंचायतों में लगेगी किसान पाठशाला

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

जिले की 136 न्याय पंचायतों की 976 ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी किसान पाठशाला लगाएंगे। इस पाठशाला में किसानों की आय वृद्धि को लेकर तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

यह जानकारी उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने दी। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद की 136 न्याय पंचायतों की 976 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन कराये जाने के दृष्टिगत कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। कृषि भवन सभागार बहराइच में आयोजित किसान पाठशाला हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये उप कृषि निदेशक श्री शाही ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसानों की आय बढ़ाने हेतु फसलोत्पादन की तकनीकी जानकारी कृषि विविधीकरण अपनाकर आय वृद्धि की जा सकती है। जनपद में 84 कृषक उत्पादक संगठनों का गठन कराया गया है। जो अच्छा कार्य कर रहे है। किसान पाठशाला गोष्ठी के आयोजन के दौरान इन एफपीओ के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाय तथा उनका भी सम्बोधन कराया जाय। जनपद के कई किसान अच्छा कार्य कर रहे है। उन प्रगतिशील किसानों को पाठशाला गोष्ठी में आमंत्रित कर उनकी भी सफलता की कहानी प्रस्तुत करायी जाय। किसान पाठशाला आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि एवं ऐलाइड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर तथा उन्हें प्रशिक्षित कर आय वृद्धि करना है। उप निदेशक, कृषि ने कर्मचारियों से कहा कि आप सभी ग्राम पंचायतों में पाठशाला लगाने जा रहें। उन ग्रामों के राजस्व लेखपाल एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करें तथा उन्हें बतायें कि जब तक आप फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते है, तब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने-अपने क्षेत्र के 02-02 किसानों के यहां प्रदर्शन करायें।

बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डा. शैलेन्द्र सिंह ने किसानों को रबी फसलों की समय से बुवाई संतुलित उर्वरकों का प्रयोग तथा समय से सिंचाई के साथ-साथ नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का उपयोग सही ढंग से करना है तथा सीडड्रिल एंव सुपर सीडर कृषि यन्त्र का उपयोग कर लाईन से बुवाई के माध्यम से उत्पादकता में 10 से 15 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के प्रभारी अधिकारी डा. संदीप कनौजिया ने कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी तथा किसानों के आय वृद्धि के टिप्स दिये । जिला कृषि अधिकारी, बहराइच डा. सूबेदार यादव ने उपस्थित कर्मचारियों को बताया कि 40 हजार मीट्रिक टन डीएपी सहकारी समितियो पर भेजी गयी। जिले में अन्य जनपदों की अपेक्षाकृत सबसे अधिक गेहूँ बीज का आवंटन कराकर जिले में वितरण कराया गया है। और अधिक बीज प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उपस्थित कर्मचारियों को एन0पी0के0 एवं एस0एस0पी0 उर्वरकों का उपयोग की सलाह किसानों को उपलब्ध करायें। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग किसानों में कराने हेतु अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम दो किसानो के यहाँ प्रर्दशन करायें। इससे किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के लाभ का सही आंकलन हो सकेगा। तथा वे इन उर्वरकों का उपयोग कर लाभान्वित होगे। डा. प्रिया नन्दा जिला कृषि रक्षा अधिकारी बहराइच ने उपस्थित कर्मचारियों को बायोपेस्टीसाईडस् एवं बायोफर्टिलाइजर का उपयोग करने की विस्तृत जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा ने कृषक उत्पादक संगठन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी तथा सलाह दी कि विकासखण्ड में कार्यरत एफपीओ से जुड़े अधिक से अधिक किसानों को उद्यमी बनायें जिससे उनकी आय वृद्धि हो सके। सहायक रेशम विकास अधिकारी श्री अखिल कुमार ने रेशम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी बहराइच के वरिष्ठ निरीक्षक श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी ने औद्यानिक फसलों के उत्पादन तथा विविधिकरण की विस्तृत जानकारी दी। डा0 जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी सहायक निदेशक मत्स्य ने मत्स्य उत्पादन कर आय वृद्धि की जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं कैसरगंज द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारियों को फार्मर रजिस्ट्री करने ऐप डाउनलोड कराया गया तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से बिन्दुवार फार्मर रजिस्ट्री कराने की जानकारी दी।

# एक्सप्रेस खबरें...

## महिला का अपहरण कर विवाह के लिए दबाव बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** थाना खैरी घाट पुलिस ने एक महिला का अपहरण कर उस पर शादी का दबाव बनाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभी रक्षा में जेल रवाना कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रविवार को थाना खैरीघाट के बेहड़ा रखौना मोड़ से समय 13.10 बजे अभियुक्त मुलायम सिंह पुत्र शत्रोहन लाल निवासी सजीदाबाद दा0 गडिया थाना को0 नगर जनपद बराबंकी को धारा 87 भारतीय न्याय संहिता में सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो का पालन करते हुये गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने अभियुक्त को 24 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को दी गयी। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में थाना खैरीघाट के वरिष्ठ उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह, तथा कांस्टेबल बृजेश कुमार शामिल रहे।

## युवक ने सल्फास खाकर की जान देने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** नशे में धुत एक युवक ने सल्फास खाकर जान देने की कोशिश की। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना हरदी अंतर्गत ग्राम हरदी गौरा निवासी दिनेश कुमार (38) पुत्र आनंद नारायण ने रविवार सुबह नशे की हालत में सल्फास खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो उन्होंने उसे लाकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। घटना के सम्बन्ध में युवक के भाई जयदीप कुमार ने बताया कि शनिवार की रात वह पति- पत्नी एक शादी समारोह में गये थे और घर पर भाई दिनेश और और उसकी मां थी। रविवार सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो उसने भाई को लाकर मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया।

## अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने आयोजित किया शिविर

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** अंतराष्ट्रीय एड्स दिवस पर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।इसके पश्चात छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया।एड्स के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा सिसई हैदर गाँव में जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई।संगोष्ठी में डॉ प्रीति यादव ने छात्राओं के मध्य एड्स विषय से संबंधित जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

## सूना घर पाकर चोरों ने लाखों की नगदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

**जन एक्सप्रेस | बहराइच।** थाना दरगाह क्षेत्र के सलारजंग नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति अपने परिवार के लोगों को हज उमरा के लिए लखनऊ एयरपोर्ट छोड़ने गए थे। बंद व सूना मकान पाकर चोरों ने नगदी और जेवरात समेत लाखों की चोरी की। दरगाह थाना क्षेत्र के नईबस्ती सलारगंज निवासी जहीर पुत्र सगीर अहमद की मां और बहन समेत अन्य को उमरा के लिए लखनऊ जाना था। जिसके लिए सगीर सभी को लेकर लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। खाली मकान पाकर चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया और घर में रखे 20 हजार रुपये नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। जब सगीर वापस सुबह नौ बजे घर पहुंचे तो बाहर का ताला बंद मिला। लेकिन जब अंदर जाकर देखा तो सभी कमरों के दरवाजों पर लगे ताले टूटे मिले। सगीर ने बताया कि ढाई से तीन लाख रुपए की सम्पत्ति चोरी हुई है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने दरगाह थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

# ऑनलाइन आरटीआई को दिया जा रहा प्रोत्साहन: डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**



राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 30 दिवस की लक्ष्मण रेखा का सम्मान करते हुए 30 दिवस के अन्दर अनिवार्य रूप से सम्बन्धित को सूचना अवश्य उपलब्ध करा दें। डॉ.अग्निहोत्री ने यह निर्देश लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, तहसीलदार व जिला विद्यालय निरीक्षक के जनसूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों में से यदि किसी प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में आप द्वारा सूचना नहीं दी जा रही है तो आवेदन कर्ता को 30 दिवस के अन्दर सूचना न देने के कारणों से अवश्य अवगत कराया जाय। राज्य सूचना आयुक्त ने सभी सम्बन्धित से कहा कि किसी भी परिस्थिति में 30 दिन की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि अधिनियम के माध्यम से नागरिकों को सूचना का अधिकार दिया गया है। इस प्रक्रिया के ऑनलाइन क्रियान्वयन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिसके उत्साहजनक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन आवेदन और सूचना प्रदान करने में अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। इससे खासतौर पर गरीब लोगों को व्यर्थ दौड़ना नहीं पड़ेगा। उन्होंने ऐसी व्यवस्था पर जोर दिया जिससे जिला पंचायत राज कार्यालय से लेकर ग्राम सचिवालय तक गांव के लोगों को बिना परेशानी के सूचना मिल सके।

# महात्मा गांधी के आह्वान पर आंदोलन में कूदे थे स्वाधीनता सेनानी नरसिंह दास मिश्र, मनाई गई 61वीं पुणतिथि

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन जिला इकाई बहराइच एवं श्रावस्ती के तत्वावधान में अपने पूर्वजों स्वतंत्रता सेनानियों/शहीदों के सम्मान एवं उनके उत्तराधिकारियों के अस्तित्व की रक्षा हेतु पूरे देश में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सुबह दस बजे दस मिनट उन्हें याद कर श्रद्धांजलि/ पुष्पांजलि अर्पित करने एवं राष्ट्र गीत, राष्ट्र गान का गायन करने के क्रम में अखण्ड बहराइच के स्वतंत्रता सेनानी नरसिंह दास मिश्र की 61वीं पुण्यतिथि मनायी गई। सेनानी उत्तराधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि नरसिंह दास मिश्र का जन्म 15 अगस्त 1902 को जनपद बहराइच के ब्लॉक इकौना ग्राम भुतहा में पं. गंगाधर मिश्र के घर हुआ था। वे बाल्यकाल से ही आजादी के समर्थक थे। बापू के आवाहन पर उन्होंने वर्ष 1941 में व्यक्तिगत सत्याग्रह आन्दोलन में भाग लिया। उनमें संगठन करने की अद्भुत क्षमता थी और एक कर्मठ उत्साही स्वतंत्रता सेनानी थे। सेनानी नरसिंह दास मिश्र के पौत्र एवं मौजूदा जिला कांग्रेस कमेटी बहराइच के अध्यक्ष इं जय प्रकाश मिश्र ने कहा कि आजादी के बाद गठित प्रथम जिला परिषद बहराइच में वे सम्मानित सदस्य थे। वे आजीवन स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों के अस्तित्व की रक्षा हेतु संघर्षरत रहे तथा कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहे। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि दोआबा के बाढ़ पीड़ितों की सहायता करना सेनानी श्री मिश्र का सराहनीय कार्य था।

# परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस लाइन बहराइच प्रेक्षागृह में आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया है।

रविवार को आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्र, कुशल काउंसलर्स फहीम किदवई, डीपी सिंह व अनुराधा श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, रंजना उपाध्याय सिंह, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल सविता मिश्रा द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस लाइन बहराइच प्रेक्षागृह बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी।

आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित कर, परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनावी सुगबुगाहट शुरू

**जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी**

नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो गई। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कस्बे में चुनाव 8 दिसम्बर को होगा।निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जैन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया नगर पंचायत के मैरिज हाल में संपन्न कराई जाएंगी। नगर कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के पदों पर चुनाव होगा।1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। 4 दिसंबर को पर्चा वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। 8 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। तीन बजे से मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की जाएगी। तहसील महामंत्री मुन्ना खान ने बताया कि व्यापार मंडल की तहसील इकाई की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी पदों के नामांकन पत्र वितरण एवं जमा करने का केंद्र सिंगाही स्थित पंचोली ट्रेडर्स के यहां किया जाएगा। इस केंद्र पर उपस्थित रहकर नामांकन प्रक्रिया पूरी कराने का दायित्व तहसील उपाध्यक्ष शिखर पंचोली, तहसील मंत्री अखिलेश कुमार गुप्ता, तहसील संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह को सौंपा गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी।** रविवार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं सै0 माऊज बिन आसिम, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी के निर्देशानुसार 14 दिसंबर 2024 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद ) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद, व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद / प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित किये जायेंगे।

# लोकमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व घोष वादन किया गया

**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह 2024, के अंतर्गत सीतापुर आंख अस्पताल चौराहे पर लोकमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व घोष वादन किया गया।इस अवसर पर कोलकाता से पधारे मुख्य अतिथि अद्वैत चरण दत्त अखिल भारतीय अधिकारी सामाजिक सद्भाव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई बाई का जीवन लोक कल्याण के लिए रहा। अवध प्रान्त में राजकिशोर जी के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित कार्यक्रम होते रहेंगे। अद्वैत ने पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर लोक कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।



अशोक केडिया, दुर्गेश, राजेंद्र, चंदन लाल वाल्मिकी, अभिषेक विभाग प्रचारक, आकाश जिला प्रचारक, रामनरेश पाल ने देवी अहियाबाई की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। समाजसेवी चन्दन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ ने स्थितियों को स्वयं लिखी पुस्तक स्वच्छकार जातियों का मकड़जाल व सम्मान प्रतीक पटके भेंट किए, इस अवसर पर सैकड़ों बंधुओं ने भाग लिया।

# किसान पीजी कॉलेज के एनएसएस छात्र छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**पोस्टर प्रतियोगिता में भी प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने उकेरी एड्स जागरूकता से संबंधित जानकारी**

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

किसान पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं जन जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया द्य

जन जागरूकता अभियान रैली में निम्न स्लोगन आओ मिलकर यह कसम खाएं, एड्स को हम सभी जड़ से मिटाए एड्स है जानलेवा बीमारी, इसे मिटाना है हम सब की जिम्मेदारी एड्स से लड़ने के उपाय अपनाओ, इस बीमारी को दूर भगाओ एड्स पीड़ितों का रखो मान, एड्स से बचने का चलाओ जन जागरूकता अभियान उचित जागरूकता एवं जानकारी से, बच सकते हैं एड्स के बीमारी से भेदभाव नहीं उचित उपचार, एड्स रोगियों में बांटे प्यार एड्स दिवस पर है यह नारा, एड्स मुक्त हो विश्व ये सारा एड्स पीड़ितों का हौसला बढ़ायें, इस बीमारी से पीड़ितों को उपचार बताएं जागरूकता और जानकारी से, आप बच सकते हैं एड्स बीमारी से आदि नारों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया 7 उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह एवं डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह के निर्देशन में संपन्न किया गया।

# बधाई... सीएम खुद आपकी शादी में आए हैं

## सीएम योगी ने ली विधायकों की चुटकी, कहा- पछता रहे होंगे कि सामूहिक विवाह में शादी क्यों नहीं की

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुटकी लेते हुए कहा जरा सोचिए... आपका विवाह अगर घर पर होता तो न मैं आ पाता और न ही मंच पर बैठे जनप्रतिनिधि। जनप्रतिनिधि भी पछता रहे होंगे कि कास हमारा विवाह भी सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ होता ये भी फोटो दिखाकर बोलते कि मेरी भी शादी में इतने लोग शामिल हुए थे। इन लोगों को ये सौभाग्य नहीं मिला। आप लोग इतने सौभाग्यशाली हैं कि हम लोग आपके कार्यक्रम जुड़ रहे हैं। उक्त बातें सीएम योगी ने गोरखपुर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में 1200 शादियां हुई। योगी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

### सीएम बोले- जाति, क्षेत्र, भाषा का बंधन नहीं

योगी ने कहा- एक साथ 1200 युवक-युवतियां नए बंधन में बंध रहे हैं। सामूहिक समारोह में मेले जैसा उत्सव है। यहां जाति, क्षेत्र और भाषा का बंधन नहीं है। हिंदू सनातन या आर्य समाज और मुस्लिम अपने मजहब के अनुसार जुड़ रहे हैं। दहेज प्रथा समाज की बड़ी विकृति है। ये समारोह उस पर प्रहार है।दहेज के कारण बहुत बार लड़कियों की शादी नहीं हो पाती है। सरकार ने इसीलिए निर्णय लिया कि हम समाज की उन सभी कुरीतियों के खिलाफलड़ेंगे। चाहे वह बाल विवाह हो, छुआछूत हो या दहेज प्रथा, इसे हम खत्म करेंगे। 7 साल में 3.84 लाख जोड़ों की मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत शादी कराई। ये विवाह ऐसे हैं, जिन्होंने न तो दहेज लिया और न ही दिया।





### बेटियों को दहेज रूपी भेड़िए से बचाकर रखेंगे

योगी ने कहा- जब अच्छी सरकारें आती हैं तो अच्छा काम होता है। पहले घरों में शौचालय नहीं होते थे। गांव के रास्ते और गलियां गंदी होती थीं। बदनामी गांव की होती थी। घरेलू गैस के कनेक्शन न होने से कोयला और लकड़ी के धुएं में खाना बनाना पड़ता था। आंखें और फेफड़े दोनों खराब होते थे। अब हर घर में सिलेंडर है। उज्ज्वला योजना वालों को होली और दिवाली पर हम फ्री सिलेंडर देंगे।ऐसे कार्यक्रम प्रदेश के हर जिले में चलाए जा रहे हैं। गरीब बेटी जो दहेज जैसी कुप्रथा के खिलाफआवाज नहीं उठा सकती, उसको हम किसी भी तरह से दहेज रूपी भेड़िए से बचा कर रहेंगे। सरकार ने ये तय कर रखा है।

### 51 हजार की मदद, गिफ्ट भी दिए

गोरखपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) परिसर में हुआ। योजना के तहत सरकार हर विवाह पर 51 हजार रुपए की मदद कर रही है। इसमें से 35 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में सीधे जमा होते हैं, जबकि शेष राशि उपहार और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च की जाती हैसामूहिक विवाह के तहत प्रत्येक वधू को शादी के लिए कढ़ाई वाली साड़ी, एक डेली यूज की साड़ी, चुनरी और गहने (चांदी की पायल और बिछुआ) दिए गए। वर को कुर्ता-पायजामा और पगड़ी भेंट की गई। इसके साथ ही गृहस्थी के जरूरी सामान जैसे प्रेशर कुकर, थाली, गिलास, बक्सा और श्रृंगार का सामान दिया गया।

### 2663 लोगों ने शादी के लिए कराया था रजिस्ट्रेशन

जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया- शादी के लिए आए 2663 आवेदनों का सत्यापन किया गया। इनमें से 1200 लड़कियों को चुना गया। गोरखपुर में 2017-18 से अब तक 8609 लोगों का सामूहिक विवाह हो चुका है। इस साल 1200 विवाहों को जोड़ने के बाद यह संख्या और बढ़ गई।

# गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य देख भड़के सांसद, जिम्मेदारों को लगाई फटकार



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पर हो रहे सुंदरीकरण कार्य व सुभाष चौक पर निर्माणाधीन रेलवे फ्लाई ओवर के कार्यों का निरीक्षण सांसद विजय दुबे ने किया । रेलवे स्टेशन पर हो रहे कार्यों में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किए जाने पर कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही एन एच के अधिकारियों को 31 मार्च तक फ्लाईओवर पूर्ण करने का निर्देश दिया। रविवार को सांसद विजय दुबे कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया निर्माण कार्य में मानक विहीन लगाए जा रहे सामग्रियों को देख कर मनीष तिवारी सहायक मंडल इंजीनियर पूर्व गोरखपुर, विकास सिंह वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, हेमंत कुमार स्टेशन अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 पर सुंदरीकरण कार्य रेलवे स्टेशन के बाहर चौड़ीकरण स्टेशन को आने वाली मुख्य सड़क आर सीसी का कार्य हो रहा है लाल चौक से स्टेशन को आने वाली सड़क के किनारे नाली निर्माण में सेम इट का प्रयोग किया जा रहा था जिसकी गुणवत्ता को देखा तो असलियत सामने आई जिस पर तुरंत इट बदलने का निर्देश दिया। वही सुभाष चौक पर फ्लाई ओवर का भी जायजा लिया, जहां समय से कार्य पूर्ण न होने पर एनएच के जेई जेपी कश्यप को 31 मार्च 2025 तक हर हाल में फ्लाईओवर चालू करने का निर्देश दिया जिस पर एनएच के जेई जेपी कश्यप ने बताया कि फेज वन के तहत पहले फ्लाईओवर शुरू होगा इसके बाद अंडर पास का कार्य तेजी से होगा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि विजय खेतन भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्र सोनू खेतान संजय यादव रामानुज मिश्रा विनोद गुप्ता बैजनाथ कसौधन आनंद रौनियार राजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर में नाबालिग से छेड़खानी

- अश्लील वीडियो वायरल कर रहा शोहदा, लड़की ने दर्ज कराई एफआईआर

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में एक नाबालिग किशोरी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोपी किशोरी का काफी दिनों से पीछा कर रहा है और उसकी चुपके से वीडियो बनाकर अश्लील वीडियो वारयल कर रहा है। विरोध करने पर आरोपी उसे गालियां देते हुए जान माल की धमकी दे रहा है।घटना कैंपियरगंज इलाके के एक गांव की है। परेशान होकर किशोरी ने यह बात अपने घर वालों को बताई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




### परिवार से शिकायत पर मिली धमकियां

किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने युवक के परिवार से इस घटना की शिकायत की, तो युवक और उसके परिवार के लोग धमकी देने लगे। उन्होंने कहा कि 'कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता' और इस प्रकार उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। इस घटना के बाद किशोरी के परिवार को महसूस हुआ कि पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, इसलिए उन्होंने शिकायत सीएम कैंप कार्यालय में की, ताकि मामले पर कार्रवाई हो सके।

### किशोरी का फोटो हुआ वायरल

घटना की शुरुआत तब हुई जब युवती के पिता ने सीएम कैंप कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव के एक युवक ने उनकी बेटी का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस युवक का नाम अब तक सामने नहीं आया है, लेकिन शिकायत के अनुसार, युवक न केवल किशोरी का पीछा करता है, बल्कि जब भी वह घर से बाहर जाती है, उसे परेशान करने की कोशिश करता है। विरोध करने पर वह किशोरी को गालियाँ देता है और उसके सम्मान को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करता है।

### सीएम कैंप कार्यालय के हस्तक्षेप पर मामला हुआ दर्ज

सीएम कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद, कैंपियरगंज पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिवार के खिलाफमामला दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का देवरिया दौरा कल, विभिन्न कार्यक्रमों में पहुचेंगे



जन एक्सप्रेस/देवरिया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 3 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर देवरिया आएंगे। अपने प्रवास के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्राप्त संशोधित प्रोटोकॉल के अनुसार, उपमुख्यमंत्री 3 दिसंबर को पूर्वाह्न 11रू40 बजे देवरिया पहुंचेंगे। इसके बाद वह 11.55 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, देवरिया में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। अपराह्न 1.05 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के उपरांत वह जनपद की विकासशील और निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 3रू40 बजे श्री मौर्य ग्राम पडरी बाजार, थाना खुखुंदू, तहसील सलेमपुर में श्री रतनाकर जी (संगठन मंत्री, भारतीय जनता पार्टी) के आवास पर आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होंगे।

# गोरखपुर में सीएम योगी ने सुनी 300 लोगों की फरियाद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के जरिए आमजन की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और हर पीड़ित को न्याय मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### सीएम के प्रयासों से जनता में विश्वास मजबूत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और सक्रियता ने जनता में भरोसा जगाया है कि सरकार उनके हर मुद्दे पर गंभीर है। चाहे वह जमीन विवाद हो, इलाज की समस्या हो या किसी अन्य क्षेत्र से जुड़ी शिकायत-हर पीड़ित को न्याय और राहत देने का उनका प्रयास जनता के बीच सकारात्मक संदेश दे रहा है।



### जमीन विवाद और इलाज की समस्याओं पर विशेष निर्देश

जमीन से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि विवाद पारिवारिक हो, तो दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर समाधान निकाला जाए। यदि ऐसा संभव न हो, तो कानूनी कार्रवाई की जाए। अवैध कब्जों पर सीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दबंगों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इलाज से जुड़ी सभी औपचारिकताएं तेजी से पूरी करें ताकि समय रहते जरूरतमंदों को सहायता मिल सके।

### पुलिस और राजस्व मामलों में निष्पक्षता का संदेश

मुख्यमंत्री ने पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों पर कहा कि हर मामले को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निपटाया जाए। किसी भी तरह की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर पीड़ित को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

### हर समस्या का समाधान कराने का वादा

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने खुद कुर्सियों पर बैठे करीब 300 लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। हर प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनकी हर समस्या का हल निकालने के लिए तत्पर है।

### बच्चों से मुलाकात कर दुलार, चॉकलेट का तोहफा

गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए उनके नाम और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए सीएम ने उन्हें चॉकलेट भी दी। उनकी सादगी और सहजता ने बच्चों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी ला दी।

# गूगल पर बैंक मैनेजर का कांटेक्ट नंबर खोजना पड़ा महंगा

- एयरफोर्स कर्मी से 7.49 लाख की हुई साईबर ठगी, फर्जी लोन लेकर जालसाज ने उड़ाई रकम

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में तैनात एयरफोर्स कर्मी मनीष कुमार साइबर जालसाजी का शिकार हो गए। मनीष ने गूगल से बैंक मैनेजर का नंबर सर्च कर कॉल किया था, ताकि अपनी पत्नी का फ्रीज हुआ बैंक खाता अनफ्रीज करवा सकें। लेकिन जालसाज ने खुद को बैंक मैनेजर बताकर उनके खाते से जुड़ी पूरी जानकारी ले ली और 7.49 लाख रुपये का लोन उनके नाम पर स्वीकृत करवा लिया।

### ठगी से कैसे बचें?

बैंकों से संबंधित समस्याओं के लिए केवल उनके आधिकारिक नंबर या शाखा से संपर्क करें। ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच सतर्कता ही सुरक्षा है।

### क्या है पूरा मामला?

मनीष कुमार, जो कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के जयसिंहपुर के मूल निवासी हैं, वर्तमान में गोरखपुर के एम्स इलाके में एयरफोर्स में तैनात हैं। हाल ही में उनकी पत्नी के बैंक खाते को अनफ्रीज कराने की समस्या उत्पन्न हुई। समस्या का समाधान ढूंढने के लिए मनीष ने गूगल पर पंजाब नेशनल बैंक जयसिंहपुर के मैनेजर का नंबर सर्च किया और कॉल किया। फोन पर बात करने वाले ने खुद को बैंक मैनेजर राकेश बताते हुए खाता अनफ्रीज कराने का भरोसा दिया। उसने मनीष को व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजकर उसे डाउनलोड करने और उसमें बैंक खाता, मोबाइल नंबर, और अन्य विवरण दर्ज करने को कहा।



### जागरूकता की कमी पड़ी भारी

घटना का एहसास होते ही मनीष ने फौरन गोरखपुर स्थित एसबीआई बैंक से संपर्क कर अपना खाता फ्रीज करवाया। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध थाने में अज्ञात जालसाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### साइबर क्राइम विभाग की चेतावनी

- साइबर क्राइम विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।
- गूगल पर सर्च किए गए नंबरों पर भरोसा न करें।
- बैंक से जुड़ी जानकारी किसी से भी साझा न करें।
- व्हाट्सएप पर भेजे गए अज्ञात लिंक और फाइल डाउनलोड करने से बचें।

### जालसाज का प्लान कैसे हुआ सफल?

जालसाज ने मनीष को बार-बार कॉल करके उनकी बैंकिंग जानकारी हासिल की। उसने यह भी कहा कि उनकी पत्नी का खाता तभी अनफ्रीज होगा जब वे अपने एसबीआई खाते का विवरण भी दें। मनीष ने उसकी बातों पर विश्वास कर जानकारी साझा कर दी। 22 नवंबर को मनीष को तब झटका लगा, जब उन्हें पता चला कि उनके नाम पर 7.49 लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 5.90 लाख रुपये जालसाजों ने निकाल लिए।

## सड़क चौड़ीकरण में तोड़े गए अम्बेडकर गेट व प्रतिमा लगवाए जाने हेतु सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/गगहा गोरखपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र गोला में हो रहे राम जानकी मार्ग चौड़ीकरण के अंतर्गत बेबरी चौराहा गोला पर स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर गेट व तथागत बुद्ध तथा डाक्टर अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने के संदर्भ में शासन को ठेकेदार द्वारा गेट स्थापित करने के लिए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम गोला ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए जल्द ही गेट और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की मूर्ति लगवाए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में रणविजय, कन्हैया लाल, अरुण कुमार, रामजी, वकील सभासद, भीम यादव, आकाश गौतम, सुभाष चंद्र दास, प्रिंस आजाद डॉक्टर धर्मेंद्र, गोलू उर्फ प्रधान दीपू नारायण, अभय, हरिनिवास, बृजेश, मुन्ना, गोविंद, विनोद, अनूप यादव, अनिल सोनकर, सोनू, हरिनारायण, मोती, सूरज, संतोष यादव, संदीप, देव नारायण, चंदन, सन्नी कुमार, संजय, विनय, नागेश्वर, जयहिन्द, बंटी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इंजेक्शन लगाते ही मासूम की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान तीन साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। आरोप है कि हॉस्पिटल की नर्स ने लापरवाही करते हुए बच्ची को अधिक डोज का इंजेक्शन दे दिया, जिससे उसकी जान चली गई। मासूम के माता-पिता, जो 20 साल के लंबे इंतजार के बाद माता-पिता बने थे, इस हादसे के बाद पूरी तरह टूट गए हैं।

### माता-पिता के सपने हुए चकनाचूर

लाडो, जो 20 साल के लंबे इंतजार के बाद इस परिवार में आई थी, उनके घर की खुशियों का केंद्र थी। उसकी मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गमजदा पिता सूरज और मां धर्मावती ने इंसाफकी गुहार लगाई है।इस घटना ने प्राइवेट हॉस्पिटलों में लापरवाही और विभागीय प्रशासनिक खामियों को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। मासूम की मौत के बाद अब लोग दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### अधिक डोज का इंजेक्शन देने से मौत



शिवपुर निवासी सूरज चौधरी अपनी बेटी लाडो को 27 नवंबर को बीमार होने पर इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी के पास एक प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए थे। डॉक्टर की सलाह पर बच्ची को भर्ती कर लिया गया। रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात स्टाफनर्स ने इंजेक्शन लगाया, लेकिन इसके तुरंत बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।बच्ची की मां धर्मावती और मौसी माया देवी ने आरोप लगाया कि नर्स ने लापरवाही से अधिक डोज का इंजेक्शन दिया, जिससे लाडो की मौत हुई। इस घटना के बाद हॉस्पिटल में हंगामा मच गया। दुख और गुस्से से भरे परिजनों ने हॉस्पिटल प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए।

### डॉक्टर ने की मामला दबाने की कोशिश

बच्ची की मौसी ने आरोप लगाया कि मौत के बाद डॉक्टर ने परिजनों को केस दर्ज न करने के बदले पैसे देने की पेशकश की। इस बात ने परिजनों का गुस्सा और बढ़ा दिया।घटना के बाद स्टाफ नर्स डर के मारे मौके से भाग निकली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया और आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच की जाएगी। फिलहाल नर्स की तलाश की जा रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय का रविवार को किसान सम्मान सद्भावना सम्मेलन कार्यक्रम में शरीक होने गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव सीपी राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोरखपुर से खलीलाबाद (संत कबीर नगर) तक फूलमालाओं से किया भव्य स्वागत।

बता दें कि कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव श्री पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष श्री राय किसान सम्मान सद्भावना सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करने जा रहे थे। इसी क्रम में इनका कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भव्य स्वागत किया।अपने स्वागत से अभिभूत होकर श्री पांडेय और श्री राय ने कहा कि युवाओं का यह हुजूम बता रहा है कि उत्तर प्रदेश में आगामी चुनाव 2027 में परिवर्तन करने को बेताब है प्रदेश में फिर से नौजवानों किसने की सरकारी युवाओं के बल पर वापस आएगी। पार्टी के नौजवानों और किसानों की उम्मीद है और इस उम्मीद पर 2027 में मोहर लगाने जा रहा है। इस दौरान प्रदेश महासचिव श्री राय ने कहा कि मिशन 2027 को लेकर अभी से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश व्यापी संगठनात्मक ढांचे पर काम करने पर लग गई। आगामी चुनाव को हम सभी संगठित होकर भारी बहुमत से जिताएंगे। इस दौरान महेंद्र मोहन तिवारी, एकलाख अहमद, अभिजीत पाठक, अंकित पांडेय, रामाशीष निषाद, फखरुद्दीन मिर्जा, सुनील निषाद, राम समुझ संवारा, डॉ. मेराज अहमद, कमलेश प्रसाद, रमेश राजभर, गुलाब साहनी, पप्पू, डीएन सिंह, बंधु निषाद , वीरेंद्र कन्नौजिया, शेरू खान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सर्विस के आखिरी दिन दामन पर लगा दाग, रिश्वत लेते लेखपाल का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज। फरेंदा तहसील के एक लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।बृजमनगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 के रहने वाले राजन चौरसिया ने बताया कि वह डेढ़ वर्ष पहले अपना हैसियत प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फरेंदा तहसील में आवेदन किया था।तहसील के चक्कर लगा लगाकर थक कर राजन परेशान हो चुका था।

इससे संबंधित तहसील के लेखपाल अशोक मिश्रा ने हैसियत प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 20 हजार रुपए का डिमांड किया तो राजन ने थोड़े- थोड़े करके कुछ पैसे कई बार दिया, फिर लेखपाल ने नायब तहसीलदार, और तहसीलदार के नाम पर कुछ पैसे की फिर मांग किया, उसके बाद भी लेखपाल साहब हैसियत प्रमाण पत्र नहीं बनाए।

# सपा कार्यकर्ताओं ने निकाली संविधान बचाओ पदयात्रा


- पुलिस ने रोका प्रशासन को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन,चुनाव से ईवीएम हटाने की मांग

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

समाजवादी पार्टी की महानगर इकाई के बैनर तले सपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को संविधान बचाओ न्याय पदयात्रा निकाली। खूनीपुर चौराहे से निकले सपा कार्यकर्ताओं को घोस कंपनी चौराहे पर पुलिस ने रोक दिया गया। वहीं अपर नगर मजिस्ट्रेट अमित जायसवाल को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। सपा कार्यकर्ताओं ने चुनावों से ईवीएम हटाने की मांग की है।

### संविधान बचाने के लिए ईवीएम हटाना जरूरी

सपा के वरिष्ठ नेता जफर अमीन डक्कू ने कहा कि संविधान बचाने के लिए ईवीएम हटाना जरूरी है। यह मांग हम करते रहेंगे। जब तक ईवीएम रहेगी, लोकतंत्र पर खतरा बना रहेगा। सपा कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी गई तो महानगर इकाई की ओर से ओर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### सपा महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी के नेतृत्व में निकाली पदयात्रा

खूनीपुर में एकत्र हुए सपा कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी के नेतृत्व में पदयात्रा शुरू की। इसमें पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल रहे। हाथों में बैनर लिए कार्यकर्ता संविधान बचाने को लेकर नारे लगा रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र बचाने के लिए चुनावों से ईवीएम हटाने की मांग की। पदयात्रा जैसे ही घोस कंपनी चौराहे पर पहुंची, वहां मौजूद पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया। मौके पर ही अपर नगर मजिस्ट्रेट अमित जायसवाल पहुंच गए। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से ज्ञापन प्राप्त किया। सपा के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि चुनावों से ईवीएम हटाया जाना जरूरी है।

### थोड़े विरोध के बाद मान गए कार्यकर्ता

पुलिस ने जब सपा कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया तो थोड़ी देर तक उनकी ओर से विरोध जताया गया। लेकिन थोड़ी देर के विरोध के बाद कार्यकर्ता मान गए। मौके पर पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी ने उनसे ज्ञापन प्राप्त किया। नेताओं ने मांगे न माने जाने पर भविष्य में आंदोलन की चेतावनी दी है। सपा नेता जफर अमीन ने बताया कि देश से ईवीएम हटाने तक संघर्ष जारी रहेगा। बिना ईवीएम हटाए लोकतंत्र को बचाना संभव नहीं है।

## जिज्ञासु के अल्फ़ाज़ का विमोचन 25 दिसंबर को

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

**बहुत कोशिश कर लिया मैंने, अब नतीजे का इंतजार है मुझको।** चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर गीता के सूत्र कर्मण्ये वाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन का संकेत करता है। पेशे से परिषदीय शिक्षक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु कविता एवं साहित्य में अच्छी शौक रखते हैं। हाल ही में हम रंग प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा जिज्ञासु का नवीनतम काव्य संग्रह **जिज्ञासु के अल्फ़ाज़** का प्रकाशन हुआ है। उक्त काव्य संग्रह जीवन कौशल के साथ-साथ मानवीय मूल्यों एवं रिश्तों की अहमियत को बयां करने वाले शेरों का संकलन है। उक्त पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक अशोक घायल द्वारा 25 दिसंबर को वाराणसी के महामना मालवीय सभागार में आयोजित है। उक्त अवसर पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। पुस्तक के प्रकाशन एवं विमोचन हेतु सोशल मीडिया पर शिक्षकों, कवियों एवं साहित्यकारों ने प्रसन्नता व शुभकामनाएं व्यक्त की।

# कीर्ति, शिखा व सौम्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजभवन में देंगे दस्तक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर







जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज की छात्रा कीर्ति उपाध्याय, शिखा पाण्डेय व छात्र सौम्य पाण्डेय 15 दिसंबर को आयोजित प्रतियोगिता में राजभवन में अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। महाविद्यालय के तीनों प्रतिभागी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राजभवन में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के परिप्रेक्ष्य में 13 व 14 नवंबर को आयोजित एकपात्रीय नाटक, भाषण व एकल गायन में क्रमशः एम ए शिक्षाशास्त्र विषय की छात्रा कीर्ति उपाध्याय, एम ए हिंदी की छात्रा शिखा पाण्डेय व बीएससी के छात्र ने पहला स्थान प्राप्त किया था। इस आधार पर उन्हें 20 नवंबर को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभाग का अवसर प्राप्त हुआ । तीनों ने अपने अपने विधाओं में पहला स्थान प्राप्त करके सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया। अंतर विश्वविद्यालयी स्तर की प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या एवं डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की टीमों के बीच मुकाबला होना था। 27 नवंबर को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शिखा पांडेय ने दूसरा, 28 नवंबर को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर में आयोजित एकल गायन में सौम्य ने पहला तथा 29 नवंबर को आचार्य नरेन्द्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या में आयोजित एकपात्रीय नाटक प्रतियोगिता में कीर्ति उपाध्याय ने दूसरा स्थान प्राप्त करके 15 दिसंबर को राजभवन में आयोजित प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया है। महाविद्यालय के इन तीनो विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और आशा व्यक्त किया है कि यह राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। हर्ष व्यक्त करने वालों में मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 वीणा सिंह, डॉ अनामिका सिंह,डॉ आलोक शुक्ल, डॉ जितेन्द्र कुमार, डॉ रमेश शुक्ल, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व मणिका मिश्रा शामिल हैं।

## बाथरूम जाने के बाद छात्रा ने की ऐसी हरकत..

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फिरोजाबाद के एक स्कूल में बाथरूम जाने के बाद छात्रा की गंदी हरकत पर शिक्षक को गुस्सा आ गया। उसने छात्रा की इस कदर पिटाई लगाई कि उसका हाथ टूट गया। मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद स्थित एक स्कूल में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक छात्रा को बाथरूम जाने के बाद हाथ न धोना भारी पड़ गया। हेड मास्टर ने छात्रा की पिटाई कर दी। इससे छात्रा के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। घटना की तहरीर छात्रा की बहन ने थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मोहम्मदपुर मांडई निवासी अनीसा बेगम की नातिन रिया कंपोजिट विद्यालय मोहम्मदपुर माडई में कक्षा दो की छात्रा है। अनीसा बेगम का आरोप है कि बुधवार को उसकी नातिन पढ़ाई करने के दौरान विद्यालय में लघुशंका के लिए गई थी।

## एसएसबी मुख्यालय पर शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9 वीं तथा 50 वीं वाहिनी मुख्यालय सहित सभी सीमा चौकियों पर संयुक्त रूप से रविवार को स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ, स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। जानकारी के अनुसार 01 दिसंबर को विकास दीप सिंह कमान अधिकारी 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के नेतृत्व में विकाश सिंह, उप कमांडेंट की उपस्थिति में 09वीं एवं 50 वीं वाहिनी के बल कार्मिकों को संयुक्त रूप से स्वच्छता शपथ दिलाकर वाहिनी मुख्यालय एवं मुख्यालय के अंतर्गत सभी समवायों में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा 01 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक चलाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों की साफ -सफाई करायी जायेगी। रविवार को शपथ के पश्चात् वाहिनी आवासीय परिसर का साफ-सफाई कराया गया जिसमें वाहिनी के सभी बल कार्मिकों ने पूर्ण इमानदारी एवं सत्यनिष्ठा से श्रमदान किया।

## एनटीपीसी की स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलता के उपलक्ष्य में एनटीपीसी टांडा में शनिवार को एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के मशहूर गायक कुणाल गांजावाला की शानदार प्रस्तुति रही, जिन्होंने अपनी सुरमयी आवाज से शाम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत से हुआ। इसके बाद गणपती वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज हुआ। तत्पश्चात मुंबई से आए प्लैबैक सिंगर कुणाल गांजावाला ने अपने हिट गानों पर परफॉर्म कर दर्शकों को झूमने और गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। उनके हर गाने पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलता को धूमधाम से मानते हुए सांस्कृतिक विविधता और ऊर्जा के उत्साह को दर्शाया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने अपने सम्बोधन में एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं सहयोग व समर्पित भाव से योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक, अन्य सम्मानित प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं सदस्याएं कार्यक्रम का हिस्सा बनी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा की और एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलतापूर्वक पूर्ण होने की बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र में चल रही एनटीपीसी की गतिविधियों, सीएसआर की गतिविधियों आदि की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने एनटीपीसी की सफलता में सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों की भूमिका पर जोर दिया। एनटीपीसी टांडा का यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक संध्या थी, बल्कि यह कर्मचारियों के बीच एकजुटता और ऊर्जा का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम ने एनटीपीसी के कर्मचारियों को अपनी मेहनत और उपलब्धियों पर गर्व करने का एक और अवसर प्रदान किया।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में 422 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने 1 दिसंबर को बताया कि प्रतिभा खोज परक्षा में 422 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा 12:00 बजे से प्रारंभ होकर 2:00 तक चली। परीक्षा में तुलसीपुर के विभिन्न विद्यालय के बच्चे सम्मिलित हुए। सर्व शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च एग्जाम एक बहुत ही सराहनीय पहल है जो छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें सहयोग करने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि यह परीक्षा निरंतर 12 वर्षों से लगातार हो रही है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह संस्था अपने उद्देश्य के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इस परीक्षा में 70 स्कूल और कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया, जो यह दर्शाता है कि यह परीक्षा कितनी लोकप्रिय और महत्वपूर्ण है। बलरामपुर और सिद्धार्थ नगर में अलग-अलग परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिससे कि सभी छात्रों को परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिले। परीक्षा में कुल 2997 छात्र 20 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दिया। इस परीक्षा में परीक्षा प्रभारी और कक्ष निरीक्षक की भूमिका में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक साथियों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा । सफल परीक्षा संपन्न होने पर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी केंद्राध्यक्ष, परीक्षा प्रभारी कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## घर में चल रहा था अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग ने चस्पा किया नोटिस

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



गोपी क्षेत्र में एक महिला संध्या द्वारा अपने घर में गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की सूचना विभाग को मिली थी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची, मगर महिला वहां नहीं मिली।

अलीगढ़ के अकराबाद के गोपी क्षेत्र में एक महिला अपने घर को अस्पताल बनाकर गर्भवती महिलाओं का प्रसव करा रही है। इसकी सूचना पर 30 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीम दौड़ी, लेकिन महिला नहीं मिली। उसके घर पर विभाग ने नोटिस चस्पा कर पांच दिन में जवाब मांगा है।

गोपी क्षेत्र में एक महिला संध्या द्वारा अपने घर में गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की सूचना विभाग को मिली थी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची, मगर महिला वहां नहीं मिली। पता चला कि उसके पति की चार-पांच दिन पहले हादसे में मौत हो गई है। वह हाथरस में है। टीम ने अंदर जाकर देखा कि घर में चार बेड बने हैं।

डिप्टी सीएमओ डॉ. दिनेश कुमार खत्री ने बताया कि महिला कितने समय से महिलाओं का प्रसव करा रही है। इस बारे में महिला की बहू सही से जानकारी नहीं दे पाई। नोटिस चस्पा कर उससे जवाब मांगा है। अगर महिला जवाब नहीं देती है तो फिर टीम जाएगी। महिला से पूछताछ की जाएगी कि वह प्रसव कराने का काम कब से कर रही है।

## 2.20 करोड़ रुपये से सुधरेंगी 13 जर्जर सड़कें, इन सड़कों की बदलेगी सूरत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

2.20 करोड़ रुपये से अलीगढ़ की 13 टूटी हुई सड़कों का सुधार किया जाएगा। इसके लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। अलीगढ़ जिले की 13 जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए शासन स्तर से लोक निर्माण विभाग को 2.20 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। इससे सड़कों को सुधारा जाएगा। लंबे समय से ग्रामीणों को जर्जर सड़कों के कारण बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि अलीगढ़-राया-मथुरा मार्ग से भकरौली मार्ग के किमी 1,2 में नवीनीकरण पर 9.38 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी मार्ग के किमी छह से हाजीपुर चौहट्टा मार्ग के किमी 1, 2 तक नवीनीकरण पर 10.72 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी तरह किमी 31 से शेखा नगला मार्ग के किमी एक में सामान्य मरम्मत पर 8.93 लाख रुपये खर्च होंगे।

क्वार्सी बाईपास मार्ग के किमी 4 से इंजीनियर्स कॉलोनी मार्ग के किमी 1, 2 तक 12.95 लाख की लागत से नवीनीकरण होगा। हाथरस-इगलास मार्ग से मोहनपुर मार्ग की मरम्मत पर 9.16 लाख रुपये, छतारी-अतरौली-कासगंज मार्ग से बहादुरपुर मार्ग की मरम्मत पर 8.93 लाख, गोपी-भिलावाली मार्ग से मिर्जा चांदपुर आलमपुर मार्ग पर 11.16 लाख रुपये खर्च होंगे। नरौना-बरला से रहमापुर मार्ग पर 10.75 लाख से विशेष मरम्मत होगी। सासनी-नानऊ मार्ग के किमी 17 से दुभिया मार्ग के किमी एक तक नवीनीकरण पर 8.93 लाख रुपये खर्च होंगे। पनैठी-गंगीरी मार्ग से नगरिया भूड़ होते हुए दौलतपुर मार्ग पर 8.93 लाख, नानऊ-दादों मार्ग से गोवसारा अलहदादपुर मार्ग पर 13.39 लाख रुपये, नेशनल हाईवे 509 से मईनाथ मार्ग पर 19.11 लाख रुपये खर्च होंगे। गोंडा-इगलास मार्ग से जगनेर मार्ग पर 10.72 लाख रुपये मरम्मत पर खर्च होंगे।

## रक्तदान शिविर में एसएसबी जवानों ने बढ़-चढ़कर किया रकदान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 9 वीं वाहिनी मुख्यालय पर रविवार को एड्स दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 जवानों ने ब्लड डोनेट किया। जानकारी के अनुसार 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एसएसबी 9वीं वाहिनी चिकित्सालय (हॉस्पिटल) में संयुक्त जिला चिकित्सालय, रक्तकेंद्र केंद्र बलरामपुर के माध्यम से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ0 भरत कुमार चौधरी (उप कमांडेंट) ने बताया कि वाहिनी चिकित्सालय में कई बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होने बताया कि जब कोई व्यक्ति रक्तदान करने आता है तो डॉक्टर द्वारा डोनर के हिमोग्लोबिन, ब्लड यूनिट व ब्लड प्रेशर जैसे सभी चीजों की जांच करते हैं। उन्होंने रक्तदान के फायदे के बारे में बताया कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन का स्तर मेंटेन रहता है, हार्ट अटैक से बचा जा सकता है तथा हेल्दी लीवर रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने के लिए डोनर की उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए, डोनर का वजन 45 किलो से अधिक होना चाहिए एवं पिछला रक्तदान करने के बीच कम से कम 3 महीने का गैप होना चाहिए। शिविर में नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आमंत्रित बलरामपुर जिला के जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, के साथ उनके सहयोगी डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. आकांक्षा शुक्ला (रक्तकेन्द्र इंचार्ज), अशोक कुमार ( लैब टेक्नीशियन ) हिमांशु तिवारी (काउंसलर) ,अंजली सिंह (स्टाफ नर्स) ,सोनम (लैब टेक्नीशियन), अभिषेक सिंह( लैब टेक्नीशियन) मौजूद रहे। और इस रक्त-दान शिविर में 15 बल के सदस्यों ने रक्त-दान किया । रक्तदान करने वालों में भरत कुमार चौधरी (उप- कमांडेंट) के अलावा अश्वनी कुमार, दीपक कुमार तिवारी, योगेश कुमार, विशाल कुमार, मनीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अब्दुल रहमान, मनीष कुमार, केशव कुमार, चौहान राहुल, दयातब सुरेश, दिलीप कुमार, शिव कुमार तथा सनत कुमार यादव शामिल थे।

## अंग्रेजी में बेइज्जती करती है पत्नी

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा में ग्रेजुएट पत्नी की अंग्रेजी से प्रताड़ित पति थाने पहुंच गया। बताया कि वो अंग्रेजी में बेइज्जत करती है। दूसरे लोगों से पता चलता है कि उसने कितना भला बुरा कह दिया। दोनों का विवाद थाने पहुंचा, जहां से उन्हें परिवार परामर्श केन्द्र भेजा गया है। आगरा में अंग्रेजी ने एक परिवार में कलह करा दिया। पत्नी स्नातक थी तो पति आठवीं पास। विवाद होने पर पत्नी ने अंग्रेजी में पति को अपमानजनक शब्द कहे। दूसरे से पति को यह बात पता चली तो पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। नाराज पत्नी ने मायके पहुंचकर पुलिस की मदद ली। शनिवार को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर ने दोनों को साथ रहने पर राजी किया। बेटी की खुशी को देखते हुए पिता ने एक साल पहले स्नातक पढ़ी लिखी बेटी की शादी आठवीं पास युवक से करा दी। शादी के बाद युवती अपने पति से अंग्रेजी में बात करने लगी। ससुराल में सभी कम पढ़े लिखे हैं। पति व अन्य ने ज्यादा अंग्रेजी बोलने का विरोध किया।

## एडीए ने जारी किया आदेश, 302 भूखंडों की जल्द होगी नीलामी, लगेगी बोली

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

टीपी नगर में 302 भूखंडों की नीलामी लॉटरी से की जाएगी। जल्द ही इसकी तारीख तय होगी। अधिक बोली लगाने वाले को भूखंड आवंटित किया जाएगा।

अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) ट्रांसपोर्ट नगर में शेष भूखंडों की नीलामी जल्द शुरू करेगा। ई-नीलामी के जरिए भूखंड बेचे जाएंगे। पूर्व में नीलामी के बाद डिफाल्टर घोषित भूखंडों को निरस्त का उनकी नीलामी दोबारा कराई जाएगी। एडीए द्वारा खैर रोड पर लगभग 85 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जा है। यहां पर कुल 1775 भूखंड है। मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का कार्य भी शुरू हो चुका है। पूर्व में यहां पर दो बार में 1441 भूखंडों की नीलामी हो चुकी है। शेष 334 भूखंडों में से 302 भूखंडों की नीलामी की तिथि जल्द ही तय होगी। ई-नीलामी में कोई भी शामिल हो सकता है। ससे पूर्व आवंटित हुए भूखंडों में से कुछ की किस्तें जमा नहीं हुई हैं। जिससे वह डिफाल्टर सूची में शामिल हो गए है। ऐसे 38 डिफाल्टरों को अंतिम नोटिस जारी कर दिया गया है। अगर इसके बाद भी वह बकाया किस्त जमा नहीं करते हैं, तो भूखंड आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। इन्हें भी नीलामी में शामिल किया जाएगा। टीपी नगर में 302 भूखंडों की नीलामी लॉटरी से की जाएगी। जल्द ही इसकी तारीख तय होगी। अधिक बोली लगाने वाले को भूखंड आवंटित किया जाएगा। -अपूर्वा दूबे, वीसी अलीगढ़ विकास प्राधिकरण। अधिशाषी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में गेट और चहारदीवारी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। 2500 लीटर की टंकी का निर्माण अंतिम चरण में है। सड़क बन चुकी हैं। बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं। बिजली निगम 33 केवी बिजली घर का निर्माण शुरू कर दिया है। सीवर लाइन का निर्माण कार्य 60 फीसदी और नाली का निर्माण कार्य 50 फीसदी हो चुका है।

## मौत से पहले पहुंच गई पुलिस... फंदे पर लटक गया था युवक

जन एक्सप्रेस । आगरा



आगरा में एक युवक को पुलिस ने मौत के मुंह से खींच लिया। वो फंदे पर लटक गया था। ऐनवक्त पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस घटना का वीडियो किसी ने बना लिया, जो वायरल हो रहा है।

आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में भाई ने घर में मीट बनाने से रोका तो बड़े भाई ने फंदे से लटक कर जान देने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतारकर बचाया। परिजन ने पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

इंद्रा ज्योती नगर टेढ़ी बगिया निवासी अजय जयपुर में मजदूरी करता था। काम बंद होने पर 22 नवंबर को अपने घर आया था। परिजन का आरोप है कि अजय जो भी रुपये कमाता है, घर में कुछ नहीं देता। शनिवार को मीट लेकर आया। घर की रसोई में बनाने लगा। छोटे भाई अतुल ने मना किया, कहा पहले सामान लाओ तब बनाना।

इस बात पर दोनों में मारपीट हो गई। रात 10 बजे अजय कमरे में गया। रस्सी से फंदा बनाकर लटकने लगा। परिजन ने समझाने की कोशिश की तो नहीं माना। ट्रांस यमुना थाना प्रभारी ने बताया कि कंट्रोल रूम पर सूचना मिलने के बाद पीआरवी और चीता मोबाइल मौके पर पहुंची। उन्होंने युवक की जान बचाई।

# खेल दिवस के आयोजन में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड में रविवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में समारोह पूर्वक वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सुयश कुमार आनंद, सह निदेशिका सुजाता आनंद, वरिष्ठ समन्वयक रेखा ठाकुर और समन्वयक सीमा बंका के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत बच्चों के द्वारा स्कूल बैंड तथा मशाल दौड़ करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पटवा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। सर्वप्रथम कक्षा नर्सरी के बच्चों द्वारा टेडी रेस की प्रतियोगिता हुई जिसमें आयान मिश्रा प्रथम, मेंहदी अब्बास द्वितीय तथा आदिश्री अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । इसी क्रम में एल.के.जी के बच्चों ने बॉल कलेक्टिंग दौड़ में प्रतिभाग किया, जिसमें लड़कों में आबान मोहसिन प्रथम, अगम्य सिंह द्वितीय तथा आयांश तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

लड़कियों में शताक्षी पाण्डेय प्रथम, जयंती मिश्रा द्वितीय, आराध्या साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके बाद यू.के.जी के बच्चों द्वारा हूलाहुप रेस में प्रतिभाग किया गया। बालक वर्ग में असद आलम प्रथम, मो. हसनैन द्वितीय तथा श्रेष्ठ पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में नियति चौहान प्रथम, वैष्णवी देव शर्मा द्वितीय, अनाबिया कलाम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 1 के बच्चों द्वारा स्पून मार्बल रेस में प्रतिभाग किया गया। बालक वर्ग के अभिषेक तिवारी प्रथम, जयंत मिश्रा द्वितीय तथा अभिजीत पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में पावनी सिंह प्रथम, पावनी गुप्ता द्वितीय व अनिका श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कक्षा-2 के छात्र-छात्राओं ने मेंढक दौड़ में प्रतिभाग किया । बालक वर्ग में अयान राणा प्रथम, साकेत शुक्ला द्वितीय व अद्विक पाल को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग में अनन्या सिंह प्रथम, अविका श्रीवास्तव द्वितीय व सान्वी सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा-3 के विद्यार्थियों द्वारा सैक रेस का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग में आरवी सिंह प्रथम, हर्षवर्धन सिंह द्वितीय व नवीन मोहम्मद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में अनन्या यादव प्रथम, आरूषी चौहान द्वितीय, श्रद्धा पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा -4 के बच्चों द्वारा हर्डल रेस में प्रतिभाग किया गया जिसमें बालक वर्ग में अभिनव त्रिपाठी प्रथम, ऋषभ गिरि द्वितीय तथा असकलानी रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में रुचि चौधरी प्रथम, श्रेया पाण्डेय द्वितीय तथा अक्षिता श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में कक्षा 5 और कक्षा 6 के बच्चों द्वारा रस्सा कसी प्रतियोगिता कराई गई। बालक वर्ग में लिली हाउस तथा बालिका वर्ग में आर्किड ने जीत हासिल की। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका सुजाता आनन्द के बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रखते है।

बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक एवं पीटीआई अंजलि सिंह का विशेष योगदान रहा।

# खेत में युवक का अधजला शव मिलने से मचा हड़कंप



### फॉरेंसिक एक्सपर्ट भी पहुंचे और जुटाए साक्ष्य

खेत में मिले अधजले शव की जानकारी के बाद पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को भी मौके पर बुला ली थी। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने भी मौके पर काफी देर तक पड़ताल की। सुरागरसी टीम करती रही लेकिन कोई खास क्लू अभी फिलहाल नहीं मिल सका है। वहीं सीओ बीसलपुर डॉ.प्रतीक दहिया ने बताया कि करेली थाना क्षेत्र के मरैना के खेत में एक युवक का अधजला शव मिला है। मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के गांवों से भी संपर्क किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीमें छानबीन कर रही है।

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रविवार को जनपद के मरैना गांव के खेत में एक युवक का अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया। उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों से मिली सूचना पर सीओ बीसलपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।घटना करेली थाना क्षेत्र के ग्राम मरैना की है। रविवार सुबह गांव में बाहर की तरफ स्एक खेत पर 25 वर्षीय युवक का अधजला शव पड़ा हुआ था। कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर अधजले शव पर पड़ी। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। शव मिलने का शोर मचते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। शव का अधिकांश हिस्सा जला हुआ था। चेहरा कुछ अस्पष्ट सा था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई। सीओ बीसलपुर डॉ.प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की हालत देख मामला साफ तौर पर पुलिस को भी हत्या का प्रतीत हुआ। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि युवक की हत्या कहीं और की गई है और फिर खेत में लाकर उसे पहचान छिपाने के लिए जलाया गया है। आसपास के तमाम लोगों से संपर्क किया गया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।
पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
सुरागरसी के लिए तीन टीमें लगाई गई है। मृतक की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है।

# हजारा इंस्पेक्टर ने क्षेत्रीय धर्मगुरुओं की बुलाई बैठक, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



हजारा। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा के प्रभारी निरीक्षक ने रविवार को क्षेत्रीय धर्म गुरुओं जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों की एक बैठक आहूत करते हुए क्षेत्र में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाएं रखनें की अपिल किया साथ ही विभिन्न धर्म स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि कम रखनें की बात कही है।इसके अलावा बैठक में मौजूद लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया है। रविवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत किया गया जिसमें क्षेत्रीय विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक हुई बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने सभी धर्म गुरुओं से शांति एवं सौहार्द के साथ आपसी भाईचारा बनाएं रखनें एवं एक दूसरे धर्मों के बारे में कोई टीका टिप्पणी नहीं करने की अपिल किया है साथ ही यह भी बताया है कि मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि कम रखनें एवं कम से कम प्रयोग करने की अपिल किया है। साथ ही यह भी बताया कि छ्दिसंबर को लेकर किसी भी तरह की वार्तालाप न किया जाए और किसी के प्रति गलत टिप्पणी न करें।यहां बता दें कि थाना क्षेत्र के एक गांव में तेज ध्वनि में लाउडस्पीकर चलाने को लेकर एक ग्रामीण के द्वारा न्यायालय में शिकायत करते हुए याचिका दायर की गई है।इसके अलावा इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि उनकी कोई समस्या है तो उन्हें अवगत कराएं ताकि उसका समाधान किया जा सके।बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में कुछ समस्याएं हैं जिनका कानून के नियमों का पालन करते हुए सभी जनप्रतिनिधि एवं संभ्रांत व्यक्तियों को आपस में मिलकर स्थायी समाधान निकालना चाहिए। बैठक में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, विकास सिंह प्रधान(पति) सूर्यभान मदेशिया, मुकेश कुमार, हसमूद्दीन अंसारी, परमजीत सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त हुए होमगार्डों को दी गई भावभीनी विदाई

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**शाहगंज।** लम्बे समय तक अपनी सेवा दे चुके होमगार्डों के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने जहां सेवा निवृत्त हुए होमगार्ड के जवानों के कार्यशैली की सराहना की, वहीं विभाग के सहायक कमांडेंट बीरेंद्र कुमार सिंह ने विदाई को दुखद बताया। तत्पश्चात थानाध्यक्ष श्री सिंह और सहायक कमांडेंट वीरेंद्र ने जवानों का माल्यार्पण कर उन्हें अंग वस्त्र और रामचरित मानस की पुस्तक भेंट स्वरूप दिया। सेवा निवृत्त हुए होमगार्ड्स विभाग के कम्पनी कमांडर जगदम्बा प्रसाद तिवारी , गार्ड शंकर विश्वकर्मा, दया राम गुप्ता, सूर्य पाल यादव, हरिवंश सिंह, प्रेम चन्द बिंद ने सभी के प्रति आभार जताया। संचालन होमगार्ड संघ सुईथाकला के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया।इस दौरान देवी प्रसाद यादव, प्रवीन सेन उपाध्याय, जयनारायण पाण्डेय, हरि ओम पाण्डेय, संतोष, राजशेखर आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना विभाग की समस्या समाधान के लिये टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गन्ना विकास विभाग पीलीभीत से जुडी समस्याओ के त्वरित निस्तारण के लिए किसान भाई गन्ना आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18001213203 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। किसान भाई अपनी शिकायत को मोबाइल नंबर 7081202121 पर अपनी समस्या लिखकर व्हाट्सप्प भी कर सकते हैं द्य अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा अपनी गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से उनके सी.यू.जी. नंबर पर बात कर सकते हैं। गन्ना सर्वे, ज़मीन दर्ज कराने के सम्बन्ध मे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत 7081202507, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा 7081202511, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मझोला 7081202510, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर 7081202509, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर 7081202508, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर दर्ज कराने एवं गन्ना कैलेंडर सम्बंधित जानकारी के लियें सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर एवं पूरनपुर -7081202327, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत एवं मझोला 7081202337 मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर 7880888964 मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर 7880888969 पर सम्पर्क कर सकते हैं द्य सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक एवं गन्ना पर्वेक्षको को निर्देशित किया गया हैं कि वह सी.यू.जी. नंबर पर आने वाली हर कॉल का विवरण रखे तथा किसानो की समस्याओ का नियमानुसार निस्तारण करे किसी भी अधिकारी / कर्मचारी का मोबाइल नंबर यदि बंद पाया जाता हैं तो उसके खिलाफ कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी द्य सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक / सचिव प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय मे अनिवार्य रूप से बैठेंगे द्य यदि कोई कर्मचारी किसान की बात को नहीं सुनता हैं तो वह जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत के सी. यू. जी. नंबर 7081202230 पर कॉल करके अपनी समस्या बता सकता हैं।
सभी चीनी मिलो गन्ना विकास परिषदों एवं गन्ना विकास समितियों पर किसान हेल्प डेस्क स्थापित हैं किसान भाई वहाँ जाकर अपनी समस्या बता सकते हैं।
सभी गन्ना किसान भाइयो से अनुरोध है।
कि समस्या के त्वरित निस्तारण के लिये विभागीय अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करे।

## पूरनपुर कोतवाली में तैनात दरोगा अजय वीर को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** पूरनपुर कोतवाली में तैनात दरोगा अजय वीर सिंह को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। फरियादियों से अभद्रता और मनमानी को लेकर दरोगा बीते लंबे समय से चर्चा में थे।दरोगा के हटाए जाने के बाद से महकमे में खलबली मची हुई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी कुछ पुलिसकर्मियों की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है। पूरनपुर कोतवाली में तैनात रहे उपनिरीक्षक बीते लंबे समय से अपनी मनमानी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे थे। फरियादियों से अभद्रता और उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने को लेकर फरियादी लगातार चक्कर काट रहे थे। पीड़ित फरियादी ने उप निरीक्षक की शिकायत जनप्रतिनिधियों से भी की। 29 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने पूरनपुर कोतवाली में तैनात दरोगा अजयवीर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इनके अलावा एसओजी उप निरीक्षक हरीश शर्मा, न्यूरिया थाना में तैनात उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह को भी लाइन हाजिर किया गया।

# उद्योग व्यापार प्रीतिनिधि मंडल ने किया ज़िले की पुलिस को सम्मानित






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के बड़े आपराधिक मामलों का पुलिस द्वारा तत्काल खुलासा करने पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के पुलिस अधीक्षक और ज़िले की पुलिस टीम को आज सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय को ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा जनता वा समाज द्वारा सम्मानित करने के बाद पुलिस की ज़िम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं। अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार को ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने सम्मानित किया जिस पर उन्होंने सभी का धन्यवाद प्रकट कर सभी व्यापारियों से अनुरोध किया की वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसी टीवी कैमरा ज़रूर लगवाएं।सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी को प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल ने सम्मानित कर उनके कार्यों वा हर समय जनता के लिए उपलब्ध रहने की प्रशंसा की। प्रशिक्षु डिप्टी एस पी, सुश्री उपासना पांडेय व महिला सब इंस्पेक्टर सोनी राजोरा को महिला ज़िला अध्यक्ष कंचन सक्सेना ने सम्मानित किया।नरेश कुमार त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली पीलीभीत के 2.5 वर्ष के कार्यकाल मे व्यापारी समाज व जनता से समन्वय स्थापित करते हुए कई सराहनीय कार्य किये जिसके लिए उनको नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने सम्मानित किया।प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह द्वारा हाल ही में मंदिर जाते समय एक व्यापारी की पत्नी से अपराधियों द्वारा चैन लूट ली गयी थी जिसका प्रभारी निरीक्षक व उनकी टीम द्वारा 4 घंटे मे सफल अनावरण कर लिया गया इनके द्वारा गजरौला मे तैनाती के दौराना महिला अधिवक्ता के साथ ऐसीड अटैक की घटना व वन विभाग कर्मी की बन्दूक लूट का सफल अनावरण करने पर ज़िला चेयरमैन अनिल महेद्रु ने सम्मानित किया गया। थाना सुनगढ़ी के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय बल्लभ नगर मे एक किरायदार द्वारा चोरी करने वा एक पिकअप गाड़ी के लूट का सफल अनावरण करने पर ज़िला संरक्षक प्रकाश वीर ने सम्मानित किया।महिला थाना प्रभारी रीना सिंह महिला ज़िला अध्यक्ष कंचन सिंह ने सम्मानित किया।अन्य सम्मानित होने वाले अधिकारीयों मे दीपक शुक्ला प्रभारी घूंगचाई, मुकेश शुक्ला, प्रभारी बरखेड़ा, अमित कुमार पी आर ओ पुलिस अधीक्षक, सिद्धांत शुक्ला प्रभारी चौकी आसाम रोड, सुनील शर्मा, प्रभारी सरविलान्स, क्रांतिवीर, प्रभारी एस ओ जी, दीप चंद, प्रभारी खकरा, मनवीर सिंह, प्रभारी ठेका, सब इंस्पेक्टर हेमंत, कांस्टेबल आशु कुमार, कांस्टेबल प्राची शर्मा, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी के अलावा, अनिल महेद्रु, पंकज अग्रवाल, प्रकाश वीर, राजेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, विक्रांत शर्मा, संजय पांडे, सुनील वर्मा, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, राशिद अंसारी, गौतम गोहा, शैली शर्मा, आशीष लोधी, ऋषभ सिंह, मुस्तकीम मलिक, महिला अध्यक्ष कंचन सक्सेना, पूरनपुर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, बीसलपुर अध्यक्ष राकेश मित्तल, बिलसडा अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी, मझोला अध्यक्ष अजय गोयल, अमरिया अध्यक्ष असगर अली, आदि उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र न्यूरिया का किया औचक निरीक्षण



- साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश समय पर उपस्थित रहते हुए डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा करायें उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील सदर क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र न्यूरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर मौके पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ रजिस्टर चेक सहित अन्य अभिलेखों को चेक किया। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव व मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डॉक्टर समय पर उपस्थित रहते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे कि आम जनमानस को असुविधा न हो।
अस्पताल में दवाइयां के उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने ब्रह्मचारी घाट द्वार की रखी आधारशिला





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज रविवार को आयुर्वेदिक कॉलेज रोड पर ब्रह्मचारी घाट द्वारा की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारी घाट एवं गौरीशंकर मंदिर तथा सत्यनारायण मंदिर जाने वाली श्रद्धालुओं के लिए यह प्रवेश द्वार एक यादगार स्तंभ के रूप में कायम रहेगा उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारी घाट एवं गौरी शंकर मंदिर आदि धार्मिक स्थल पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थल हैं। जो धार्मिक आस्थाओं का केंद्र है और जन-जन की श्रद्धा के प्रतीक है खास तौर पर महाशिवरात्रि के मौके पर यहां बड़ी संख्या में लोग भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।
इस प्रवेश द्वार का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा भूमि पूजन एवं आधारशिला रखे जाने कार्यक्रम में सभासद पुष्पा उपाध्याय साकेत साकेत सक्सेना रईस अहमद कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा नगर उपाध्यक्ष अमरीश शर्मा और अंबू वतनदीप मिश्रा संजय मिश्रा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पालिका सभासद एवं पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक गण मौजूद रहे।
भूमि पूजन एवं आधारशिला का कार्यक्रम विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

## बेटियों के पिता को कचरे में मिला नवजात

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

शनिवार सुबह 4:30 बजे थे और शिवशक्तिनगर माधवपुरम में महिलाएं मंदिर जा रही थीं। रास्ते में पड़े कचरे के ढेर से बच्चे के रोने की आवाज सुनकर चार-पांच महिलाएं सहम गईं। महिलाओं ने शोर मचाया। कुछ लोगों ने देखा तो एक नवजात पड़ा था। चार बेटियों के पिता प्रदीप वर्मा ने नवजात को उठाकर सीने से लगाया और घर ले आए। चार बेटियां नवजात को भाई मानकर ख्याल रखने लगीं, लेकिन आठ घंटे बाद दोपहर करीब 12:30 बजे कानून का हवाला देकर नवजात को परिवार से अलग कर पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया। नवजात शिव शिक्तनगर में भाजपा पार्षद दीपक वर्मा के आवास के पास मिला था। बच्चा स्वस्थ है। वह खून से लथपथ था, जिससे अनुमान है कि दो-तीन घंटे पहले ही उसने जन्म लिया है। उसके माता-पिता कौन हैं और उसे कचरे में क्यों फेंका गया।

# विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप, वन विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



हजारा। बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज की वन चौकी कबीरगंज के अंतर्गत एक किसान के खेत में विशालकाय अजगर निकलने से वहां काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया खेत स्वामी ने वन विभाग को सूचना दिया जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विशालकाय अजगर को बड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा जिसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।
बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज की कबीरगंज वन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कबीरगंज का मजरा नानक फार्म निवासी किसान काका सिंह के खेत में रविवार को एक विशालकाय अजगर निकल पड़ा जिसे देख वहां काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया खेत स्वामी काका सिंह ने संपूर्णानगर वन विभाग को सूचना दिया जिस पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार के दिशा निर्देश पर वन दारोगा सधन लाल वनरक्षक हीरालाल एवं सांपों को पकड़ने में माहिर वनकर्मी रामकुमार उर्फ शेरा, शोभनाथ टीम के साथ मौके पर पहुंच कर विशालकाय अजगर को पकड़ने लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए बहुत ही मशक्कत के बाद उसे पकड़ कर बोरे में कैद करते हुए सिंगाही खुर्द के जंगल में सुरक्षित छोड़ गया है।

## बेटे को मिली प्यार की मंजिल

**जन एक्सप्रेस । बिजनौर**

सजातीय युवक-युवती की प्रेम कहानी के सुखद अंत के बीच प्रेमी की 80 वर्षीय बूढ़ी मां और छोटे भाई-बहन को पंचों ने सजा सुना दी। पंचायत ने परिवार का गांव से बहिष्कार करने का एलान कर दिया। किसी भी आयोजन में न्योता न देने और किसी के खेत में घुसने तक पर पाबंदी लगा दी।
इस तुगलकी फरमान से परिवार का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस-प्रशासनिक के अधिकारी तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।मामला स्योहारा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। अनुसूचित जाति की युवती अपने लग्न रिश्ते से तीन दिन पूर्व घर के सामने ही रहने वाले सजातीय युवक के साथ चली गई थी।
पुलिस ने दोनों को बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने दोनों को बालिग मानते हुए साथ रहने की इजाजत दे दी।

## जेई पर ठेकेदार ने सरिया से किया हमला, तमंचा लगाकर मोबाइल से पैसा ट्रांसफर कराया

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** जफराबाद। क्षेत्र के वशीरपुर गांव में शनिवार की शाम को ठेकेदार ने जेई पर सरिया से हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया।वहां मौजूद प्रोजेक्ट मैनेजर से तमंचे लगाकर मोबाइल से पांच हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिया।घटना से दहशत व्याप्त हो गयी। शासन द्वारा गांव गांव जल शक्ति मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। वसीरपुर गांव में काम सविजय सिंह गौरव सिंह इंफ्राक़ाम लिमिटेड कंपनी करवा रही है।देर शाम को कम्पनी के जेई लवकुश सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी मचहरी थाना चिकासी जनपद हमीरपुर प्रोजेक्ट मैनेजर अतुल शर्मा पुत्र अमित शर्मा निवासी रसड़ा बलिया के साथ साइड पर पहुंच गए।वहां पर उन्होंने ठेकेदार कुंदन यादव पुत्र रामप्रवेश यादव निवासी बहादुरपुर थाना जलालपुर से पाइपलाइन का हाइड्रोटेस्ट करवाया।टेस्ट में लीकेज पाया गया।कुंदन यादव ने कहा कि लीकेज के बाद भी टेस्ट को रिलीज कर दें।तब जेई लवकुश सिंह ने कहा कि अभी नही करूंगा।सुबह कर दूंगा।यह कहकर वह अतुल शर्मा के साथ बॉइक लेकर जाने लगे।तभी कुंदन ने वहां पड़ी सरिया से उनके ऊपर हमला कर दिया।हेलमेट के चलते सिर तो बच गया परन्तु नाक,व चेहरे आदि पर गम्भीर चोट आयी।

## बीमे की रकम हड़पने के लिए मौत का ड्रामा

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मुथूट फाइनेंस से लिए गए लोन की रकम हड़पने के लिए खुद को मृत घोषित करने वाला युवक जिंदा मिला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुथूट फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ओमप्रकाश ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि खेकड़ा के रहने वाले सुधीर ने वर्ष 2022 में मुथूट फाइनेंस कंपनी से 35 हजार रुपये का लोन लिया था। इसके बाद युवक ने 21 किस्त जमा करा दी, लेकिन बाद में तीन किस्त जमा करने में आनाकानी करने लगा। 2024 में सुधीर ने खुद को मृत घोषित करने का ड्रामा रच दिया।

# घराती–बराती भिड़े, घराती की मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जंघई। जौनपुर प्रयागराज सीमा से सटे सराय ममरेज थाना क्षेत्र के भुलेन्द्र गाँव में बीती रात आयी बारात मे खाना खाने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हो गया देखते है देखते मारपीट शुरू हो गया जिसमे एक घराती की मौत हो गयी रात में ही बाराती भाग लिए कुछ बारातियों को घरातियो ने बंधक बना लिया। सराय ममरेज थाना के जंघई चौकी अन्तर्गत भूलेन्द्र गांव में शनिवार रात 11 बजे भदोही जिले के महबूबपुर कुकरौठी से राजनारायण गौतम के यहा बारात आयी थी।बताते है की बारात में खाना खाने के बाद बारातियों की तरफ से कहां सुनी हो गई देखते ही देखते मारपीट हो गयी मारपीट में लड़की पक्ष के पप्पू गौतम 55 के सिर में चोट लगने से इलाज के लिए प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी जंघई चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते रात मे बाराती भाग गये कुछ बारातियों को घरातियो ने बंधक बना लिया रात मे पहुंची पुलिस ने बंधक बारातियों को छुड़ाकर तथा शव को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया लड़की पछ ने विदाई के लिए मना कर दिया गांव के संभ्रांत व्यक्ति पुर्व प्रधान अवध नारायण यादव, मिथलेश यादव राकेश गौतम जंघई पुलिस के मौजूदगी में लड़की की विदाई करवाई गई। लड़का पक्ष और लड़की पक्ष को जंघई पुलिस ने सरायममरेज थाना ले गई।
थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह का कहना है कि भूलेन्द्र गांव के राजनारायण गौतम के यहां बारात आई थी खाना खाने के बाद कुछ बारातियों और घरातीयों में कहां सुनी हुई धक्का मुक्की के बीच भूलेन्द्र गांव के पप्पू गौतम के शीर में चोट लग गई इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है पांच बारातियों से अभी सरायममरेज थाने में पुछताछ की जा रही है जो भी दोषी होगा बक्शा नहीं जाएगा

# प्रधान, सचिव के भ्रष्टाचार की ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

- तालाब खुदाई मे फर्जी तैयार कराया मास्टर रोल, अपलोड किए गए पुराने फोटोज
- आरोप- प्रधान द्वारा पति, चाचा, चाची व आंगनबाड़ी आया के नाम निकाला गया पैसा







**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

भ्रष्टाचार की बुनियाद जनपद में मजबूत बड़ी है, और भ्रष्टाचारियों के बंधन से जिम्मेदारो के हाथ जकड़े हुए हैं, कहना गलत नही होगा। परिणाम स्वरूप शीर्ष अधिकारियों तक शिकायतें कार्रवाई के इंतजार मे हैं, नतीजा सिफर दृष्टिगोचर है। भ्रष्टाचार के अनेक प्रकरण आये दिन अख़बारों की सुर्ख़ियों में रहते हैं। जानकारी के मुताबिक ताजातरीन प्रकरण विकास खण्ड रामनगर क्षेत्र का है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, प्रधान पति व सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरियारपुर में तालाब खुदाई के नाम पर श्रमिकों के पुराने फोटो अपलोड कर आनलाइन हाजिरी लगाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया गया। ग्रामीण उदय कुमार चतुर्वेदी, आलोक, सुनील कुमार व जुगेराज ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि तालाब गाटा संख्या 239 के खुदाई का कार्य विगत 20 अक्टूबर से 18 नवम्बर तक ग्राम प्रधान व प्रधानपति एवं सचिव द्वारा साठगांठ कर बिना मजदूर लगाये पहले मास्टर रोल में करीब 45 मजदूर व दूसरी बार में लगभग 64 मजदूर की हाजरी लगाकर आनलाइन पुराने फर्जी फोटो अपलोड कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जबकि हकीकत में 19 नवम्बर तक उक्त गाटा संख्या में कोई तालाब खुदाई का कार्य नही हुआ है। ग्रामीणों ने साक्ष्य स्वरूप तालाब भूमि का जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो शिकायत के साथ सौंपा है। ग्रामीणो का कहना है कि तालाब का जो काम दिखाया जा रहा है, उसकी जांच की जाये। जीपीएस युक्त वीडियो भी उपलब्ध है। आरोप यह भी है कि इस तालाब पर पूर्व में भी इसी तरह का भ्रष्टाचार किया गया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा लिखित में की गई थी। जिसमें प्रधान पति स्वयं के नाम व चाचा, चाची के नाम तथा आंगनबाड़ी आया एवं छात्रों आदि के नाम फर्जी हाजिरी भरकर भुगतान कराने का प्रयास किया गया था, जिसमें तत्कालिक बीडीओ द्वारा भुगतान पर रोक लगाकर जांच कराई गई थी। जांच में शिकायत सत्य पाई गई, जिसका भुगतान नहीं किया गया था। शिकायत पत्र में आगे कहा गया है कि 19 नवम्बर को खण्ड विकास अधिकारी व 21 नवम्बर को उपजिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिसकी जांच होने की सूचना पर प्रधान द्वारा 22 नवम्बर को चार लेबर लगाकर तालाब मे लगी घास की सफाई करायी गई, जिसका फोटो व वीडियो सौंपा है। ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत मे संलग्न साक्ष्यों के साथ ही प्रधानपति व पारिवारिक सदस्य बब्लू एवं पंक्षी पत्नी बब्लू तथा आंगनबाड़ी आया रामादेवी के नाम पर पूर्व में पैसा निकाला गया है, उसकी भी जांच कर कार्रवाई की अर्जी लगाई है।

## अभिनेता आदित्य ओम ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



बच्चों के लिए पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद जितना ज़रूरी है, उतना ही ज़रूरी है फिल्में देखना भी। बच्चों पर बनी फिल्मों को देखने से आपके बच्चे बिगड़ेंगे नहीं। बल्कि इन फिल्मों से तो उन्हें शिक्षा मिलेगी और बहुत कुछ सीखने को मिलगा। यह बात रविवार को फिल्म निर्माता, समाजसेवक और तेलुगु फिल्मों के अभिनेता आदित्य ओम ने देवा रोड स्थित गांधी भवन में नौनिहालों को गर्म कपड़े बांटने के दौरान कही। श्री ओम सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके पिता स्व. रमाशंकर सिंह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे है। 80 के दशक में बाराबंकी में एडीएम रहते हुए उन्होनें कई सराहनीय कार्य किए। पिता की बताई सीख को आत्मसात करते हुए श्री ओम ने तेलंगाना में चेरूपल्ली व आंध्रा में चार गांव को गोद ले रखा हैं। वह अपने एनजीओ 'एडुलाइटमेंट' के तहत पिछले दो दशक से साथ शैक्षिक सुधारों के लिए भी काम कर रहे हैं। उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर फिल्मों का निर्माण व निर्देशन कर फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई हैं। इस मौके पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा, महात्मा गांधी स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई, मुजीब अहमद, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, अहमद सईद, सत्यवान वर्मा, राजू सिंह, लखकुश आनंद, बराती लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए तनुज व सुरेश यादव



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

रविवार को विकास खंड बंकी की ग्राम संदौली उमरपुर स्थित प्रयाग पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का सांसद तनुज पुनिया एवं सदर विधायक सुरेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चो के सामाजिक कर्तव्य बोध का मूल्यांकन होता है यह अभिभावकों के लिए भी अपने बच्चो में ज्ञान के स्तर को परखने का अच्छा अवसर है। वहीं विधायक सुरेष यादव ने कहा कि शिक्षा के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे समय का सदुपयोग न करे। इस अवसर प्रबंधक रामचंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख आशा यादव, प्रधानाचार्या ज्योति यादव, उदय यादव, शिवा यादव, बाबुल मिश्रा, यूसुफ अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे।

## कनक हॉस्पिटल में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगते ही युवती की मौत




- कुछ महीने पहले एसडीएम रश्मि लंबा वी डॉ दिलीप कटियार द्वारा सील किया गया था

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर उत्तरीपूरा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के फल फूल रहे हैं जिसके चलते आए दिन किसी न किसी नर्सिंग होम में गलत इलाज के दौरान महिलाओं की जाने जा रही है ऐसा ही कुछ मामला उत्तरी पूरा गल्ला मंडी स्थित कनक हॉस्पिटल का है जहां पर कनक हॉस्पिटल के संचालक व स्टाफ कार्यकर्ताओं की लापरवाही के चलते एक युवती की जान चली गई उत्तरी पूरा में रिश्तेदारी में आई शिवानी पुत्री मनमोहन उम्र 19 वर्ष निवासी शेखू थाना साहिल जिला औरैया की युवती शिवानी इलाज के लिए उत्तरी पूरा कनक हॉस्पिटल में भर्ती हुई थी ठीक-ठाक लेकिन संचालक व स्टाफ के द्वारा गलत इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया जिसके बाद परिजनों द्वारा नर्सिंग होम में जमकर हंगामा काटा गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों से तहरीर मांगी लेकिन परिजनों द्वारा तहरीर ना देकर कार्रवाई करने से मना किया गया इसके बाद परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए कनक हॉस्पिटल के आदमखोर अब तक चार की जान ले चुके है।

बिल्हौर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिलीप कुमार कटियार ने बताया कि मामला जानकारी में आया है

पहले भी कनक हॉस्पिटल को बंद कराया गया था लेकिन फिर बिना किसी सूचना के अस्पताल संचालक ने चालू कर दिया है अस्पताल संचालक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्हौर कस्बा स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में 20वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय रोजवेल पब्लिक स्कूल सुभानपुर ने अपना 20 वां वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आमरेन्द्र श्रीवास्तव व श्री विवेक श्रीवास्तव ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता श्रीवास्तव श्रीमती सुनीता श्री नीलेश श्रीवास्तव व श्री मुलायम सिंह जी ने सरस्वती पूजन किया तथा तनिशी गौरी सर्ष्टि साक्षी, आ?द्या, खुशी आराध्या अस्मिता ने सुन्दर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पी जी कक्षा के नन्हें मुन्ने बच्चों अ?विका गौरी, आशी ओजश्वी अयाश अमन अर्पित सात्विक, श्रेयांश, ने आज है सन्डे की प्रस्तुत कर छुट्टी पर बच्चों को होने वाली खुशी का इजहार किया। इसी के साथ कक्षा 7 के विद्यार्थियों दीपाली आराध्या, वैष्णवी, अनिका अविका राज ऋषि आदि ने ओल्ड एज होम की शानदार प्रस्तुति के साथ अपने अभिभावकों की सेवा व सम्मान करने का सन्देश दिया। जहाँ एक ओर बच्चों ने इंडियट्स लेजी डांस व हॉरर शो प्रस्तुत कर लोगों को हसाया। वहीं दूसरी ओर देश भक्ति गीत मराठी, राजस्थानी, हरियाणवी डांस, व चार राज्यों का सम्मिलित नृत्य को प्रस्तुत कर लोगों में देश भक्ति की भावना का संचार कर अधरम मधुरम व हर हर शभू नृत्य प्रस्तुत कर धार्मिक भावना का रसपान भी कराया। इन कार्यक्रमों में मिष्ठी आलिया, कृष्णा, हादिया, रोज, अग्रिम, अश अमन, मानवी आयशा, अनुष्का प्राची नव्या, प्रतीक, कृष्णा, आरोही वेदाश, अभिराज आदि बच्चों ने भाग लिया।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष श्रीवास्तव व विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती वदना श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया तथा विद्यालय के चीफ श्री करमुद्दीन व प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी बाजपेई ने सभी का धन्यवाद किया।

आए हुए बच्चों और अभिभावकों का सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी किया गया।

## ददिखा स्थित देसी शराब ठेका में चोरों ने लोहे का गेट काटा चोरी का प्रयास असफल

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर थाना क्षेत्र के ददिखा गांव में देशी शराब ठेके की दुकान में लोहे का गेट काटकर चोरी करने का प्रयास असफल रहा सेल्समेन जितेन्द्र कुमार पुत्र राम रतन निवासी ग्राम हनुमान पुरवा ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ददिखा गांव में अरविंद कुमार की दुकान में देसी शराब ठेका चलता है जिसमें सेल्समैन का काम करता हूं। रविवार सुबह लगभग 10~00 बजे 1 दिसंबर को जब पहुंचा तो देखा चोरों ने वहां पर लोहे का गेट काट कर चोरी करने का प्रयास किया गया लेकिन आहट पाकर वह चोरी करने में सफल नहीं रहे इससे पहले भी तीन बार इसी दुकान पर घटना घट चुकी है लेकिन पुलिस के द्वारा कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया गया जिससे चोरों के हौसले बुलंद है।

बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया है कि प्रार्थना पत्र मिला है सघन पूछताछ और सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन के लिए टीम लगा दी गई है जल्द खुलासा होगा।

## विधायक ने क्षेत्रीय जनता के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

हरैया विधायक अजय सिंह ने रविवार को लजघटा स्थित अपने पैतृक आवास पर क्षेत्रीय जनता के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी।

फिल्म देखने के बाद विधायक और अन्य सभी लोग भावुक हो गए। लोगों ने इस फिल्म की जमकर सराहना की। विधायक ने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट फिल्म न केवल गोधरा कांड की सच्चाई को दिखाता है बल्कि यह भी बताता है कि इतिहास को सही ढंग से पेश करना कितना महत्वपूर्ण है। कहा कि यह फिल्म समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है। इस तरह की फिल्में बनती रहनी चाहिए, जिससे हमारा इतिहास समाज के सामने आये। उन्होंने कहा कि ये फिल्म सभी को देखनी चाहिए। इस फिल्म के माध्यम से गोधरा कांड में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी गई है। कहा कि अतीत का एक ऐसा काला सच दबाया गया था जो इस फिल्म ने उजागर किया है। वहीं फिल्म को देखने के बाद लोगों ने प्रतिक्रिया में कहा कि इस फिल्म दिखाई गयी कहानी एक भयावह सच्चाई को दर्शाती है। कहा कि गोधरा कांड और उसके बाद की घटनाओं पर आधारित फिल्म घटनाओं को समझाने के साथ समाज को जागरूक भी करती है।

फिल्म देखने में कृष्ण चन्द्र सिंह पूर्व प्रमुख, बेचू सिंह पूर्व प्रमुख, गिरिजेश बहादुर सिंह, निर्मल सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय, सत्यदेव सिंह, सूर्य प्रकाश तिवारी, महेन्द्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमरनाथ सिंह, तेज बहादुर सिंह, श्रीराम सिंह, विजय पटेल, अर्जुन सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर आयोजित की गई गोष्ठी




- लोगों को एड्स के लक्षण, बचाव व जागरूकता के बारे में बताया।

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

यूनिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बनकटी के थरौली गांव में विश्व एड्स दिवस पर रविवार को जागरुक गोष्ठी आयोजित किया गया। इसमें एड्स के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

समाजसेवी नितेश शर्मा ने कहा कि एड्स एक भयावह बीमारी है। अन्य बीमारियों को बचाव एवं उपचार से दूर किया जा सकता है। जबकि एड्स को केवल जानकारी के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। समाजसेवी वृहस्पति पाण्डेय ने कहा कि एड्स असुरक्षित रक्त लेने से, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित मां से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में फैलता है। जागरूकता से बचाव ही इसका उपचार है. बबिता गौतम ने उपस्थित लोगों को एड्स के लक्षण, बचाव व जागरूकता के बारे में बताया। सोसायटी के सचिव संजय कुमार गौतम ने कहा कि समय-समय पर लोगों को एड्स से बचाव हेतु जानकारी और जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाते हैं।

जागरूकता रैली और गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रियंका, माधुरी पाण्डेय, उर्मिला देवी, सुशीला देवी, विकास कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, महिलायें उपस्थित रहीं।

## जन्म मृत्यु के भय से मुक्ति का माध्यम भागवत कथा: पंडित राकेश त्रिपाठी




**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

श्रीमद् भागवत कथा मानव को जन्म मृत्यु के भाई से मुक्त करती है। मानव समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने में समर्थ हो सकता है। लेकिन वह कभी भी मृत्यु पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता है। इसका आभास मनुष्य को पूरे जीवन काल रहता है जब भी वह इस पर विचार करता है तो उसके मन में दुख और भय जन्म लेता है। श्रीमद् देवी भागवत कथा के श्रवण मात्र से मानव जन्म मृत्यु के भय से मुक्त हो जाता है। साड़ी इच्छा स्थित इच्छा पूर्ति मां दुर्गा मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् देवी भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को व्यास पीठ से पंडित राकेश त्रिपाठी ने प्रकट किया।

कहा कि मानव प्रभु की भक्ति करके अपने धर्म पथ को सरल और सुगम बना देता है। मानव का यह स्वभाव होना चाहिए कि वह जब सुखी और संपन्न रहे तो सबसे अधिक समय भगवान और भागवत की शरण में बिताए। जिससे कि संकट में वह अपने पुण्य कर्म से शत्रु पर विजय प्राप्त कर सके।

कथा में दुर्गेश कुमार मिश्र, भारत नाथ यादव, विनोद यादव, सुभावती, राम जनक, श्रीराम पांडेय, चंद्रावती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीपीएस कॉलेज में 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ को भूमि पूजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में ककवन कस्बा क्षेत्र के डीपीएसएन इंटर कॉलेज में आगामी दस दिसंबर से होने वाले तीन दिवसीय 24 कुंडीय शक्ति संव?र्द्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमिपूजन और ध्वजारोहण कार्यक्रम रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। पूजन में क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस संबंध में अखिल विश्व गायत्री परिवार ककवन सदस्यों ने बताया कि आगामी दस दिसंबर 2025 को आरंभ होने वाले तीन दिवसीय 24 कुंडीय शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा और शांतिकुंज हरिद्वार से पधारने वाले मनीषियों व सुविज्ञ संगीतज्ञों ने संध्या कालीन संगीतमय प्रवचन, साथ 33 कोटि देवताओं का आह्वान, 24 कुंड में गायत्री मंत्र,

महामृत्युंजय मंत्र, सूर्य मंत्र, रुद्र मंत्र व अन्य वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 24 प्रधान यजमानों ने ऋषियों के अन्वेषण से प्राप्त 85 प्रकार के दुर्लभ जड़ी-बूटियों से निर्मित शाक्ल्य से आहूति दी जाएगी।

इस महायज्ञ में प्रधान यजमानों के अलावा अन्य सभी आगंतुक आहुति दे सकेंगे।

### तृतीय दिन पुन

गायत्री महायज्ञ और विभिन्न सनातन संस्कार जैसे पुंसवन, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत, दीक्षा आदि निःशुल्क कराये जायेंगे।

## यातायात माह के समापन पर दिया सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के पालन का संदेश

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**




यातायात पुलिस द्वारा मनाये गये यातायात माह के समापन कार्यक्रम में वाहन चालको को यातायात के नियमों के पालन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

स्थानीय जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मनीष बंसल, एस.एस.पी. रोहित सिह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन,एस.पी. ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, एस.पी.देहात सागर जैन, ए.आर.टी.ओ. एम.पी.सिंह, सी.ओ.(द्वितीय) मुनीश चंद्र व सी.ओ.(सदर) रुचिगुप्ता, सी.एफ.ओ. प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रिया यादव, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान एवं समाजसेवी महेंद्र तनेजा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम मे वैष्णवी नृत्यालय के बच्चो ने कोरियोग्राफर रजना नैब एवं प्रिंसी प्रजेश के निर्देशन में गणेश वंदना प्रस्तुत की। नीर डांस एकेडमी के छात्र नीर टंडन ने कोरियोग्राफर रीतू टंडन के निर्देशन मे अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। पीच ग्रोव स्कूल के बच्चों ने सामुहिक नृत्य के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति दर्शकों को सचेत किया। नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चे समीर गंगोलिया एवं मनप्रीत कौर ने यातायात नियमों के पालन से सम्बंधित भाषण देकर खूब तालियां बटोरी। योगेश पँवार के निर्देशन में मानसी अभिनय गुरुकुल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। एस.पी.ट्रैफिक सिद्वार्थ वर्मा ने डाक्यूमेंट्री के माध्यम से याता?यात के नियम का पालन न करने से होने वाले नुकसान दर्शाया उन्होंने बताया कि यातायात माह के विभिन्न स्कूलों मे कार्यक्रम आयोजित कर 18 हजार स्कूली बच्चों व 22 हजार वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा 27580 वाहनों का चालान काटकर 9 लाख शमन शुल्क वसूल किया गया कार्यकम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से किसी दूसरे व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ सकती है। जीवन रक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। यातायात पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए ही यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराती है। सड़क दुर्घटना होने से जब किसी व्यक्ति की मौत होती है तो उसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पडता है। यदि हम सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाते हैं। तो दुर्घटना होने के बाद भी अधिक शारीरिक हानि नहीं होती। उन्होंने कहा कि बच्चे यह ध्यान रखें कि जब भी अपने माता-पिता के साथ वाहन पर कहीं जाएं तो उन्हें सीट बेल्ट या हेलमेट पहनने के लिए अवश्य कहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह साजवाण ने कहा अधिकांश लोग यातायात नियमों का पालन न करने से दुर्घटना का शिकार होते हैं। दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा की सड़क दुर्घटना में कई लोग विकलांग हो जाते हैं। उन्हें जीवन भर पछताना पड़ता है। यातायात माह का उद्देश्य बच्चों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान ने कार्यक्रम में शामिल बच्चों शिक्षकों एवं सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने एवं दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस दौरान अतिथियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में यातायात प्रभारी अमित तोमर, समाजसेवी गौरव गाबा ,अश्वनी सुखीजा,रूही अंजुम, आरिफ खान, ट्रैफिक चीफ वार्डन डॉ.योगेन्द्र दुधेरा, रोबिन मिड्ढा, निशा शर्मा,अशोक मालिक, सिंपल मकानी,चेतना भूटानी, रीतू टंडन, प्रीति शर्मा, पूनम यादव, टी.एस.आई. लोकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, विजेन्द्र त्यागी, जितेन्द्र सिंह,मौहम्मद अमीर खान,हेड कांस्टेबल निखिल राठी,विनोद कुमार, अजय कुमार,अभिषेक शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय राणा, निखिल कुमार, समाजसेवी अशोक मालिक, के अलावा सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी, नेशनल पब्लिक स्कूल, सहारनपुर पब्लिक, केएलजी पब्लिक स्कूल, मदर टेरेसा पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, खालसा पब्लिक स्कूल, स्काउट एंड गाइड, एन.सी.सी. के मानसी अभिनय गुरुकुल, पीच ग्रोव स्कूल, महाराज सिंह डिग्री कॉलेज के सैकड़ो की संख्या मे शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश शर्मा ने किया।

# सीएम उम्मीदवार का फैसला आज होगा, मैंने बिना शर्त भाजपा नेतृत्व को दिया समर्थन: एकनाथ शिंदे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सभी को नई सरकार के गठन और नए मुख्यमंत्री के नाम का इंतजार है। इन सबके बीच कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अचानक सतारा जाने पर कई सवाल खड़े हो रहे थे। जिसके बाद आज एकनाथ शिंदे ने खुद के सतारा जाने की वजह बताई है। एकनाथ शिंदे ने कहा, व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बाद मैं यहां आराम करने आया था, मैंने सीएम के तौर पर अपने 2.5 साल के कार्यकाल में कोई छुट्टी नहीं ली। इसी वजह से मैं बीमार हुआ, हालांकि मैं अब ठीक हूं। उन्होंने आगे कहा- लोग मुझसे मिलने के लिए यहां आते हैं, यह सरकार लोगों की बात सुनेगी। राज्य के कार्यवाहक सीएम ने राज्य में सरकार के गठन को लेकर कहा कि, मैंने पार्टी (भाजपा) नेतृत्व को बिना शर्त समर्थन दिया है और मैं उनके फैसले का समर्थन करूंगा। पिछले 2.5 सालों में हमारी सरकार के काम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। यही वजह है कि लोगों ने हमें ऐतिहासिक जनादेश दिया है और विपक्ष को विपक्ष का नेता चुनने का मौका नहीं दिया। शिंदे ने कहा, महायुति के तीनों सहयोगी दलों में अच्छी समझ है... सीएम उम्मीदवार का फैसला कल होगा।

### विधानसभा चुनाव में पार्टियों का प्रदर्शन

राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच था। जिसमें महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार गुट की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। महायुति गठबंधन के तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी क्रमशः राज्य की शीर्ष तीन पार्टियां हैं। वहीं इसके उलट महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटें ही हासिल की है। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी ने सिर्फ 10 ही सीटें विधानसभा चुनाव में जीती है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अन्य दलों का प्रदर्शन

वहीं राज्य के विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेने वाली अन्य राजनीतिक दलों की बात करें, तो इसमें समाजवादी पार्टी ने और जन सुराज्य शक्ति ने दो-दो सीटें जीतीं हैं। जबकि राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी, राष्ट्रीय समाज पक्ष, एआईएमआईएम, सीपीआई (एम), पीडब्ल्यूपीआई, राजर्षि साहू विकास अघाड़ी को एक-एक सीटें मिली हैं। वहीं दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है।

# दीवारों पर स्वच्छता का ढिंढोरा आगे लगा गंदगी का अंबार

- महापौर और निगमायुक्त का प्रयास खुद निगमकर्मी कर रहे फेल
- प्रदूषण विभाग के अधिकारी कार्यालय तक सिमटे

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का अभियान शुरू किया था तो लोगों में स्वच्छता की दिशा में आमूलचूल परिवर्तन की उम्मीद जगी थी। साफ-सफाई के लिए घर-घर अलख जगाने के उद्देश्य से स्वच्छता को लेकर भारी भरकम गाइडलाइन भी जारी की गई थी। आम से लेकर खास तक सभी बढ़-चढ़ आगे भी आए। उस समय सरकारी हुक्मरान से लगायत समाजसेवी व नेताओं की दिलचस्पी देख ऐसा लग रहा था कि मानों जल्द ही गंदगी के कलंक से हमे मुक्ति मिलने वाली है। इसी स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम ग़ाज़ियाबाद ने भी करोड़ों रुपया ख़र्च कर शहर की दीवारों पर स्वच्छता स्लोगनों के साथ मुहिम चलायी ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें। लेकिन स्वच्छता के कार्य के लगी कंपनी और निगमकर्मियों की उदासीनता महापौर सुनीता दयाल और निगमायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के मेहनत पर पानी फेरने में लगे हैं। गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद हो या ट्रांस हिंडन का वैशाली ,वसुंधरा, इंदिरापुरम, प्रताप विहार अथवा विजय नगर जोन के क्षेत्र लगभग हर वार्ड अथवा क्षेत्र में कूड़े इकट्ठा करके जगह जगह डंप यार्ड बना दिए जा रहे हैं। जिसका समय से निस्तारण नहीं होने कारण यह स्वास्थ्य और वातावरण के लिए ख़तरनाक साबित होता जा रहा है। नगर निगम सहित सार्वजनिक दीवारों पर स्वच्छता के बड़े बड़े स्लोगन तो लिखे गए परंतु इन दीवारों के नारों का पलीता निगम कर्मचारी ही लगा रहे हैं। ग्रीन बेल्ट की स्थिति जनपद परिक्षेत्र में कुछ ज्यादा ही सोचनीय है । जनपद मुख्यालय तक तो अधिकारियों की सक्रियता से हाल ठीक है लेकिन अन्य क्षेत्रों का हाल बाद से बदतर होता जा रहा है । यहाँ बिखरा कचरा हवा के झोंके के साथ हमेशा लोगों का स्वागत करने को बेताब रहता है, जिसको देखकर लोग हंसते हुए कहते हैं पहले नगर निगम खुद जागरूक हो फिर नगर के लोगों के बीच जागरूकता पैदा करे। इस कूड़े के अंबार से निकलने वाली सड़ांध बगल से गुजरने वाले लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यह हाल तब है जब आज ग़ाज़ियाबाद का में एयर इंडेक्स 252, इंदिरापुरम में 310, संजय नगर में 162, वसुंधरा और लोनी में 260 से ऊपर रहा। प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय विकास मिश्र से जब कूड़े निस्तारण और प्रदूषण पर कार्यवाही हेतु जानने का प्रयास किया गया तो प्रायः की तरह उनके फोन नहीं उठे। जिससे विभाग की क्रियाशीलता पता चलती है।

### नहीं होता दवाओं का छिड़काव

मच्छरों सहित अन्य कीड़ों का प्रकोप कम करने के लिए नगर निगम द्वारा कीटनाशक का छिड़काव व धुंआ (फ़ॉगिंग) करने का अभियान केवल काग़ज़ों में ही चलाया जाता है। इन सुविधाओं का पर्याप्त लाभ कभी ट्रांसहिंडन सहित सटे इलाके के लोगों को नहीं मिल पाता, उनको पता ही नहीं चलता कि कब यह अभियान चलाया गया? शिकायतों के बाद भी एंटी लार्वा दवा का छिड़काव व फागिंग नहीं कराई जाती है। जबकि निगमायुक्त खुद इसके लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

# 'पूजा स्थलों पर हमला सभ्यतागत विरासत पर निशाना'



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एक स्थानीय अदालत द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण का आदेश देने के कुछ दिनों बाद पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने पीएम मोदी से उन सभी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की जो भारत की सभ्यतागत विरासत पर वैचारिक हमला है। नौकरशाहों और राजनयिकों के समूह ने बताया कि पीएम मोदी ही एक ऐसे अकेले इंसान है जो इन अवैद गतिविधियों को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के वार्षिक उर्स के अवसर पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की थी। इसके जरिए उन्होंने (प्रधानमंत्री) देशवासियों को शांति और सद्भाव का संदेश दिया था।

### इन लोगों ने लिखी चिट्ठी

पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने वाले नौकरशाहों और राजनयिकों में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, यूनाइटेड किंगडम में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शिव मुखर्जी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी, सेना के पूर्व उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रवि वीरा गुप्ता शामिल हैं। उन्होंने चिट्ठी में कहा, पूजा स्थल अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद अदालतें अनुचित मांगों पर जल्दबाजी के साथ प्रतिक्रिया देती हैं। बता दें कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर शरीफ को महादेव का मंदिर बताते हुए अदालत में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने इस मामले को सुनवाई के योग्य मानते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से इस दरगाह पर चादर चढ़ाई जाती है।

### पूजा स्थलों पर वैचारिक हमला सभ्यतागत विरासत पर हमला

पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने वाले समूह ने कहा, विशिष्ट पूजा स्थलों पर वैचारिक हमला हमारी सभ्यतागत विरासत पर हमला है। इससे न तो समाज प्रगति कर सकता है और न ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने आगे कहा, जो घटना गोमांस ले जाने के आरोप में मुस्लिम पुरुषों को धमकाने या पीटने से शुरू हुई, वह निर्दोष लोगों की उनके घरों के भीतर पीट-पीट कर हत्या में बदल गई। हाल के दिनों में मुस्लिम व्यापारिक प्रतिष्ठानों का बहिष्कार करने, मुसलमानों को किराए पर आवास न देने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई। इससे लगभग 1.54 लाख प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं। लाखों लोग बेघर हो गए। चिट्ठी में आगे कहा गया, ये घटनाएं पर्याप्त नहीं थी। मौजूदा समय में हिंदू हित, मध्ययुगीन मस्जिदों और दरगाहों पर पुरातात्विक सर्वेक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी से सबी भारतीयों को यह आश्वस्त करने की अपील की कि सरकार सांप्रदायिक सौहार्द, सद्भाव और एकता बनाए रखने के अपने संकल्प पर दृढ़ रहेगी।

# तीन से अधिक बच्चों को पैदा करने की जरूरत: भागवत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान का हवाला देते हुए बताया कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चला जाता है तो वह समाज धीरे-धीरे पृथ्वी से लुप्त होने की कगार पर होता है। भागवत ने आगे कहा कि दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। हालांकि, उनके इस बयान पर विपक्ष ने प्रतिक्रिया दी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है।

# जब तक कुछ हाथों में ही पैसा रहेगा, तरक्की नहीं हो सकती, देश की अर्थव्यवस्था पर राहुल गांधी का बयान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत की जीडीपी विकास दर के दो साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंचने पर चिंता जताई और कहा कि जब तक कुछ अरबपति ही इसका लाभ उठाते रहेंगे, तब तक देश की अर्थव्यवस्था की तरक्की नहीं हो सकती। राहुल गांधी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई सोच की जरूरत है और कारोबार के लिए एक नया समझौता उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत की जीडीपी वृद्धि दर दो साल में सबसे नीचे 5.4 फीसदी पर आ गई है। बात साफ है- भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती, जब तक इसका फायदा सिर्फ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग और गरीब तरह-तरह की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों। तथ्यों पर नजर डालिए, देखिए स्थिति कितनी चिंताजनक है। उन्होंने आगे लिखा, खुदरा महंगाई दर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। पिछले साल अक्तूबर की तुलना में इस वर्ष आलू और प्याज की कीमत लगभग 50 फीसदी बढ़ गई है। रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। बेरोजगारी पहले ही 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आगे कहा, पिछले पांच वर्षों में मजदूरों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों की आमदनी या तो ठहर गई है या काफी कम हो गई है। उन्होंने लिखा, आमदनी कम होने से मांग में भी कमी आई है। 10 लाख से कम क़ीमत वाले कारों की बिक्री में हिस्सेदारी घटकर 50 फीसदी से कम हो गई है, जो 2018-19 में 80 फीसदी थी। गांधी ने यह भी दावा किया कि सस्ते घरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी घटकर करीब 22 फीसदी रह गई है, जो पिछले साल 38 फीसदी थी। एफएमसीजी उत्पादों की मांग पहले से ही कम होती जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, कॉरपोरेट कर (टैक्स) का हिस्सा पिछले 10 सालों में सात फीसदी कम हुआ है, जबकि आयकर 11 फीसदी बढ़ा है। नोटबंदी और जीएसटी की मार से अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 50 वर्षों में सबसे कम सिर्फ 13 फीसदी रह गया है। ऐसे में नई नौकरियों के अवसर कैसे बनेंगे? इसीलिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नई सोच चाहिए और कारोबार के लिए एक नया समझौता उसका अहम हिस्सा है। सबको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, तभी हमारी अर्थव्यवस्था का पहिया आगे बढ़ेगा।

# सीबीआई की चार्जशीट में खुलासा, संदीप घोष ने दो समूहों को अस्पताल के ठेके दिलाने में की मदद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने कथित तौर पर दो समूहों को अस्पताल के ठेके दिलाने में मदद की, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने हाल ही में दायर अपने आरोपपत्र में ये दावा किया है। वहीं विशेष अदालत ने सीबीआई के इस आरोपपत्र को रिकॉर्ड में ले लिया है, लेकिन उसने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने संदीप घोष और अन्य आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी है। वहीं सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में संदीप घोष, मेडिकल कॉलेज के पूर्व हाउस स्टाफ आशीष कुमार पांडे और मां तारा ट्रेडर्स के व्यवसायी बिप्लब सिंहा, हाजरा मेडिकल की सुमन हाजरा और ईशान कैफे के अफसर अली खान का नाम लिया है।

### विशेष अदालत ने सीबीआई चार्जशीट को रिकॉर्ड में लिया

सीबीआई ने अलीपुर में एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष दायर अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि संदीप घोष ने अस्पताल के कई ठेके हासिल करने में दो समूहों- एक सिंघा और हाजरा की तरफ से संचालित और दूसरा खान की तरफ से संचालित - की मदद की। विशेष न्यायाधीश ने कहा, %सावधानीपूर्वक अध्ययन करने पर पता चला कि सक्षम प्राधिकारी का मंजूरी आदेश अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार, मंजूरी के बिना संज्ञान नहीं लिया गया है। इसे रिकॉर्ड में रखा जाए।

### आरजी कर केस में जांच के घेरे में है संदीप घोष

10 अगस्त को चेस्ट विभाग के सभागार में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के मृत पाए जाने पर अस्पताल ने मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। यह सामने आया कि 9-10 अगस्त की मध्यरात्रि में एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय की तरफ से कथित रूप से उसका दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। जांच में कथित देरी के लिए संदीप घोष भी मामले में जांच के घेरे में थे। इस बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उनके कार्यकाल के दौरान अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया।

# अगले दो दिन संकट में सांसें, बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी में मौसमी दशाओं में बदलाव आने से हवा बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। लंबे समय बाद लोगों ने इस श्रेणी की हवा में सांस ली। इससे लोगों को मामूली राहत मिली है। हालांकि, यह राहत मंगलवार तक ही रहने का अनुमान है। इसके बाद फिर हवाएं बेहद खराब हो सकती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 285 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में है। इसमें 24 घंटे के भीतर 61 सूचकांक की गिरावट आई है। ऐसे में स्मॉग की चादर टूट गई। सीपीसीबी का पूर्वानुमान है कि सोमवार को आसमान में हल्का स्मॉग रहेगा। रात के समय कुहासा छाएगा। ऐसे में अगले दो दिनों तक कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार ही बनी रहेगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति आठ किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। जबकि शाम को हवा की चाल और कम हो गई, जोकि चार किलोमीटर प्रतिघंटे रह गई। ऐसे में आनंद विहार, मुंडका व नेहरु नगर सहित 11 इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब और रोहिणी, अशोक विहार, चांदनी चौक सहित 25 इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा। मिक्सिंग डेप्थ 1150 मीटर रही। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 4000 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 4200 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। सोमवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा चार किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। मंगलवार को हवाएं उत्तर दिशा से चलेंगी।

# नशे में धुत ऑटो चालक ने कई गाड़ियों में मारी टक्कर, मची अफरा-तफ़री

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में ऑटो चालक के कारनामे से हड़कंप मच गया। नशे ऑटो चालक ने एक के बाद के एक करके पांच गाड़ियों में टक्कर मार दिया । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन जनता द्वारा ऑटो का पीछा करके ऑटो चालक को मय गाड़ी काबू किया। जिसमें बैठी दो महिलाएं खुद शोर मचाकर रोकने का प्रयास करते देखी गई। ऑटो चालक की लापरवाही के कारण दोनों महिला सवारियां घायल हो गई थी। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो चालक को काबू किया।पुलिस द्वारा जानकारी लेने पर भी ऑटो चालक भ्रम की स्थिति पैदा करता रहा। ऑटो चालक की इस बड़ी लापरवाही के कारण कई राहगीर और जनता चपेट में आते आते बची।

# स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हुआ हेरफेर, धनखड़ बोले, केवल चुनिंदा लोगों को दिया गया श्रेय

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को दुख जताया कि भारत की इतिहास की किताबों में स्वतंत्रता संग्राम के कुछ नायकों के साथ अन्याय हुआ है, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हेरफेर करके केवल चुनिंदा व्यक्तियों को श्रेय दिया गया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बिना किसी लाग-लपेट के ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति ने किसानों से बातचीत और समझ के माध्यम से समस्याओं के समाधान के लिए काम करने का भी आह्वान किया। राजा महेंद्र प्रताप की 138वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश अपने इतिहास को उन लोगों को कृपालु, चाटुकार, श्रेय देकर पोषित नहीं कर सकता, जिन्होंने निश्चित रूप से भूमिका निभाई, लेकिन दूसरों ने जो भूमिका निभाई, उसे नहीं। हम अपने नायकों को छोटा नहीं होने दे सकते। 22 नवंबर 1957 को लोक सभा में राजा महेन्द्र प्रताप एक प्रस्ताव लाए कि हमें वीर सावरकर, वीरेंद्र कुमार घोष और डॉ. भूपेन्द्रनाथ दत्त को सम्मनित करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने देश के मामलों और आज़ादी में बहुत बड़ा योगदान किया है।

### हम अपने लोगों से नहीं लड़ते हैं: उपराष्ट्रपति

वहीं किसानों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, हमें याद रखना होगा कि हम अपने लोगों से नहीं लड़ते हैं। उन्होंने कहा, जब किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो रहा है, तो कोई कैसे सो सकता है? उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टकराव की नीति खराब कूटनीति है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है, कुछ लोगों का एकाधिकार बनाया गया है, जिससे हमें आजादी मिली है। यह हमारी अंतरात्मा पर असहनीय दर्द है। यह हमारी आत्मा और दिल पर बोझ है।

# नवंबर में मालामाल हुआ सरकारी खजाना, 1.82 लाख करोड़ रूपये का हुआ जीएसटी संग्रह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में सकल जीएसटी संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जीएसटी संग्रह बढ़ने के पीछे की वजह घरेलू लेनदेन के कारण मिला अधिक राजस्व है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा।नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

# भारत विकास परिषद द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



भारत विकास परिषद इंदिरापुरम की शाखा द्वारा शिप्रा में रक्तदान नैत्र जांच शिविर आयुष्मान कार्ड बनवाने का संयुक्त शिविर लगाया गया 31 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। 58 लोगों द्वारा चैत्र चिकित्सा का लाभ लिया गया एवं 39 वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाया गया इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा द्वारा 29वीं बार रक्त दान दिया गया एवं उसके कार्य से परिषद कार्यकर्ता एवं समाज को बड़ी प्रेरणा मिली। शाखा संयोजक अरुण शर्मा ने 16वी बार भी खून देकर उत्साह वर्धन किया बड़ी संख्या में युवक युवतियों समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया एम एम जी हास्पिटल से आई डां उर्वशी एवं डां गुप्ता ने बताया कि हीमोग्लोबिन कम होने के कारण बहुत से लोगों को रक्त देने से वंचित होना पड़ा। उन्होंने लोगों से दिनचर्या एवं भोजन प्रणाली ठीक रख एक घन्टे अपने स्वास्थ्य को देने का आह्वान किया। नेत्र चिकित्सक श्रेया हास्पिटल चैयरमेन डॉ विकास वीलवाल एवं ओमवीर वीलवाल ने बताया कि मोबाइल, कम्प्यूटर से शुगर, बी.पी. व आंखों के विकार बढ़ रहे हैं इन रोगों से बचाव करना चाहिए। डा. स्मृति शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत आयुष्मान कार्ड की सुविधा हेतु निरंतर शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं परिषद के साथियों से सहयोग अपेक्षित है। अंत मे शाखा अध्यक्ष विनिता वाजपेयी रविन्द्र तिवारी महिला संयोजिका रिचा वालिया अनिल गुप्ता वरिष्ठ सदस्य अजेय वालिया राजकुमार अग्रवाल समाज सेवी सतीश शर्मा के साथ शाखा संरक्षक हेमंत वाजपेयी ने सबको घन्यवाद देते हुए परिषद के चतुर्थ कन्यादान योजना को सफल बनाने हेतु जरूरत मंदों तक संदेश पहुंचा विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)